संसेक्स 72,708.16 ▲ +281.52
डॉलर 83.033 ▼ +0.016

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 29.0 | 15.0 | 21.0 |
| धनबाद | 31.0 | 17.0 | 22.0 |
| जमशेदपुर | 36.0 | 18.0 | 27.0 |
| पलामू | 31.0 | 14.0 | 21.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ शुक्ल पक्ष 11, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 20 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 125, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

संपादकीय › भारत का डिजिटल मिशन 2047 के लिए महत्वपूर्ण ...8
एंडरसन की लगातार 3 गेंद पर तीन छक्के ...10 खेल/व्यपार




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# रांची में भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच 23 से, टिकटों की ऑफलाइन बिक्री आज से

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) स्टेडियम में 23 से 27 फरवरी तक भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट खेला जाएगा, जिसके लिए ऑनलाइन टिकटों की बिक्री 16 फरवरी से शुरू हो गई है। वहीं टिकटों की ऑफलाइन बिक्री 20 फरवरी से शुरू होगी। ऑनलाइन खरीदे गए टिकट 20 फरवरी को सुबह 9:30 बजे से स्टेडियम के पश्चिमी गेट पर जाकर भौतिक रूप में लेना होगा। मैच के दिन स्टेडियम में प्रवेश के लिए भौतिक रूप से टिकट अनिवार्य होगा। एक व्यक्ति अधिकतम छह टिकट खरीद सकता है और काउंटर से टिकट लेते समय उसी व्यक्ति का फोटो पहचान पत्र जरूरी है, जिसने टिकट बुक किया है। वहीं ऑफलाइन टिकट पश्चिमी गेट पर बने टिकट काउंटर पर 20 से 22 फरवरी तक सुबह 9.30 बजे से दोपहर एक बजे तक और दोपहर दो बजे से शाम 4.30 बजे तक उपलब्ध होंगे, जिसमें चार काउंटर चालू होंगे। 23 से 27 फरवरी तक मैच के दौरान भी प्रशंसक टिकट ले सकते हैं। टिकटों की खरीद के एक काउंटर चालू होगा।

### भारत-इंग्लैंड की टीमें आज पहुंचेंगी रांची



**रांची।** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी टेस्ट मैच सीरीज का चौथा मैच रांची के झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) स्टेडियम में 23 फरवरी से खेला जाना है। इसके लिए मंगलवार को दोनों देशों की क्रिकेट टीमें रांची पहुंचेंगी। ऐसे में 20 फरवरी से अगले आठ दिनों तक यहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों का जमावड़ा दिखेगा। दोनों टीमें बिरसा मुंडा एयरपोर्ट में दोपहर के बाद आएंगी। एयरपोर्ट से खिलाड़ी अलग-अलग बस में सवार होकर सुरक्षा के बीच होटल रेडिसन ब्लू पहुंचेंगे। 21- 22 को दोनों टीमें जेएससीए में नेट प्रैक्टिस करेंगी। इसके बाद जेएससीए स्टेडियम में भारत-इंग्लैड की टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 23 फरवरी से खेलेगी। फिलहाल, पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत दो-एक से मुकाबला में आगे हैं। भारतीय टीम सीरीज जीतने के लिए यहीं प्रयास करेगी जबकि इंग्लैंड की टीम मुकाबला बराबरी पर रखने की कोशिश करेगी। 28 फरवरी को दोनों टीमें रांची से धर्मशाला के लिए रवाना हो जाएंगी, जहां आखिरी टेस्ट मैच 7-11 मार्च को खेला जाना है। इधर, रांची में जेएससीए स्टेडियम की ओर आने-जाने वाली सड़क को रंग-रोगन कर खूबसूरत बनाया जा रहा है।

### टिकटों की कीमत

| | |
|---|---|
| ए विंग लोअर | : 400 रुपये प्रतिदिन |
| ए विंग लोअर टियर | : 400 रुपये प्रतिदिन |
| बी विंग | : 500 रुपये प्रतिदिन |
| सी विंग लोअर टियर | : 400 रुपये प्रतिदिन |
| डी विंग लोअर टियर | : 400 रुपये प्रतिदिन |
| अमिताभ चौधरी पवेलियन | : 700 रुपये प्रतिदिन |
| प्रेसिडेंट एंक्लोजर | : 2000 रुपये प्रतिदिन |
| हॉस्पिटैलिटी ब्लॉक | : 1500 रुपये प्रतिदिन |
| कॉरपोरेट लाउंज | : 1200 रुपये प्रतिदिन |
| एमएस धोनी पवेलियन लक्जरी | : 2500 रुपये प्रतिदिन हॉस्पिटैलिटी के साथ |

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,000
चांदी (किलो) 71,510

## एक नजर

### खेलों को सेलिब्रेट करना समाज का दायित्व : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को खेलो इंडिया गेम्स पूर्वोत्तर में दिए वीडियो संदेश में कहा कि आज समय की मांग है कि हम खेलों को बढ़ावा देने के साथ ही खेलों को सेलिब्रेट भी करें और ये खिलाड़ियों से ज्यादा समाज का दायित्व है। इस संदर्भ में उन्होंने पूर्वोत्तर की प्रशंसा की और कहा कि पूर्वोत्तर की इस धरती ने खेलों को आगे बढ़ाने की एक संस्कृति विकसित की है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में दिए वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार खेलो इंडिया गेम्स पूर्वोत्तर के सात राज्यों में आयोजित हो रहे हैं। वे पूर्वोत्तर के क्षेत्रों को अष्टलक्ष्मी से जोड़ते हैं। इन खेलों का शुभंकर तितली है। यह इस बात का प्रतीक है कि कैसे पूर्वोत्तर की आकांक्षाएं नए पंख पा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर से दक्षिण और पश्चिम से पूर्वी भारत तक देश के हर कोने में खेलों से जुड़े आयोजन हो रहे हैं। आयोजन बताते हैं कि देश के कोने-कोने में युवाओं को खेलने के लिए ज्यादा से ज्यादा मौके मिल रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने किया तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन

# सभी वर्ग-समुदाय के धार्मिक स्थलों को संरक्षित करना प्राथमिकता : चंपाई सोरेन

- माता भद्रकाली के समक्ष झारखंड वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की
- कहा-पैसों के अभाव में झारखंड के बच्चों की पढ़ाई नहीं छूटने देंगे
- वर्ष 2027 तक 20 लाख आवासविहीन परिवारों को देंगे पक्का मकान




**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी (चतरा)**
मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि समाज के अंदर सबसे ज्यादा देवी मां की ही पूजा-अर्चना की जाती है। संसार में मां का अलग और महत्वपूर्ण स्थान है। चाहे वो भगवान रूपी देवी मां हो या मनुष्य को जन्म देने वाली मां। मां सदैव पूजनीय एवं वंदनीय होती हैं। मनुष्य जीवन को अत्याचार और दुराचार से बचाने के लिए ही देवी मां का अवतरण होता है। मां ही हम सभी की दशा-दिशा तय करती हैं। हम सभी लोग विद्या, ज्ञान के लिए सरस्वती माता का वंदन करते हैं। वहीं सुख समृद्धि और वैभव के लिए लक्ष्मी मां की पूजा-अर्चना करते हैं। इसी प्रकार मां भद्रकाली के पूजन से हम सभी लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने आज चतरा जिले के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त झारखंड वासियों की सुख समृद्धि एवं उन्नति की कामना की है। तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के अवसर पर मैं पूरे राज्यवासियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।
उक्त बातें मुख्यमंत्री ने सोमवार को इटखोरी में माता भद्रकाली मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमारी सरकार ने पहले से ही यह तय कर रखा है कि राज्य के भीतर सभी धर्म-समुदाय के धार्मिक स्थलों को संरक्षित किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ›› शेष पृष्ठ 11 पर

## राज्य का कोई भी व्यक्ति बुनियादी जरूरतों से नहीं रहेगा वंचित : मुख्यमंत्री



**हमारी सरकार राज्य के हर बुजुर्ग, विधवा व दिव्यांग को दे रहे हैं पेंशन**

**20 लाख से ज्यादा लाभुकों को हरे राशन कार्ड के जरिए मुफ्त अनाज दिया जा रहा**

**हजारीबाग।** रोटी, कपड़ा और मकान हर किसी की बुनियादी जरूरत है। राज्य का कोई भी व्यक्ति इससे वंचित नहीं रहेगा, इसके लिए सरकार संकल्पित है। यह बात मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सोमवार को हजारीबाग में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए ये कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को पेंशन मिल रहा है। 20 लाख से ज्यादा लाभुकों को हरा राशन कार्ड के जरिए मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। गरीबों को वर्ष में दो बार धोती, साड़ी और लूंगी दिया जा रहा है। अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख आवासविहीन, गरीब और जरूरतमंद को तीन कमरों का सुसज्जित पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में हमारी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। वर्ष 2027 तक इस राज्य ›› शेष पृष्ठ 11 पर

## अवैध कोयला पकड़ने गई थी डीआईजी की टीम, तस्करों ने कर दिया हमला

- 50-60 तस्करों ने पुलिस टीम पर पथराव कर उनके चंगुल से गाड़ी छुड़ा ले गए
- पथराव करने वाले तस्करों पर हुई प्राथमिकी, एसपी थानेदार को करेंगे शो कॉज : डीआईजी



**रामगढ़।** रामगढ़ और बोकारो जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध कोयले का कारोबार चल रहा है। बेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में इस अवैध कारोबार के खिलाफ वरीय अधिकारियों की टीम भी लगातार छापेमारी कर रही है। रविवार की रात भी हजारीबाग डीआईजी की टीम रामगढ़ जिले में छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान यह टीम वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के जंगली इलाके में घुस गई। वहां कोयले से लदी गाड़ी भी इस टीम ने पकड़ी। लेकिन जैसे ही उस गाड़ी को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया, कोयला तस्करों का गिरोह उनपर हावी हो गया। 50-60 तस्करों के द्वारा पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया गया और उन लोगों ने पुलिस के चंगुल से कोयल लदी गाड़ी छुड़ा ली।
**कलाली मोड़ के निकट हुआ हमला :** पुलिस टीम पर बेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के कलाली मोड़ के पास यह घटना घटी। जानकारी के अनुसार वह क्षेत्र नक्सलियों का इलाका माना जाता है। वहां से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर बोकारो जिले में तीन दिनों तक नक्सलियों और सीआरपीएफ के जवानों के बीच मुठभेड़ चली थी। अभी भी उसे ›› शेष पृष्ठ 11 पर

### एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई में जुटी पुलिस

## शिवलिंग तोड़ने से जाटा गांव में तनाव

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के जाटा गांव के घिहवा नदी किनारे स्थित प्राचीन शिव मंदिर से शिवलिंग तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। शिवलिंग तोड़े जाने से स्थानीय हिंदू समुदाय के लोगों में भारी आक्रोश है। तनाव के बीच उक्त मामले में स्थानीय लोगों ने गढ़वा थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि रविवार देर रात कुछ असामाजिक तत्वों ने जहां शिवलिंग और भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ की वहीं अष्टधातु के त्रिशूल को भी उखाड़ कर ले गये। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त प्राचीन शिव मंदिर में गांव के लोग काफी दिनों से पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। राजेश मेहता, रंजीत कुमार विश्वकर्मा,विजय कुमार मेहता, प्रेम दीवाना सहित भारी संख्या में ग्रामीणों ने थाने में आवेदन देकर दोषियों के विरूद्ध तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी केके साहू ने बताया कि ग्रामीणों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## इंडिया — उत्तराखंड और झारखंड में मनुष्यों और वन्य जीवों का टकराव घातक संकेत


सुनील बादल

**उत्तराखंड** और झारखंड में मनुष्यों और वन्य जीवों का टकराव लगातार बढ़ रहा है। उत्तराखंड में तेंदुए और बाघों के आक्रामक तेवर इस टकराव को खूनी बना रहे हैं तो गजराज झारखंड के गांवों में तोड़ फोड़ मचाकर वन विभाग के साथ समाज से सवाल पूछ रहे हैं। प्रकृति के अनुपम उपहार देवभूमि में टकराव घर के आंगन में अकेले खेलते अबोध बालक को उठाकर ले जाने तक पहुंच चुके हैं। राजधानी देहरादून से लेकर राज्य के दूर के गांवों तक में बाघों और तेंदुओं (गुलदारों) का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि देहरादून में वन विभाग की टीमों को रात में गश्त लगानी पड़ रही है और श्रीनगर में रात का कर्फ्यू लगा दिया गया है।वनों की बहुलता वाला राज्य उत्तराखंड कई मामलों में अनूठा है। बाघ और गुलदारों की संख्या बढ़ने के साथ ही राज्य में स्नो लैपर्ड की तादाद में भी काफी वृद्धि दर्ज हुई है। केवल इतना ही होता, तो यह प्रकृति प्रेमियों के लिए खुशखबरी होती, पर वन्य जीवों की आबादी बढ़ने के साथ ही इंसानों से उनके टकराव का हिंसक होते जाना एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। राज्य बनने के बाद से 2023 तक उत्तराखंड में बाघों व गुलदारों ने 514 से अधिक लोगों की जान ली है। इस दौरान 1,850 से अधिक लोग वन्य जीवों के हमलों में घायल हुए हैं। भालुओं, हाथियों, जंगली सुअरों के हमलों में मारे जाने वालों की संख्या भी सैकड़ों में है। देहरादून में गुलदार के बार-बार घुस आने और कई इलाकों में हमलों की घटनाएं होने के कारण लोग दहशत में हैं। राजधानी देहरादून की घनी आबादी वाले इलाके गढ़ी कैंट, रेसकोर्स, धर्मपुर, एफआरआई, घंघोड़ा, कौलागढ़ आदि में गुलदार अक्सर घूमते देखे गए हैं। यही नहीं, गुलदार को जल्द पकड़ने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन भी होने लगे हैं।इस चुनौती से निपटने के लिए कोई प्रयास न किया गया हो, ऐसा भी नहीं है। वन्य जीवों के हमलों में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को दिए जाने वाले मुआवजे की राशि बढ़ाई गई है और वनों तथा वन्य जीव अभयारण्यों के नजदीक रहने वाले लोगों को जागरूक करने के लिए भी कदम उठाए गए हैं, पर टकराव कम होते नजर नहीं आते।



उत्तराखंड में गुलदारों की संख्या काफी बढ़ गई है। वर्ष 2015 में गुलदारों की संख्या 2,335 थी, जो 2023 तक 3,115 तक पहुंच चुकी है। इस बीच बाघों की आबादी बढ़कर 560 पहुंच गई है। वन विभाग के अधिकारी राज्य को विश्व में बाघों की आबादी के हिसाब से सबसे अधिक घनत्व वाला राज्य बताते हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, बीते 16 वर्षों में उत्तराखंड में बाघों की संख्या में 314 प्रतिशत इजाफा हुआ है।मगर बाघ, गुलदार, हाथी, भालू और सांप जिस तरह लोगों की जान ले रहे हैं, वह इंसानों पर तो भारी पड़ ही रहा है, इन वन्य जीवों के लिए भी कम खतरा नहीं है। इंसानों से बढ़ते टकराव उनके लिए भी खतरा पैदा कर रहे हैं। जंगलों में वन्य जीवों का घनत्व बढ़ना और जंगलों के आसपास इंसानी आबादी में लगातार वृद्धि इस संघर्ष की एक बड़ी वजह मानी जा रही है। वन्य जीवों की आबादी बढ़ने पर गर्व करने के बजाय इस खूनी संघर्ष ने सरकार को भी चिंता में डाल दिया है। राज्य सरकार ने अब इसे रोकने के लिए नई रणनीति बनाई है। राज्य वन मंत्री सुबोध उनियाल कहते हैं कि जंगलों की सीमा पर बसे गांवों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जा रही है और बड़ी घास व झाड़ियों को काटने के लिए वन विभाग को मशीनें दी जा रही हैं। आम लोगों में जागरूकता लाए बगैर इस टकराव को नहीं रोका जा सकता। इसलिए जागरूकता लाने के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं। जंगलों में कैमरा ट्रैप बढ़ा दिए गए हैं, ताकि वन्य जीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। जहां गतिविधियां अधिक होंगी, उस क्षेत्र के लोगों को सर्तक कर दिया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के जंगलों की वन्य जीव क्षमता का अध्ययन किया जा रहा है। विभिन्न जंगलों में वन्य जीवों का घनत्व जानने के बाद यह तय किया जाएगा कि किस क्षेत्र से किस जीव को शिफ्ट करना है या कोई दूसरा उपाय किया जाना है। झारखंड की बात करें तो उग्र हथियों के उत्पात और क्रुद्ध होने पर मार डालने को अब दिनचर्या समझा जाने लगा है । संसद में केंद्रीय मंत्री ने बताया था कि जंगली हाथियों के उत्पात से झारखंड में दो वर्षों में 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है। 2020-21 में 74 लोग और 2021-22 में 133 लोग हाथियों का शिकार होकर अपनी जान गंवाए हैं। इसके अतिरिक्त संपत्ति आदि की क्षति और मुआवजे के लिए 2020-21 में 591 लाख रुपये और 2021-22 में 485 लाख का भुगतान मुआवजा के रूप में किया गया है।

### सीबीआई जांच में खुलासा

## तिलैया सैनिक स्कूल में फर्जी प्रमाणपत्रों पर हुए कई नामांकन

**अंडर सेक्रेटरी की शिकायत पर 2018 को सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की थी**

**सीबीआई ने फर्जी सर्टिफिकेट से नामांकन कराने वालों की लिस्ट भी सौंपी**




**रांची।** झारखंड के तिलैया स्थित सैनिक स्कूल में एडमिशन के लिए बड़ी संख्या में फर्जी तरीके से रेसिडेंसियल और बर्थ सर्टिफिकेट बनाए गए हैं। सीबीआई की जांच में इस फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ है। एजेंसी ने अपनी जांच रिपोर्ट भारत सरकार को सौंपी है। सैनिक स्कूल में नामांकन का घोटाला वर्ष 2018 में सामने आया था। भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के तत्कालीन अंडर सेक्रेटरी सूबे सिंह की शिकायत पर 11 दिसंबर 2018 को सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की थी। इसमें ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस परीक्षा के प्रश्नपत्र को लीक करने, एडमिशन रजिस्टर में गड़बड़ी करने, एडमिशन प्रोसेस में एसओपी का भी पालन नहीं करने जैसे आरोप लगाए गए थे। हालांकि, कई सालों तक चली जांच के बाद इस घोटाले के कई आरोपियों को क्लीन चिट दे दी गई थी। लेकिन, इस दौरान फर्जी तरीके से प्रमाण पत्र बनाए जाने सहित कई दूसरी गड़बड़ियां पाई गईं। सीबीआई ने पाया है कि अधिकारियों, ›› शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### नए थाना प्रभारी का किया स्वागत



**हरिहरगंज।** वैश्य जागृति मंच के संयोजक सह मुखिया उमेश साव तथा जय भवानी एचपी गैस के संचालक प्रमोद कुमार सिंह ने सोमवार को नए थाना प्रभारी चंदन कुमार को शॉल व बुके देकर स्वागत किया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति और विधि-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण माहौल के लिए पुलिस व पब्लिक के बीच बेहतर संबंध जरूरी है। लोगों के सहयोग के बिना पुलिस प्रशासन अधूरा है। वहीं व्यवसायियों ने भी हरसंभव पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का भरोसा दिया। मौके पर विजय मिश्रा, हरेन्द्र प्रसाद सिंह, मिथिलेश कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

### आवास सूची में अनियमितता से बिफरे वार्ड सदस्य

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड के मोकहर पंचायत के वार्ड सदस्यों ने अबुआ आवास के लिए चयनित सूची में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। चिंता देवी, शारदा देवी, सुबी खातून, बबिता, रीना, पूजा, अनिता व सबिता देवी ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन बीडीओ को देकर आरोप लगाया है कि गरीब, असहाय व कच्चा मकान रहते उनका नाम प्राथमिकता सूची से हटा दिया गया है। साथ ही ग्रामसभा में लिए गए निर्णय की अनदेखी कर जियो टैगिंग कार्य में भी मनमानी की गई है। उन्होंने इस गलत कार्य के दोषी कर्मी पर कार्रवाई करने व प्राथमिकता सूची में अविलंब सुधार करने की मांग बीडीओ से की है।

### जपला में ही रखा जाये परीक्षा केंद्र

**हुसैनाबाद।** एके सिंह कॉलेज जपला में अध्यनरत विभिन्न संकायों के स्नातक के विद्यार्थियों की सेमेस्टर की परीक्षा 28 फरवरी से प्रारंभ होने वाली है। उक्त परीक्षा का केंद्र नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा गुलाबचंद प्रसाद डिग्री कॉलेज छतरपुर कर दिया गया है। जपला के विभिन्न गांवों से छतरपुर की दूरी कम से कम चालीस किलोमीटर है। दूसरी समस्या यह है कि जपला से छतरपुर आने-जाने का समुचित साधन भी नहीं है। छतरपुर से आखिरी बस शाम चार बजे तक ही है। जबकि परीक्षा का समय दो बजे से पांच बजे तक निर्धारित है। संपन्न परिवारों के छात्र तो निजी वाहन से आना जाना कर लेंगे, मगर कॉलेज के अधिकांश गरीब विद्यार्थियों को आना-जाना या वहां रहने काफी मुश्किल होगा। अधिकांश गरीब विद्यार्थी परीक्षा से वंचित रह सकते हैं। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर से एके सिंह कॉलेज जपला के विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए परीक्षा केंद्र जपला के ही इंटर उच्च विद्यालय या बीएड कॉलेज में करने की मांग की है। छात्र-छात्राओं की परेशानी को देखते हुये इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य ने कुलपति को पत्र भी लिखा है।

# आधी रोटी खायेंगे फिर भी मोदी को ही लायेंगे

**हैदरनगर में भाजपा का गांव चलो अभियान जोरों पर**

**हुसैनाबाद।** भाजपा का गांव चलो अभियान इन दिनों जोरों पर है। इस अभियान के द्वारा भाजपा कार्यकर्ता गांव में रात्रि बिताकर पार्टी को मजबूत करने में जुटे हुए है। हैदरनगर प्रखंड के विभिन्न बूथों पर भी भाजपा कार्यकर्ता दस्तक दे रहे है। भाजपा के पूर्व हैदरनगर मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय जायसवाल के द्वारा रविवार को गांव चलो अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान हैदरनगर प्रखंड के बूथ संख्या 87 पर रात्रि विश्राम व वनभोज का आयोजन किया गया। रात्रि विश्राम के दौरान उन्होंने मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। आगामी लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जिम्मेदारी भी सौंपी गयी। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा जनता के बीच पहुंचने और भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिये विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान आम लोगों को एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प दिलाया गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। उन्होंने नारा दिया हम सभी आधी रोटी खाएंगे लेकिन मोदी सरकार को ही तीसरी बार लाएंगे।

### मोतीराज महिला इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर मैट्रिक में 10 व इंटर की परीक्षा में 5 अनुपस्थित

# दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** जैक द्वारा संचालित मैट्रिक व इंटर बोर्ड परीक्षा में सोमवार को मोतीराज महिला इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर मैट्रिक हिन्दी विषय की परीक्षा में 520 परीक्षार्थियों में 510 ने परीक्षा दी। 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि द्वितीय पाली में इंटर के जीव विज्ञान विषय की परीक्षा में 422 परीक्षार्थियों में 417 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। केंद्राधीक्षक रंजीत कुमार ने बताया कि परीक्षा सदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में हो रही है। इस मौके पर दंडाधिकारी अजीत कुमार, वीक्षक रिंकू चौधरी, श्यामदेव चौधरी, नरेंद्र प्रियदर्शी, निर्भय कुमार, मोहम्मद कौसर आलम, प्रवीण रंजन मिश्रा, पीयूष कुमार, राजेंद्र यादव, दुर्गेश कुमार, वीणा कुमारी आदि मौजूद रहीं।

## सड़क हादसे में तीन बोर्ड परीक्षार्थी घायल

**नवीन मेल संवाददाता**





**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के वन विभाग चेक नाका के समीप एनएच-98 पर सोमवार को बाइक से परीक्षा देने जा रहे इंटर के तीन परीक्षार्थी सड़क हादसे में घायल हो गये। बताया जाता है कि अनियंत्रित हाईवा के टक्कर से बाइक से परीक्षा देने जा रहे अरविंद यादव, अमरेश यादव तथा विशाल मेहता निवासी सरसोत गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने तीनों छात्रों को हरिहरगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### मतदाता सूची में जुड़े नामों का किया सत्यापन, दिये निर्देश

# आदिम जनजाति बहुल गांव नावाडीह पहुंचे डीसी शशि रंजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन सोमवार को चैनपुर अंचल के सुदूरवर्ती आदिम जनजाति बहुल गांव नावाडीह पहुंचे। उन्होंने अहर्ता रखने वाले पीवीटीजी परिवार के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में जुड़ा है या नहीं इसकी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर मतदाता सूची के कार्यों का सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि अधिकांश योग्य लोगों का मतदाता सूची में नाम जुड़ गया है, लेकिन कई लोग जो गांव से बाहर हैं। वैसे लोगों का भी नाम जुड़ा हुआ पाया गया। वहीं एक आदिम जनजाति समूह की युवती जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है। उनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा मिला। उसका ऑन स्पॉट वीएचए के माध्यम से फॉर्म-6 भरा गया। उपायुक्त श्री रंजन ने मौके पर उपस्थित बीडीओ को कई बच्चियों को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। इसके बाद उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय में आयोजित ग्राम पंचायत विकास योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद पदाधिकारी व कर्मियों समेत आम लोगों से कल से लगने वाले पेंशन शिविर में अधिकाधिक योग्य लाभुकों को पेंशन से लाभान्वित करने की बात कही।

### चंद्रवंशी मिलन समारोह लातेहार में

**पांकी।** महाराज जरासंध महोत्सव सह चंद्रवंशी मिलन समारोह 25 फरवरी दिन रविवार को लातेहार में धूमधाम से आयोजित किया जायेगा। इस सिलसिले में लातेहार सहित प्रमंडल के पलामू व गढ़वा जिले में भी निमंत्रण पत्र देने के लिए समाज के लोगों द्वारा गांव-गांव भ्रमण किया जा रहा है। सोमवार को भीम चंद्रवशी पोलपोल, विरेंद्र चंद्रवंशी लातेहर,अजय चंद्रवंशी सगालीम, विरेंद्र वर्मा लातेहार आदि द्वारा सगालीम, परसिया, आसेहार आदि गांवों में निमंत्रण बांटकर सभी का भाग लेने के लिये आह्वान किया गया। मौके पर अर्जुन चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, सुरेंद्र चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी, जितेंद्र चंद्रवंशी, राजेश कुमार वर्मा, पिंटू वर्मा, राजेंद्र चंद्रवंशी, विश्वनाथ चंद्रवंशी, राजदेव चंद्रवंशी, अधिवक्ता ओम कुमार वर्मा, बैजनाथ चंद्रवंशी, नागेंद्र चंद्रवंशी, विश्वनाथ चंद्रवंशी मौजूद थे।

### जय जमुहारी माई क्लब ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

# उद्घाटन मुकाबले में राम विगहा की टीम विजयी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जय जमुहारी माई क्लब द्वारा सोमवार से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच हरिहर चौक व रामबीघा टीम के बीच नहर मोड़ के समीप खेल मैदान पर खेला गया। यह मैच काफी रोमांचकारी रहा। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। हरिहर चौक की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 98 रन बनाये। जबाबी पारी खेलने उतरी रामबीघा की टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। मैन आफ द मैच का खिताब रामबीघा टीम के पप्पू कुमार को दिया गया। इसके पूर्व टूर्नामेंट का उद्घाटन भाजपा हुसैनाबाद के नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों को हरसंभव मदद करने की बात कही। मनीष पटेल, उपेंद्र यादव, पंकज पटेल, प्रदीप पटेल, कुणाल बैठा, श्रीकांत पटेल, अभिषेक पटेल, भोलू पटेल, गोलू पटेल, छोटन शर्मा, अमित गुप्ता, शिव चौधरी, सीताराम पटेल, दीपक पटेल, कृष्णा गुप्ता आदि सैकड़ों खेलप्रेमी मौजूद थे।

# जिला पेंशनर्स समाज का चुनाव 10 मार्च को, नामांकन कल से

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला पेंशनर्स समाज की बैठक कचहरी परिसर स्थित जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष झुबल राम व संचालन कुलदीप सिंह चेरो ने किया। बैठक में पेंशनर्स समाज के द्विवार्षिक चुनाव को लेकर चर्चा की गई। साथ ही सर्वसम्मति से चुनाव की तिथि निर्धारित की गई। नामांकन 21 व 22 फरवरी को दाखिल होगा, जबकि 29 फरवरी को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गयी। मतदान 10 मार्च को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा। निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने को लेकर चुनाव पदाधिकारी की भी नियुक्ति की गई। जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी भृगुनाथ सिंह को बनाया गया है। वहीं सहयोग के लिए मुनी राम, सुरेन्द्र कुमार वर्मा, रामप्यारे महतो, मो. उमर अंसारी, रामलखन पाण्डेय व कृष्णा सिंह को शामिल किया गया है। बैठक में कहा गया कि मतदान के समय संबंधित मतदाताओं को अपने साथ आधार कार्ड या कोई पहचान पत्र लाना होगा। बैठक में श्रीनारायण तिवारी, ईश्वरी महतो, जंगाली महतो, रामनरेश राम, सोमारू सिंह, नागेश्वर राम, शालीग्राम पाण्डेय, राम जन्म, सुदेश्वर तिवारी, हरिद्वार मेहता, ईश्वरी राम, अल्लाउदीन अंसारी, अलीम अंसारी, भगेश्वर मांझी, विराज सिंह उपस्थित थे।

# आर्म्स एवं लाइसेंसधारी का भौतिक सत्यापन शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** उपायुक्त के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव-2024 से पहले जिले से निर्गत हैदरनगर थाना क्षेत्र के आर्म्स लाइसेंस, आर्म्स एवं लाइसेंस धारियों का भौतिक सत्यापन शुरू हो गया है। प्रशिक्षु डीएसपी सह हैदरनगर थाना प्रभारी राजीव रंजन ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त यह आदेश जारी किया है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि उपायुक्त के आदेश पर जिला से निर्गत सभी आर्म्स लाइसेंस, आर्म्स एवं लाइसेंस धारियों का भौतिक सत्यापन कर लोकसभा आम निर्वाचन के समय सभी शस्त्रों को जमा कराया जाएगा। श्री रंजन ने बताया कि उपलब्ध शस्त्रों का भौतिक सत्यापन 22 फरवरी 2024 तक किया जाएगा। सत्यापन के मौके पर बीडीओ सह सीओ विश्व प्रताप मालवा ने क्षेत्र अंतर्गत शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी 2024 को ज्वाइंट आर्म्स वेरीफिकेशन रिपोर्ट जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को समर्पित कर दिया जाएगा।

### डीसी ने की विभाग प्रमुखों संग बैठक, कहा

# राजस्व वसूली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को राजस्व से जुड़े सभी विभागों को राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि राजस्व उगाही में सभी रुकावटों को दूर करते हुए लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारी को अपने-अपने विभागों में राजस्व वसूलने के लिए किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण जिले की कार्यप्रणाली का अहम हिस्सा है। इस कार्य में पारदर्शिता आवश्यक है। उन्होंने पदाधिकारियों को लोगों को कर भुगतान करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त समाहरणालय के सभाकक्ष में राजस्व संग्रहण की वर्तमान स्थिति पर विभागीय प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। मौके पर मौके पर वन प्रमण्डल अधिकारी सौमित्र शुक्ल,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार उपस्थित थे।

**खनन क्षेत्र में राजस्व वसूली में तेजी लायें :** उपायुक्त ने खनन विभाग की समीक्षा करते हुए पाया कि वार्षिक लक्ष्य 30534.00 लाख रुपये का है। वहीं जनवरी तक 18370.28 लाख रुपए की वसूली की गयी है, जो वार्षिक लक्ष्य का 60.16 प्रतिशत है। उन्होंने खनन पदाधिकारी को खनन के क्षेत्र में राजस्व वसूली में तेजी लाने की बात कही। उन्होंने राजस्व उगाही को लेकर कहा कि इसमें जो भी कारक बाधक हैं। उन्हें यथाशीघ्र दूर कर लक्ष्य प्राप्त करें।

**दाखिल-खारिज मामलों की समीक्षा :** उपायुक्त द्वारा जिले में लंबित दाखिल-खारिज मामलों की भी समीक्षा की गयी। 30 और 90 दिनों के लंबित म्यूटेशन के मामले में उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश देते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने को कहा। इस दौरान उन्होंने 90 दिनों से अधिक म्यूटेशन के लंबित मामले में पाटन, लेस्लीगंज, विश्रामपुर सहित अन्य अंचल अधिकारियों को ज्यादा मामले लंबित होने पर कारण पूछते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। भूमि सीमांकन से संबंधित लंबित मामलों की अंचलवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को मामलों का जल्द निष्पादन करने के निर्देश दिये।

#### परिवहन विभाग की भी हुई समीक्षा

इसी तरह परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पाया कि विभाग को 5907.79 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य दिया गया था। जिसके विरुद्ध परिहवन विभाग द्वारा अबतक 4576.11 लाख रुपये की राजस्व वसूली कर ली गयी है। इस दौरान कम राजस्व वसूली होने के कारणों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने तेजी लाने का निर्देश दिया।

#### उत्पाद अधीक्षक को लगातार छापेमारी का निर्देश

उत्पाद विभाग की समीक्षा के दौरान उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि उत्पाद विभाग को 12100 लाख रुपए वसूली का वार्षिक लक्ष्य दिया गया था। जिसके विरुद्ध जनवरी तक 9091.17 लाख रुपये राजस्व वसूली कर ली गयी है, जो 75.13 प्रतिशत है। इसी तरह अवर निबंधन,राष्ट्रीय बचत विभाग,नगर निगम, विद्युत आपूर्ति विभाग की भी समीक्षा की गयी।

## सराहनीय

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना

# कुकिंग प्रतियोगिता में चंपा कुंवर की टीम अव्वल

**नवीन मेल संवाददाता**




**सतबरवा।** प्रखंड अंतर्गत उमवि लोहरा पोखरी हरिजन टोला की रसोईया चंपा कुंवर की टीम ने प्रखंड संसाधन केंद्र सुदना में आयोजित जिला स्तरीय रसोईया सह सहायिका कुकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में प्रथम विजेता रही रसोईया चंपा कुवर को विद्यालय परिवार के द्वारा सोमवार को सादे कार्यक्रम में अंग वस्त्र,बुके, डायरी व पेन देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपी सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रखंड के साथ पूरे पलामू जिले के लिए गौरव की बात है। हमारे संकुल धावाडीह की रसोईया चंपा कुवर पलामू जिले में खाना बनाने की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाकर प्रखंड का नाम रोशन की है। उम्मीद है राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी वे अव्वल रहेंगी। प्रभारी प्रधानाध्यापिका विमला कुमारी ने कहा कि विद्यालय परिवार के लिए बहुत ही खुशी का क्षण है। प्रखंड के बीईईओ हरि प्रसाद ठाकुर, बीपीओ डॉक्टर मनोज तिवारी, मध्याह्न भोजन प्रभारी विवेक कुमार सिन्हा, बीआरपी शमशाद अहमद, चन्द्रशेखर आजाद, रसोईया पूनम देवी,विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रागिनी देवी आदि ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने की कामना की है।

### अनियंत्रित टेंपो के धक्के से बच्ची की मौत

**पाटन।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जिओ ऑफिस के समीप टेंपो के धक्के से छह वर्षीय निभा कुमारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना के बारे में मृतक बच्ची के पिता बिहार राज्य के तिलौथू थाना क्षेत्र के अमझोर गांव निवासी सर्मिट लठौर ने बताया कि सोमवार को उनकी बच्ची निभा कुमारी सड़क क्रॉस कर पास के दुकान में कुछ सामान लेने जा रही थी। इस बीच अनियंत्रित टेंपो ने उसे धक्का मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही बच्ची की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी पाटन थाना की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजवाया। पुलिस टेंपो को जब्त कर थाना ले गई है।

# मंत्री मिथिलेश ठाकुर का विवेदानंद चौक पर स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सूबे के मंत्री मिथिलेश ठाकुर का सोमवार को विवेकानंद चौक पर जेएमएम कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में माल्यार्पण व आतिशबाजी कर जमकर नारे लगाये गये। मंत्री श्री ठाकुर ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा कि भाजपा ने साजिश कर हमारे नेता हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया है, लेकिन उसका सामना एक झारखंडी योद्धा से हुआ है। मौके पर सचिव सन्नू सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, अफसर रब्बानी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, नगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, वरिष्ठ नेता हाजी ललन, इकबाल कुरैशी, संगठन सचिव शाहबाज खान, कृष्ण कन्हैया दुबे, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, बबलू चौधरी उपस्थित थे।

## एक नजर

### मां-बेटे लापता, परिजन परेशान

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के काजी पकरी गांव निवासी कलीम अंसारी की 42 वर्षीय पत्नी रेहाना बीबी और 9 वर्षीय बेटा अमन उल्लाह अंसारी उत्तर प्रदेश के अकबरपुर रेलवे स्टेशन से लापता हो गए है। जानकारी के अनुसार रेहाना अपने बेटे के साथ तीन दिन पहले अपने गांव के कुछ लोगों के साथ उत्तर प्रदेश के अकबरपुर स्थित किछौछा शरीफ मजार गई थी। मजार का दर्शन करने के बाद दोनों घर लौटने के लिए अकबरपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। इसके बाद से दोनों लापता है। जबकि उनके साथ गये सभी ग्रामीण अपने घर लौट गए हैं। उनके लापता होने के बाद से परिजन उन्हें सगे-संबंधियों सहित अन्य जगहों पर खोजबीन कर परेशान हो चुके हैं, परंतु उनका कुछ भी पता नहीं चल पाया है। परिजनों के द्वारा तरहसी थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

### गृह रक्षा वाहिनी बहाली में अनियमितता से रोष

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने पलामू उपायुक्त को पत्र लिखकर गृह रक्षक वाहिनी की बहाली में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुये जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि सभी अर्हता पूरी कर मेरिट लिस्ट में आने वालों की जगह अन्य अभ्यर्थियों की बहाली कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि सुरेश ठाकुर, आलोक कुमार तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी, अभय कुमार भुइयां, सोहैल अख्तर आदि की टीम ने भी जांच में अनियमितता पायी थी। उन्होंने मामले की जांच कर तत्काल दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो मेरिट में सफल अभ्यर्थियों को साथ लेकर कलेक्ट्रेट में तालाबंदी की जायेगी।

# राम नाम का सहारा लेने वाले भव पार हो जाते हैं : स्वामी धीरेंद्राचार्य

प्रभु श्रीराम की कथा सकल लोक हितकारी है, जो लोग श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान राम की कथा का रसपान करते हैं,उनके सारे पाप एवं संताप मिट जाते है





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी रोड बारालोटा स्थित जनकपुरी मंदिर प्रांगण में चल रहे श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह में पूजा-अर्चना एवं यज्ञ मंडप की परिक्रमा तथा शाम में प्रभु श्रीराम कथा का रसपान करने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। महायज्ञ के सायंकालीन सत्र में चित्रकूट धाम से पधारे श्रीश्री 1008 स्वामी धीरेंद्राचार्य जी महाराज ने सोमवार को प्रभु श्रीराम की पावन कथा की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम की कथा सकल लोक हितकारी है। जो लोग श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान राम की कथा का रसपान करते हैं,उनके सारे पाप एवं संताप मिट जाते हैं। जरूरत है श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मानस रूपी गंगा में गोता लगाने की। राम नाम का सहारा लेने वाले भवपार हो जाते हैं। श्रीरामचरित मानस 84 लाख योनियों से मुक्त कराता है। उन्होंने कहा कि राजा मनु एवं सतरूपा के जीवन से लोगों को सीख लेनी चाहिए। वह नारी धर्मपत्नी के योग्य है जो अपने पति को धर्म कार्य के लिए प्रेरित करे। भगवान का निरंतर भजन करने वाले का जीवन राम स्वरूप मंगलमय हो जाता है। मौके पर महायज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम लाल तिवारी, लव तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, बुद्धनाथ तिवारी, प्रदीप तिवारी, शैलेश तिवारी, अजित तिवारी, राकेश तिवारी, प्रेमचंद तिवारी,विद्या तिवारी, बलराम तिवारी मौजूद थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री के लिये जेएमएम के न्याय मार्च का आगाज

# जेल का फाटक टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जेल का फाटक टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा के गगनभेदी नारे के बीच जेएमएम जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में सोमवार को निगम के वार्ड 35, चैनपुर बाजार से न्याय मार्च का जोरदार आगाज किया गया। मार्च की अध्यक्षता रंजीत जयसवाल एवं कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने किया। इस मार्च में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा मौजूद थे। पूरे वार्ड का भ्रमण करने के बाद जननायक कर्पूरी ठाकुर चौक पर मार्च सभा में परिवर्तित हो गयी। सभा को संबोधित करते हुये वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की साजिश से प्रदेश का जनमानस मर्माहत है। कैसे एक लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया है। चुनाव में जनता अपनी वोट की ताकत से माकूल जबाब देगी। मौके पर वरिष्ठ नेता विरेंद्र पासवान, संगठन सचिव नवीन सिन्हा, शाहबाज खान, नगर सचिव छोटू त्रिपाठी, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष ललन चौधरी, महिला मोर्चा सचिव संजू देवी, उपाध्यक्ष राजिया नियाजी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बबलू चौधरी, मुकेश चौधरी, संगठन सचिव अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, अल्पसंख्यक मोर्चा सचिव नन्हें खान आदि मौजूद रहे।

सभा को संबोधित करते हुये वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की साजिश से प्रदेश का जनमानस मर्माहत है

### कंडा व इटको पंचायत में निकला न्याय मार्च



**मेदिनीनगर।** नावा बाजार झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सोनी के नेतृत्व में सोमवार को कंडा तथा इटको पंचायत में न्याय मार्च निकालकर आम जनता को भाजपा की साजिश की जानकारी दी गयी। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा किए जा रहे गरीब-दलित के हित में कराये जा रहे विकास कार्य को भाजपा बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। प्रदेश के विकास को अवरूद्ध कर भाजपा ने अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। मौके पर झामुमो सचिव सत्येंद्र यादव, फकीरा यादव मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने की जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक

# अनाबद्ध निधि से कई योजनाओं को मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत जिला योजना कार्यकारिणी समिति द्वारा पूर्व में स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्य प्रगति की समीक्षा करने एवं योजना ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने हुसैनाबाद के मेंहदीनगर में नवीनगर मुख्य पथ से सूरजदेव सिंह के घर तक पीसीसी पथ एवं गार्डवाल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। इसी क्रम में पांडू के शिवानडीह गांव से भगौता गांव तक पीसीसी रेनोवेशन व मेदिनीनगर व नावाबाजार के डगरा व कुहकुह कला में इलेक्ट्रिक मोटर युक्त पाइपलाइन वाटर सप्लाई फैसिलिटी बहाल करने की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अलावे अन्य कई योजनाओं को भी स्वीकृत किया गया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ल एवं जिला योजना पदाधिकारी कुमार अविनाश मौजूद थे।

अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्य प्रगति की समीक्षा करने एवं योजना ससमय पूर्ण कराने का दिया निर्देश




पांडू के शिवानडीह गांव से भगौता गांव तक पीसीसी रेनोवेशन व मेदिनीनगर व नावाबाजार के डगरा व कुहकुह कला में इलेक्ट्रिक मोटर युक्त पाइपलाइन वाटर सप्लाई फैसिलिटी बहाल करने की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अलावे अन्य कई योजनाओं को स्वीकृत किया गया।

## घूमधाम से मना ललित श्रीराम मंदिर का वार्षिकोत्सव

# विशेष अनुष्ठान कर सर्व मंगल की कामना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के नावाटोली स्थित ललित श्रीराम मंदिर का आठवां वार्षिक उत्सव रविवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हवन, पूजन, आरती सहित कई अनुष्ठान किए गए। पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम,जय मां काली और जय मां दुर्गे के नारों से गूंजता रहा। सभी अनुष्ठान मंदिर के पुजारी चंदन पाठक के द्वारा संपन्न कराया गया। भक्तो ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर अपने-अपने परिवारों के उज्जवल भविष्य की कामना की। रविवार की सुबह आठ बजे से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता विशेष पूजा के लिए लगने लगा था। पूजा अर्चना का कार्यक्रम देर शाम तक चला। शाम में महाआरती उतारी गई। इसके बाद मंदिर समिति की ओर से भक्तों के बीच भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया।इस भंडारे में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में आयोजित भजन संध्या का भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने आनंद उठाया। मौके पर मंदिर समिति के सदस्य रूपेश वर्मा, सुनील कुमार सोनी, मुकेश अग्रवाल, मनीष विश्वकर्मा, अभिषेक राज, राम लखन नारायण, धीरज वर्मा उपस्थित थे।

### सदर अस्पताल से मोबाइल चोरी, पॉकेटमार धराया

**मेदिनीनगर।** चोरों ने रविवार की रात में सदर अस्पताल में भर्ती गढ़वा जिला निवासी मरीज आनंद शुक्ला का मोबाइल चुरा लिया। पीड़ित की सूचना पर अस्पताल पहुंच पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। दूसरी ओर सोमवार दोपहर अस्पताल में अपना इलाज कराने पहुंची महिला का पर्स लेकर भाग रहे पाकेटमार को शोरगुल सुन लोगों ने पकड़ लिया। घटना की जानकारी मिलते ही टाइगर मोबाइल के जवान इसरार खान,विनोद यादव,अंचल कुमार अस्पताल पहुंचकर चोर को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाना ले गये। अस्पताल परिसर में चोरों की बढ़ती कारगुजारी से मरीजों व उनके तीमारदारों में भय व्याप्त है।

## शक्ति वंदन अभियान को लेकर भाजपा ने किया कार्यशाला का आयोजन

# महिला उत्थान के प्रति पार्टी व मोदी सरकार संकल्पित

इस अभियान के तहत भाजपा केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में महिला स्वयं सहायता समूह व एनजीओ की भूमिका पर चर्चा कर मातृ शक्ति का



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के शक्ति वंदन अभियान को लेकर सोमवार को पार्टी के जिला कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता एवं संचालन जिला मंत्री सुजाता सिंह ने किया। मुख्य अतिथि रूपा सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इकलौती ऐसी पार्टी है। जहां एक बूथ अध्यक्ष भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है, इसके कई उदाहरण उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि महिला उत्थान के प्रति पार्टी व सरकार संकल्पित है। नारी शकित का वंदन ही शक्ति वंदन अभियान का मुख्य उद्देश्य है। स्वयं सहायता समूह व एनजीओ के माध्यम से जुड़ी मातृशक्ति को सम्मानित करना पार्टी की योजना का हिस्सा है। अभियान के जिला संयोजक अरविंद सिंह ने कहा कि इस अभियान के तहत भाजपा केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में महिला स्वयं सहायता समूह व एनजीओ की भूमिका पर चर्चा कर मातृ शक्ति का सम्मान किया जाएगा। जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प लिया है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा,जिसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। शक्ति वंदन कार्यक्रम की रिपोर्टिंग सरल ऐप पर करनी होगी। कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रीना किशोर, वरिष्ठ भाजपा नेत्री रेणुका पांडे, ऊषा मखड़िया,जिला उपाध्यक्ष सुमिता सिंह, किरण अग्रवाल,मीडिया प्रभारी नीलम देवी आदि मौजूद रहीं।

### मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत नियुक्ति पत्र वितरण

**मेदिनीनगर।** दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास केंद्र नावा बाजार के निष्ठा मेगा स्किल्स सेन्टर में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत नियुक्ति पत्र वितरण एवं स्टार एलुमिनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएससी देवेश सिंह व विकास तिवारी,प्लेसमेंट मैनेजर पूजा मिश्रा व दीपशिखा, कॉरपोरेशन कंपनी से सादिक, नावा बाजार केंद्र प्रबंधक अनिल यादव व संजीव कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल यादव ने किया। कार्यक्रम के दौरान 15 युवतियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में 150 युवतियों ने भाग लिया। मौके पर ट्रेनर पूजा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, कशीदा कुमारी, शहाबुद्दीन अंसारी, अनूप कुमार, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्रबंधन ने कर्मियों को दिये आग के प्रति सचेत रहने के निर्देश

# पीटीआर में गर्मी में आग से निपटने की तैयारी शुरू





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने गर्मी के दिनों में आग से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी है। आग की रोकथाम की तैयारी 15 फरवरी से ही प्रतिवर्ष शुरू हो जाती है। प्रबंधन ने कर्मियों को आग के प्रति पूरी तरह सचेत रहने का निर्देश जारी किया है। विदित हो कि पिछले वर्ष 2023 में उत्तरी प्रमंडल में जंगल की आग की 450 घटनायें घटी थीं। जिससे 120 हेक्टेयर जंगल प्रभावित हुए थे। जबकि दक्षिणी प्रमंडल में 520 आग की घटनाओं में 150 हेक्टेयर जंगल प्रभावित हुए थे। दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि गर्मी के मौसम में अगलगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुये वन्य कर्मियों को सचेत किया गया है। फायर वॉच टावरों को दुरूस्त किया जा रहा है।

### फायर ब्लोअर से आग पर पाते हैं काबू

प्रबंधन के अनुसार पीटीआर क्षेत्र में आग लगने पर फायर लाइन काट कर अथवा मौजूद एक दर्जन फायर ब्लोअरों की मदद से आग पर काबू पाया जाता है। साथ ही आग बुझाने के लिये इको विकास समिति की भी मदद ली जाती है।

### सूखने लगे हैं जलस्त्रोत

बताया जाता है कि पीटीआर क्षेत्र में प्रतिवर्ष औसतन 40 से 60 सेंटीमीटर वर्षा होती है। यह औसत से कम है। यही कारण है कि अभी गर्मी शुरू भी नहीं हुई है। इसके बावजूद अभी से ही पीटीआर क्षेत्र स्थित जलस्त्रोत सूखने लगे हैं।

### उत्तर प्रदेश के युवक को पलामू की महिला से प्यार

**मेदिनीनगर।** प्यार के अफसानों की कोई सीमा नहीं है। सोशल मीडिया इसका दायरा और बढ़ाता जा रहा है। उत्तर प्रदेश के रामपुर के रहने वाले युवक सुनील सक्सेना को पलामू के ऊंटारी रोड थाना क्षेत्र की एक महिला के साथ फेसबुक पर प्यार हो गया। महिला चार बच्चों की मां बतायी जा रही है। कुछ दिनों पहले युवक महिला को पलामू से दिल्ली लेकर भाग गया था। पलामू से महिला के परिजन दिल्ली पहुंच गए और महिला को वापस घर लेकर आ गए,लेकिन युवक दोबारा महिला को ढूंढता हुआ पलामू पहुंच गया है। युवक का आरोप है कि महिला के परिजन उसकी पिटाई करते हैं। वह महिला का रोते हुए ऑडियो सबको सुना रहा था। युवक ने थाना पहुंचकर न्याय की गुहार लगायी है। उसने पुलिस को बताया कि महिला ने उसे कॉल कर बताया कि उसके परिजन उसकी पिटाई कर रहे हैं। इसके बाद युवक दोबारा पलामू पहुंचा है। युवक ने मेदिनीनगर टाउन थाने में शिकायत भी की है। हालांकि पुलिस ने युवक को पूरी कानूनी पहलू के बारे जानकारी देते हुये बताया कि बिना तलाक के दूसरी शादी अवैध है।

## आरवाईए ने जिले के विभिन्न हिस्सों में कराया जनमत संग्रह

# यंग इंडिया तय करेगा लोकसभा चुनाव का एजेंडा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** यंग इंडिया चार्टर 2024 की ओर से आरवाईए द्वारा रोजगार की स्थिति विषय पर जिले के पांकी, सगालिम और डालटनगंज के विभिन्न मोहल्लों , कस्बों, कोचिंग संस्थानों और अंबेडकर छात्रावास में जनमत संग्रह कराया गया। इस दौरान रोजगार से जुड़े तीन अहम सवालों पर युवाओं से मत लिया गया। आरवाईए की राष्ट्रीय परिषद सदस्य दिव्या भगत ने कहा कि देश में बेरोजगारों की फौज खड़ी हो गयी है। बढ़ते निजीकरण से देश की आमदनी भी प्रभावित हो रही है। ऐसे समय में नौजवानों की यह जिम्मेदारी है कि वे सही-गलत का विचार कर देश के लिये एकजुट हों। यंग इंडिया द्वारा आगामी 28 फरवरी को दिल्ली के जंतर-मंतर पर '2024 लोकसभा चुनाव का एजेंडा तय करेगा यंग इंडिया' के नारे के साथ 'चलो दिल्ली-यंग इंडिया रैली' का आह्वान किया गया है। जिसमें पूरे देश से नौजवान जुटेंगे। मौके पर प्रवीण रविदास, शंभू कुमार, सोनू कुमार, आइसा के राज्य उपाध्यक्ष रंजित सिंह चेरो, जीएलए कॉलेज प्रभारी अभय सिंह दांगी मौजूद थे।


### पंचायतों में वृद्धावस्था पेंशन का शिविर आज से

**मेदिनीनगर।** सभी वर्ग की महिलायें जिनकी उम्र 50-60 वर्ष है। उन सभी को राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से लाभान्वित किया जायेगा। इसके लिए जिले के सभी पंचायतों व वार्डों में 20 से 22 फरवरी तक विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर दिन के 12 बजे से शाम 4 बजे तक लगाया जायेगा। इस दौरान सभी पंचायतों व वार्डों में संबंधित बीएलओ व कर्मी उपस्थित रहेंगें। शिविर में निःशुल्क पेंशन का फार्म उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदकों को वोटर कार्ड,आधार कार्ड,बैंक पासबुक का फोटो कॉपी व पासपोर्ट साइज फोटो अपने साथ लाना होगा। आवेदन करने के पश्चात आवेदक को पावती रसीद भी उपलब्ध करायी जायेगी। इसके अतिरिक्त वैसे अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूष जिनकी उम्र 50 वर्ष पूर्ण हो गयी है। उन सभी के भी आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। इन्हें अपने साथ जाति प्रमाण पत्र लाना आवश्यक होगा।

## परिचर्चा

## इप्टा की सांस्कृतिक पाठशाला की 34वीं कड़ी का आयोजन

# ना तो पत्रकारिता बची, ना ही प्रतिबद्ध साहित्यकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की 34वीं कड़ी में सामाजिक परिवर्तन के सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार गोकुल बसंत एवं शिक्षक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शर्मा ने की। परिचर्चा के प्रारंभ में ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने संस्कृतिक पाठशाला के पुस्तकालय को छोटानागपुर के आदिवासी नामक पुस्तक प्रदान किया। विषय प्रवेश कराते हुए प्रेम प्रकाश ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति की नियति होती है। दुनिया में कोई भी ऐसा पदार्थ नहीं जो परिवर्तनशील नहीं है, लेकिन सामाजिक परिवर्तन के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पर विचार करना आवश्यक है। नंदलाल सिंह ने कहा कि परिवर्तन के असर को महसूस करते हैं तो पाते हैं कि आज के दौर में ना पत्रकारिता बची है ना, ना प्रतिबद्ध साहित्यकार बचे हैं, ना वामपंथ बची है , ना विचारों की राजनीति बची और ना गांधी बचे हैं। यह सब सामाजिक सोच में परिवर्तन का असर है। इप्टा के जिला सचिव रवि शंकर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। मौके पर इप्टा के जिला अध्यक्ष प्रेम भसीन, शशि पांडे, समीर रजा, संजीव कुमार संजू, समरेश सिंह, भोला, अजीत कुमार, आशुतोष कुमार सिंह उपस्थित थे।

### डार्विन के विकासवाद पर चर्चा

परिचर्चा के संचालक शैलेंद्र कुमार शर्मा ने डार्विन के विकासवाद सिद्धांत की चर्चा करते हुए कहा कि पर्यावरण उसे ही स्वीकार करता है जो पर्यावरण में फिट होता है। नागरिक सहायता केंद्र के जिला समन्वयक जिलानी फैयाज, गोविंद प्रसाद, डॉक्टर इंतखाब असर, संतोष पाठक, कुलदीप राम, शिव शंकर प्रसाद और अनुभव मिश्रा आदि ने सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक '**राष्ट्रीय नवीन मेल**' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### नव चयनित आंगनबाड़ी सेविका ने दिया योगदान

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर पंचायत के ताली गांव के आंगनबाड़ी केंद्र 4/24 पर सोमवार को नवचयनित सेविका कुमारी अमृता विश्वकर्मा ने योगदान दिया। इस अवसर पर मुखिया मुंगा साह ने आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका को नियमित केन्द्र खोलने, 0-5 वर्ष के बच्चों को केंद्र से जोड़ने और समय - समय पर धात्री और गर्भवती महिलाओं के बीच पोषाहार वितरण करने का निर्देश दिया। विदित हो कि आंगनबाड़ी केंद्र की पूर्व सेविका आरती देवी की मृत्यु कार्य अवधि में दस माह पुर्व हो गयी थी। इसके बाद से आंगनबाड़ी केंद्र सहायिका के भरोसे संचालित हो रहा था। अब आंगनबाड़ी केंद्र के लिए अनुकंपा के अधार पर सेविका चयन होने से ग्रामीणों में हर्ष है। इस मौके पर सहायिका रीता देवी, वार्ड सदस्य फूल कुमारी देवी, जलसहिया बसंती देवी, आनंद सिंह, अवधेश विश्वकर्मा, दिलीप कुमार, लालेश्वर साह, बालेश्वर साह , दीनानाथ साह मौजूद थे।

### कीटनाशक का किया सेवन

**गढ़वा।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के चित्तरी गांव निवासी जगु रजवार ने कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जगु का उसकी मां के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिससे क्षुब्ध होकर उसने कीटनाशक का सेवन कर लिया।

### सड़क हादसे में दो घायल

गढ़वा। थाना क्षेत्र के चिनिया मोड़ पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मेराल थाना क्षेत्र के दुलदुलवा गांव निवासी 30 वर्षीय उमेश चंद्रवंशी और संजय चंद्रवंशी की 18 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी घायल हो गई। दोनों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दोनों गढ़वा से इलाज करा कर स्कूटी से घर जा रहे थे। इसी दौरान चिनिया मोड पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया।

### कन्याओं का विवाह पुण्य का कार्य

खरौंधी। 51 कन्याओं के सामुहिक विवाह को लेकर खरौंधी प्रखंड के विभिन्न गांवों, टोलों में भिक्षाटन एवं निमंत्रण पत्र वितरण का कार्य जोरों पर है। आगामी 28 फरवरी को 51 असहाय कन्याओं का विवाह भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही के तत्वावधान में कराया जायेगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा ने बताया कि भिक्षाटन एवं निमंत्रण वितरण का कार्यक्रम अंतिम पड़ाव पर है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भोजपुरी के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव भी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति करेंगे।

### पंसस संघ ने बीडीओ को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र

# 25 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन देने की भरी हुंकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दन कुमार ठाकुर के नेतृत्व में प्रखण्ड क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्यों ने सोमवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नन्दजी राम से मुलाकात कर उन्हें समस्याओं से संबंधित सीएम के नाम मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में संघ ने पंचायत समिति सदस्यों ने मानदेय को वेतनमान में परिवर्तित करते हुए पच्चीस हजार रूपए प्रतिमाह वेतन देने। झारखण्ड के निवर्तमान (पूर्व)पंचायत समिति सदस्यों को दस हजार प्रतिमाह पेंशन लागू करने तथा सदस्यों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले आवास का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिए जाने की मांग की है। अध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया कि सरकार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तो करा दी है, लेकिन चुनाव में चुन कर आए पंचायत समिति सदस्यों को उपेक्षित कर रही है। आज के समय में मनरेगा मजदूरी भी प्रतिदिन 200 रुपए है। जबकि पंसस को एक हजार रूपए प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। यदि इस पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गयी तो प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जायेगा। मौके पर सचिव शकील अहमद, बीडीसी रीता देवी, नीरा देवी, हसीना बेगम , सरिता देवी, शिमला देवी, माणिक राज देवी उपस्थित थीं।

> झारखण्ड के निवर्तमान (पूर्व)पंचायत समिति सदस्यों को दस हजार प्रतिमाह पेंशन लागू करने तथा सदस्यों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले आवास का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिए जाने की मांग की है।

### भाकपा माले का बेमियादी धरना शुरू

केतार प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को प्रखंड अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह की अध्यक्षता में भाकपा माले के द्वारा भूमि समस्या, अफसरशाही व भ्रष्टाचार के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन का आगाज किया गया। इस मौके पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए एरिया सचिव कामरेड दिलीप कुमार गुप्ता ने आरोप लगाया कि केतार प्रखंड में अफसरशाही,दलाल , बिचौलिया और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भू-माफिया अफसरों के सहयोग से बड़े पैमाने पर जमीन की हेराफेरी कर जमीन पर अवैध रूप से काबिज हो रहा है। आवाज उठाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। माले नेता कामेश्वर सिंह ने कहा की भाकपा माले ही एकमात्र पार्टी है जो गरीबों के हक-अधिकार एवं न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करती है। मौके पर लालमुनि गुप्ता, कामेश्वर विश्वकर्मा, रामचंद्र उरांव, धृष्टद्युम्न यादव, सोमारू चेरो मौजूद थे।



### जिला पार्षद ने बीडीओ से की मुलाकात

## पात्रों को ही मिले अबुआ आवास



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** जिला पार्षद सदस्य रंजनी शर्मा ने सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम से मिल कर प्रखंड में अबुआ आवास में हुये अनियमितताओं के बाबत चर्चा की। उन्होंने हर हाल में सरकार के मुशानुसार पात्र लोगों को ही अबुआ आवास का लाभ देने की मांग की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण करने पर ग्रामीणों द्वारा शिकायत मिली है कि अबुआ आवास योजना में भारी अनियमिता प्रखंड कर्मियों की मिली भगत से हो रही है। विदित हो कि अबुआ आवास योजना की जांच भी ब्लाक स्तर से कराई गयी है, किंतु इसकी जानकारी भी उन्हें नहीं दी गयी थी। ऐसे में कई गृह विहीन, विधवा, दिव्यांग, आपदा प्रभावित व विमुक्त बन्धुआ मजदूरों का नाम सूची से छूट गया है। उन्होंने बीडीओ का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

## न्यूज गैलरी

### बोर्ड परीक्षा को लेकर चाक-चौबंद सुरक्षा प्रबंध



**चिनियां।** मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र पर चाक-चौबंद सुरक्षा प्रबंध के बीच बोर्ड परीक्षा आयोजित की गयी। नवनियुक्त चिनियां थाना प्रभारी नवीन कुमार राणा ने परीक्षा केंद्र पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सीसीटीवी फुटेज की जांच करते हुए उन्होंने केंद्र अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। विदित हो कि प्रखंड के पांच विद्यालयों को मैट्रिक परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 237 परीक्षार्थियों में से तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सहायक अवर निरीक्षक सुखराव उरांव,दंडाधिकारी बृजेश पांडे, पर्यवेक्षिका प्रतिभा कुमारी, केंद्र अधीक्षक समीर राज आदि मौजूद रहे।

### घेराव के बाद सहायक प्राध्यापकों को मिला पूरा वेतन

**भवनाथपुर।** बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय के शिक्षकों का पूरा मासिक वेतन का भुगतान नहीं किये जाने से क्षुब्ध शिक्षक संघ द्वारा अपने प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत सोमवार को कॉलेज गेट पर प्राचार्य का घेराव किया गया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्राचार्य के द्वारा पिछले शासी निकाय में लिए गए निर्णयों की अवहेलना की गई है। साथ ही शासी निकाय द्वारा नियुक्त वित्तीय सलाहकार समिति को दरकिनार करते हुए एक पक्षीय शिक्षकेत्तर कर्मियों का पूरा वेतन भुगतान किया गया। जबकि सहायक प्राध्यापकों को इससे वंचित रखा गया है। धरना स्थल पहुंचे प्राचार्य आरपी शुक्ला ने शिक्षकों की मांगों के आधार पर सभी शिक्षकों का पूरा वेतन का भुगतान करा दिया। इस मौके पर प्रो. सुरेंद्र चंद्रवंशी, प्रो. अनेश सिंह, प्रो. विनोदानंद पाठक, विरेंद्र विश्वकर्मा, अरुण कुमार, उमेश पाठक, जीसी यादव, एपीएस सेंगर, विनोद मिश्रा, सीबी चौबे, नेयाज खां, शशि कुमारी, श्रीराम सिंह, शांति कुमारी, बीबी सिंह आदि उपस्थित थे।

### अबुवा आवास के नाम पर ठगी मामले में कार्रवाई का इंतजार

**डंडई।** अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर महिला के साथ हुई ठगी के मामले में बीडीओ की जांच के बाद अब सभी को कार्रवाई का इंतजार है। बीडीओ जागो महतो ने बताया कि जांच-पड़ताल के अगले दिन ही पूरी रिपोर्ट जिले के उपायुक्त कार्यालय को सुपुर्द कर दिया गया है। मालूम हो कि अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने को लेकर डंडई गांव की विद्यावती देवी ने 40 हजार रुपये की ठगी का आरोप लगाया था। मामले में जन प्रतिनिधि के पति के साथ-साथ आवास कोऑर्डिनेटर का भी नाम आया था। उपायुक्त के द्वारा मामले में प्रभारी बीडीओ जागो महतो के नेतृत्व में जांच कमेटी का गठन किया गया था। जिसके आलोक में बीडीओ ने ठगी की शिकार महिला के घर पहुंच बारीकी से जांच करते हुये महिला का बयान दर्ज किया था। मौके पर जेई जितेंद्र कुमार, सनी कुमार, मनीष ठाकुर ,श्रीकांत प्रसाद ,अकबर अंसारी आदि भी मौजूद थे।

### पेंशन शिविर को 20 सूत्री अध्यक्ष ने सराहा



खरौंधी। 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने खरौंधी प्रखंड सहित पूरे गढ़वा जिला में पेंशन के लिए पंचायत वार विशेष शिविर लगाए जाने पर जिले के पदाधिकारी सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन तथा मंत्री आलमगीर आलम की सराहना करते हुये बधाई दी है। उन्होंने सरकार के कार्यों को जनहित में करार देते हुये कहा कि इससे अब तक सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों को काफी राहत मिलेगी। अबूआ आवास के बाद राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना की शुरूआत कर क्रांतिकारी पहल की है। उन्होंने लोगों से बढ-चढ़कर शिविर में भाग लेने के लिये प्रेरित किया है।

### नवनिर्मित मंदिर में होगी मां भगवती की प्राण-प्रतिष्ठा

## कलश यात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर चार स्थित मझिआंव खुर्द गांव में ब्रह्म स्थान के समीप नवनिर्मित मंदिर में मां भगवती प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाले शतचंडी महायज्ञ को लेकर यज्ञाचार्य श्रीश्री 108 बाबा केशव नारायण दास के निर्देशन में भव्य जलयात्रा निकाली गई। 2101 कलशों के साथ निकाली गई जल यात्रा में शामिल श्रद्धालु मुख्य सड़क,ब्लॉक रोड, लोहारपुरवा, बाईपास रोड होते हुए पुराने अस्पताल के पास पहुंचे। वहां से शहर भ्रमण करते हुए कोयल नदी के रमणीय तट स्थित बैलगाड़ी घाट पर विद्वान पंडित बबलू दुबे के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण एवं आह्वान के पश्चात सभी कलशों में पवित्र जल भरा गया। मुख्य यजमान जितेंद्र कुमार सिंह, प्रदीप कुमार चंद्रवंशी,अनिल चंद्रवंशी,संत कुमार सिंह,विजय साव एवं उमेश यादव के नेतृत्व में विधि-विधान पूर्वक कलशों को यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। इस दौरान एसबीआई के समीप युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी के द्वारा शरबत पानी तथा मनोज जयसवाल के द्वारा सभी श्रद्धालुओं के लिए गन्ने के रस की व्यवस्था की गयी। जलयात्रा में भाजपा नेता डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, उंटारी रोड प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य अरविंद सिंह, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी,समाज सेविका सत्या दुबे, सेवा निवृत्त शिक्षक महेंद्र नाथ दुबे, सांसद प्रतिनिधि शोभा जयसवाल, विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार मौजूद रहे। आयोजन में यज्ञ समिति के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी, उपाध्यक्ष कृष्ण सिंह, बिपेश कुमार,नीतीश कुमार, जितेंद्र पाठक, गुड्डू पाठक आदि जुटे रहे।

## 10वीं बोर्ड हिंदी विषय की परीक्षा कदाचार मुक्त सम्पन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड की परीक्षा सोमवार को चार केन्द्रों पर हुई। हिंदी विषय की परीक्षा में 1475 परीक्षार्थी शामिल हुये। जबकि चार परीक्षार्थी अनुस्थित रहे। प्लस टू उच्च विद्यालय रमना के केंद्राधीक्षक अजय सेठ ने बताया कि केंद्र पर सभी 773 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। बालिका उच्च विद्यालय रमना के केंद्राधीक्षक शशि प्रकाश रमण व सहायक केंद्राधीक्षक धर्मदेव उरांव ने बताया कि इस केंद्र पर 114 परीक्षार्थी उपस्थित व दो अनुपस्थित रहे। मध्य विद्यालय सिलीदाग एक के केंद्राधीक्षक फूलेंद्र राम ने बताया कि सभी 336 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं राजकीय कृत मध्य विद्यालय रमना के केंद्राधीक्षक रिंकू कुमार पासवान ने बताया कि 252 विधार्थी उपस्थित जबकि दो अनुपस्थित रहे। प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी निधि सिंह ने बताया कि परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से हो रही है।

## सामूहिक विवाह की विधायक ने थामी कमान



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** स्थानीय टाउनशिप स्थित सेल के मैदान मे 28 फरवरी को 51 बहनों के सामूहिक विवाह समारोह को लेकर भवनाथपुर टाउनशिप मैदान में तैयारी जोरो पर है।जिसमें विधायक भानू प्रताप शाही व उनकी पत्नी चानी शाही संयुक्त रूप से कन्या दान करेंगे। कार्यक्रम को लेकर विधायक ने कमान संभाल रखी हैं। उनके साथ विधानसभा के कार्यकर्ता दिनरात कड़ी मेहनत कर रहे हैं। शादी समारोह की तैयारी पर उन्होंने कहा कि समाज में आज भी कई गरीब बहनों की डोली उनके घरों की आर्थिक हालात खराब होने के कारण उठने मे कठिनाई होती है। छठी बार सामूहिक शादी का आयोजन किया गया है। जिसकी शुरूआत नौजवान संघर्ष मोर्चा पार्टी के 16वें स्थापना दिवस पर खरौंधी से शुरू की गयी थी। 11 कन्याओं से शुरू हुआ कारवां 51 कन्याओं तक पहुंच गया है। इस दौरान 60 हजार लोगों के लिए खाने की व्यवस्था की जा रही है। विधानसभा के सभी वर्ग के लोगों के घर से एक रुपये व एक मुठ्ठी चावल तथा आलू का भिक्षाटन

### एक सप्ताह में काटे 110 बकायेदारों के कनेक्शन, मचा हड़कंप

## बकायेदारों के खिलाफ बिजली विभाग का अभियान शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** पांच हजार रुपए से अधिक बिजली बिल बकायादारों के खिलाफ विभाग का अभियान शुरू हो गया है। एक सप्ताह के अंदर अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में अभियान चलाकर 110 लोगो का कनेक्शन काटा गया है। सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि जिनका भी बिजली बिल पांच हजार से अधिक बकाया है। वे तत्काल अपना बिजली बिल ऑनलाइन तथा बिजली विभाग के कार्यालय में जाकर भुगतान कर दें। जिस किसी भी उपभोक्ता का बिजली बिल बकाया रहेगा। उनका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के द्वारा अब बिजली उपभोक्ताओं को मोबाइल नंबर अपने उपभोक्ता संख्या में जुड़वाना होगा। जिससे कि उपभोक्ताओं को अब मैसेज तथा व्हाट्सएप पर बिजली बिल भेजी जा सके। यह सुविधा मार्च से लागू हो जाएगी। बिजली उपभोक्ता ऊर्जा मित्र तथा बिजली ऑफिस में जाकर अपना मोबाइल नंबर अपने उपभोक्ता संख्या में जुड़वा लें।

## खरौंधी के नए थानेदार रवि कुमार केशरी ने प्रभार ग्रहण किया

**खरौंधी।** खरौंधी के नए थानेदार के रूप में रवि कुमार केशरी ने प्रभार ग्रहण किया। स्थानांतरित थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंदुरिया ने नव पदस्थापित थाना प्रभारी को प्रभार सौंपा। इस मौके पर थाना प्रांगण में स्थानांतरित थाना प्रभारी को विदाई दी गई। साथ ही नए थाना प्रभारी का फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। नव पदस्थापित थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी ने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी गांव-टोलों में शांति कायम रखना प्राथमिकता होगी। लॉ एंड ऑर्डर के साथ ही पब्लिक-पुलिस समन्वय स्थापित कर सोशल पुलिसिंग के माध्यम से सामाजिक सौहार्द बनाने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा।



### ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल का मान्यता मिलने से हर्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगमा।** प्रखंड अंतर्गत बीरबल गांव में संचालित ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल मान्यता मिलने से विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है। विदित हो कि प्रखंड अंतर्गत बीरबल गांव में संचालित ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल को झारखंड राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्रमाण पत्र जारी किया गया है। विद्यालय के प्रबंधक महताब आलम ने कहा कि ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल विगत कई वर्षों से अति पिछड़े सगमा प्रखण्ड में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का अलख जगाने में लगा हुआ है।

### जिला कानू वैश्य संघ ने किया पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन

## आपसी सौहार्द और भाईचारा बढाने में सहायक परस्पर मिलन समारोह




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला कानू वैश्य संघ द्वारा स्थानीय आशीर्वाद मैरिज हॉल में पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गढ़वा जिला के अतिरिक्त पलामू, लातेहार, चंदवा, लोहरदगा एवं निकटवर्ती उत्तर प्रदेश से पधारे कानू वंशी अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। अतिथियों के स्वागत में वैष्णवी राज एवं ग्रुप द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान और नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कान वंशियों के कुलगुरु संत शिरोमणि कंकाली बाबा के तस्वीर पर पुष्पार्चन के उपरांत गढ़वा जिला कानू वैश्य संघ द्वारा प्रकाशित अरुणोदय स्मारिका का विमोचन मंचासीन अतिथियों के द्वारा किया गया। समारोह पर प्रकाश डालते हुए अध्यक्ष राम बहादुर साह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी सौहार्द और भाईचारा बढ़ता है तथा वर-वधुओं की तलाश का रास्ता भी सुगम होता है। कार्यक्रम के मध्य में जादूगर विजय हिन्द की जादूगरी का सभी ने जमकर आनन्द उठाया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार, प्रोफेसर ज्योति कुमारी, रिंकू कुमारी, वार्ड पार्षद कोमल देवी, अंचल अधिकारी रामजी प्रसाद, शिव प्रसाद साहू, कृष्णा साहू, रामाश्रय साहू, दशरथ साहू, गंगा साहू आदि मौजूद रहे।

### विशेष योग शिविर का आयोजन नौ मार्च से

गढ़वा। पतंजलि योग समिति के जिला कार्यालय में जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में बैठक की गयी। इस दौरान नौ मार्च से पांच दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी ने बताया कि योग शिविर में पूर्व मार्कोस कमांडो परवीन तेवतिया (आयरन मैन) के द्वारा मोटिवेशनल स्पीच एवं विशेष योगाभ्यास करवाया जाएगा। साथ ही बिहार के प्रसिद्ध एक्यूप्रेशर चिकित्सक द्वारा असाध्य बीमारियों का निदान किया जाएगा। योग प्रशिक्षक सुशील केशरी ने कहा कि स्वस्थ और निरोग रहने के लिए सभी को योग करना जरूरी है। बैठक में सोशल मीडिया जिला प्रभारी विवेकानंद पांडेय, जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप केशरी, संतोष चौबे, बलराम शर्मा, सत्यनारायण दुबे मौजूद थे।

**आयोजन** समस्त पंचायतों में पेंशन शिविर 20 से, जमा कराये जायेंगे आवेदन

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन को लेकर शासन ने कसी कमर

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 50 वर्ष आयु वर्ग के अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति के महिला-पुरुषों को वृद्धा पेंशन का लाभ दिलाने के उद्देश्य से 20 फरवरी से शिविर का आयोजन किया जायेगा। बीडीओ रविंद्र कुमार ने बताया कि राज्य के सभी वृद्ध,विधवाओं, निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों, एचआईवी, एड्स पीड़ित व्यक्तियों, आदिम जनजातीय समूहों के परिवारों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत शत-प्रतिशत आच्छादित किया जाना है। 22 फरवरी तक आयोजित होने वाले शिविर के लिये प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में पंचायत स्तर पर फॉर्म जमा करने के लिए तिथि निर्धारित की जा रही है। इस योजना के तहत 50 वर्ष के सभी महिलाओं तथा एससी-एसटी वर्ग के 50 वर्ष के सभी महिला पुरुषों को एक हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दिया जायेगा। आवेदन प्राप्त करने के लिए पंचायत स्तर पर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसमे अरंगी पंचायत में पंचायत सेवक कपिलदेव सिंह व रोजगार सेवक सुनील कुमार, चन्दनी पंचायत में रोजगार सेवक सुजीत रावत व जीपीएस उमेश कुमार, करिवाडीह पंचायत में रोजगार सेवक गुलाब पासवान, खरौंधी पंचायत में रोजगार सेवक आनंद कुमार, कूपा पंचायत में पंचायत सेवक कपिलदेव सिंह व रोजगार सेवक चंद्रशेखर दुबे, मझिगावां पंचायत में रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार, राजी पंचायत में जीपीएस उमेश कुमार व रोजगार सेवक कौशल किशोर विश्वकर्मा,सिसरी पंचायत में पंचायत सेवक कपिलदेव सिंह व रोजगार सेवक सुनील कुमार, सुंडी पंचायत में पंचायत सेवक विनोद पासवान व रोजगार सेवक कमलेश पासवान की प्रतिनियुक्ति की गई है। उक्त कर्मी निर्धारित स्थान और निर्धारित तिथि को उपस्थित रहकर अपने कर्तव्य का पालन करेंगे। इस कार्य में सम्बंधित पंचायत के मुखिया,बीडीसी एवं वार्ड सदस्यों का भी सहयोग लिया जाएगा। पेंशन का आवेदन पत्र लोगों के बीच बीएलओ के माध्यम से वितरित कराया गया है। योग्य लाभुक शिविर में आकर अपना आवेदन जमा करेंगे।

> आवेदन प्राप्त करने के लिए पंचायत स्तर पर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है



### बीडीओ ने पंचायत सचिवों के साथ की बैठक

डंडई बीडीओ जागो महतो ने सोमवार को सर्वजन पेंशन योजना को लेकर पंचायत सचिवों के साथ बैठक की। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित बैठक के दौरान कई बिंदुओं पर विचार विमर्श कर उन्होंने योग्य लाभुकों का चयन करने को लेकर सभी पंचायत सचिवों को निर्देश दिया। बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 फरवरी को डंडई, पचोर और रारो के पंचायत सचिवालयों पर उक्त कार्य के लिए कैंप लगेगा। जबकि 21 फरवरी को सोनेहारा, लवाही और 22 फरवरी को जरही, झोतर और तसरार पंचायत के पंचायत सचिवालय पर सर्वजन पेंशन को लेकर कैंप का आयोजन होगा। बैठक में पंचायत सचिव सुदर्शन राम, सुनील कुमार, नरेश ठाकुर,राजकुमार राम उपस्थित थे।

## एक नजर

### दूसरे के बदले मैट्रिक परीक्षा देते एक फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार

**कुंदा।** स्त्रोनत उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र में सोमवार को मैट्रिक बोर्ड की प्रथम पाली में हिंदी ए विषय की परीक्षा में एक फर्जी परीक्षार्थी को गिरफ्तार किया गया। हजारीबाग के मुफस्सिल थाना क्षेत्र निवासी के बदले सिमरिया थाना क्षेत्र का युवक परीक्षा दे रहा था। मजिस्ट्रेट ने फर्जी परीक्षार्थी को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

### दस बकायेदारों का काटा गया कनेक्शन

**गिद्धौर।** बारियातु पंचायत के इचाक गांव में सोमवार को विद्युत विभाग ने छापेमारी अभियान चलाकर दस बकाएदारों का विद्युत कनेक्शन काट दिया। साथ ही सभी को बिजली बिल जल्द जमा करने का निर्देश दिया। दल में कनीय अभियंता तरुण कुमार, विद्युत सहायक कर्मी संतोष कुमार, पंकज कुमार, विकास कुमार महावीर दांगी शामिल थे।

### डेढ़ सौ लोगों की जांच

**गिद्धौर।** प्रखंड के गिद्धौर ठाकुरबाड़ी में आयुष चिकित्सा समिति के तत्वाधान में सोमवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गांव के करीब डेढ़ सौ महिला व पुरुषों की जांच की गई। मौके पर आयुष चिकित्सक डॉ. निरंजन शर्मा, डॉ. सामिया, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. गायत्री कुमारी, गौरी शंकर दांगी, प्रियंका कुमारी आदि उपस्थित थे।

### हाईवा पेड़ से टकराया

**टंडवा।** टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क पर सोमवार अहले सुबह सिमरिया की ओर से आ रहे तेज रफ्तार हाईवा ने बांयी तरफ जाकर सड़क किनारे लगे शीशम के पेड़ में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें चालक बाल-बाल बच गया।

### दवा दुकान का उद्घाटन

**बालूमाथ।** प्रखंड के मुरपा ग्राम में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के राजद भावी विधायक प्रत्याशी सुरेश राम सहित कई गणमान्य लोगों ने अंग्रेजी दवा दुकान शिव मेडिकल एजेंसी का उद्घाटन किया। दुकान के प्रोपराइटर रविंद्र कुमार यादव ने कहा कि जनसेवा के लिए गुणवत्तापूर्ण दवा उचित मूल्य पर 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, प्रेम नारायण यादव, मुखिया अजय टाना भगत, मो. मुमताज, ज्योति सिंह, उमेश यादव, रवि यादव, ब्रह्मदेव यादव, सतीश यादव आदि उपस्थित रहे।

### दो प्रतिष्ठानों का उद्घाटन

**चंदवा।** इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित प्रहलाद मोटर्स के बगल में मोडिफाइंग हाउस और कजरीया टाइल्स नामक दो प्रतिष्ठानों का सोमवार को मुफ्ती गुलजार, डॉ शम्स राजा, मो शमीम व मिस्टर मिंया ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। मोडिफाइंग हाउस के संचालक मो हुनैन ने बताया कि यहां पर कार व बाइक का स्टिकरिंग कर मोडिफाई करने का काम किया जायेगा। चंदवा में इस प्रकार का यह पहला प्रतिष्ठान होगा। वहीं कजरिया टाइल्स के संचालक मो. अदनान ने कहा कि हमारे प्रतिष्ठान में उचित मूल्य पर टाइल्स व मार्बल आदि सामान उपलब्ध हैं। मौके पर मो साबीर, मो हफीज अंसारी, असगर अली, मो रईस, मोहम्मद अली, प्रहलाद मोटर्स परिवार मौजूद थे।

### बाजार हाट में चोरी

**महुआडांड़।** महुआडांड़ के सोमवार बाजार हाट के दिन डायन टोली छत्तीसगढ़ राज्य से आये महिलाओं के समूह व बच्चे की टोली द्वारा दर्जनों महिलाओं के पर्स व कई लोगों के महंगे मोबाइल फोन चोरी कर लिये गये। इस संबंध में भुक्तभोगी ने बताया कि बाजार में सब्जी लेने के क्रम में महिला द्वारा सब्जी लेने के बहाने पोकेट मारकर मोबाइल फोन चोरी कर लिया। वहीं अन्य महिलाओं का पर्स सहित मोबाइल फोन चुरा लिया गया।

### महोत्सव पर हुई चर्चा

**बरवाडीह।** प्रखंड के रेलवे क्लब मैदान में सोमवार को प्रखंड चंद्रवंशी समाज की एक बैठक हुई। इसमें 25 फरवरी को लातेहार में होने वाली जरासंध महोत्सव सह चंद्रवंशी उलगुलान मिलन समारोह को सफल बनाने को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता कुटुमू निवासी सीताराम चंद्रवंशी ने की, जबकि मंच संचालन सुबोध कुमार चंद्रवंशी ने किया। मौके पर अजय चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, बैजनाथ राम, रविंद्र चंद्रवंशी, मन्ना चंद्रवंशी, सुबोध चंद्रवंशी, मुन्ना चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

# तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव 2024 का सीएम ने किया उद्घाटन

## समारोह में राज्य के श्रम मंत्री, कृषि मंत्री के साथ विभिन्न धर्म गुरु हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**

जिले के इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित माता भद्रकाली मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2024 का शुभारंभ राज्य के मुख्य मंत्री चंपाई सोरेन ने विधिवत दीप प्रज्वलित करने के साथ गुब्बारा उड़ा कर किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री को जिला प्रशासन ने हेलीपेड के समीप गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके उपरांत मुख्य मंत्री सोरेन, मंत्री बादल पत्रलेख, मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं विधायक किशून कुमार दास माता भद्रकाली की पूजा अर्चना के उपरांत मंदिर प्रांगण में मुख्यमंत्री ने पौधा रोपणकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्वागत भाषण में उपायुक्त ने जिले में चल रहे विकास कार्यो को बारी बारी से रखते हुए कहा कि अबुआ आवास के चयनित सात हजार आठ सौ लाभुकों में से आज मुख्यमंत्री द्वारा हजारीबाग में 6 हजार सात सौ उन्निस लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। वहीं महोत्सव के उद्घाटन समारोह में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि चतरा जिले के चहुंमुखी विकास की गाथा हेमंत सोरेन की अगुवाई में गठबंधन सरकार द्वारा लिखी गई थी, जिसे पूरा चंपाई सोरेन द्वारा किया जाएगा। आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम के तहत गांव-गांव तक विकास की रेखा खींची गई। साइकिल वितरण कार्यक्रम के तहत सरकार ने गरीब छात्र-छात्राओं को साईकिल देने का कार्य किया। वृद्धा पेंशन के माध्यम से सभी बुजुर्गो को एक हजार रुपये प्रतिमाह लाभ पहुंचाया गया। हर खेत में पानी हर हाथ को काम देने का कार्य झारखंड सरकार कर रही है। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री समेत अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का सम्मापन गुब्बारे छोड कर किया गया। मौके पर मुख्य रूप से बौद्ध धर्म के एनदरौजी, धर्मगुरु रविंद्र कृति, दिगंबर जैन न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, मंदिर के मुख्य पुजारी नागेश्वर तिवारी, आरक्षी अधीक्षक राकेश रंजन, डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसी पवन मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, एसडीओ सुरेंद्र उरांव के अलावे जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।



### मुख्यमंत्री ने गिद्धौर के 298 लाभुकों को दिया अबुआ आवास स्वीकृति पत्र

**गिद्धौर।** प्रखंड की विभिन्न पंचायतों के 298 अबुआ आवास लाभुकों को स्वीकृति पत्र मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा हजारीबाग के बिनोवा भावे विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। मौके पर झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी उपस्थित थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने बताया कि प्रखंड में 322 लोगों को आवास देने का लक्ष्य निर्धारित है। इनमें अब तक 298 लोगों की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। लोगों को प्रखंड प्रशासन द्वारा हजारीबाग ले जाया गया, जहां स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। जल्द ही शेष लाभुकों को भी स्वीकृति पत्र दिया जाएगा। वहीं स्वीकृति प्रमाण पत्र मिलने से लाभुकों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।

### किशुन को नहीं मिला संबोधन का मौका

तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे सिमरिया विधायक किशुन दास को उपेक्षा झेलना पड़ा। विधायक को मंच पर आसीन किया गया, परंतु संबोधन का अवसर नहीं दिया गया।

### सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

महोत्सव के उद्घाटन स्थल पर अतिथियों के लिए मंदिर के पीछे वाले रास्ते से आने की व्यवस्था की गयी थी। डीसी अबु इमरान व एसपी राकेश रंजन स्वंय सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते दिखे। कार्यक्रम स्थल से लेकर चौपारण-चतरा, इटखोरी-हजारीबाग पथ के साथ मुख्य द्वार पर पुलिस कर्मियों के साथ दंडाधिकारी की तैनाती की गयी थी। जवान हर गतिविधि पर नजर रखे हुए थे।

### लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर

महोत्सव में लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर लगाया गया है। इसमें लोगों की सुविधा के लिए बेड के साथ ऑक्सीजन व दवा की व्यवस्था की गई है। इस दौरान अधिकारियों ने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर संबंधितों को कई दिशा-निर्देश दिए।

# संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों की सूची उपलब्ध कराएं : उपायुक्त

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने लोस चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक कर दिए दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

आगामी लोक सभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही।

उपायुक्त ने मतदाताओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी मतदान केंद्रों का पुनः विश्लेषण करने का निर्देश दिया। बूथों का भ्रमण करते हुए डिस्पैच सेंटर से लेकर बूथ तक रूट मैप तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने चुनाव स्थल, मतपेटिकाओं को ले जाने हेतु वाहनों की आवाजाही, प्रशिक्षण एवं नामांकन की प्रक्रियाओं का विशेष ध्यान रखने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ बिपिन कुमार, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# गोशाला में लगी आग, दो मावेशियों की हुई मौत किसान को भारी नुकसान

**मयूरहंड।** थाना क्षेत्र के सोकी गांव में जनार्दन महतो के गोशाला में अचानक आग लगने से बिचाली जलने के साथ दो मावेशियों की मौत घटना स्थल पर हो गई। इससे पीड़ित किसान को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। किसान ने बताया कि नित्यदिन की भांति रात्रि पांच मावेशियों को गोशाला में बांध कर सो गया। अचानक देर रात्रि घर के बगल की एक महिला गोशाला से धुआं निकलता देखा, जिसके बाद जानकारी हुई। गोशाला की छत में रखे दो हजार बिचाली में आग लगने से एक दुधारू गाय व एक बैल ने आग में झुलसकर दम तोड़ दिया। वहीं तीन मवेशी सुरक्षित बाहर निकल कर भागे, जिसमें एक गाय काफी झुलस गई है। ग्रामीणों के मदद से आग पर काबू पाया गया। आग कैसे लगी इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। पीडित किसान ने अंचल कार्यालय व थाना में आवेदन देकर क्षतिपूर्ति की मांग की है।

# शादियों में फिजुलखर्ची व डीजे बजाने वालों का होगा सामाजिक बहिष्कार

### महुआडांड़ अंजुमन कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड जामा मस्जिद परिसर में रविवार को महुआडांड़ अंजुमन कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में महुआडांड़ मरकज के तहत आने वाले गांव बारेसांड, हामी, ओरसा, शाहपुर, कापु, लुरगुमी, परहाटोली, डुमरी समेत कई गांव के सदर सेक्रेट्री शामिल हुए। बैठक में मुख्य तौर आज के दौर में निकाह में होने वाले फिजूल खर्ची को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता सदर इमरान खान ने की। बैठक में सर्वसम्मति से शादियों फिजुल खर्ची, बैंड बाजा, डीजे बजाए जाने और आतिशबाजी किए जाने पर नाराजगी जताई गई। वहीं डीजे बजाने और शादियों में फिजूलखर्ची करने वाले परिवार का निकाह नहीं पढ़ाने का निर्णय लिया गया। यही नहीं, अगर इस ऐलान को किसी परिवार के द्वारा नहीं माना जाएगा, तो उसके और परिवार वालों का सामाजिक बहिष्कार करने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ ही शादियों के खाने में बुफे सिस्टम को बंद करने का निर्णय लिया गया, जिसके बाद बैठक समाप्त हो गई। बैठक में उपरोक्त लोगों के अलावा मस्जिद के इमाम समेत गौशिया मस्जिद के सदर मजूल अंसारी, सेक्रेट्री मो मजहर खान, मो शहाबुद्दीन, हबलु खान, शहीद अहमद, मोख्तार अंसारी, नूर आलम, रफीक अंसारी समेत विभिन्न गांव के कमेटी सदस्य मौजूद थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**शुद्धि–पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–DWSD/RM/10/2023-24 (1st Call) (2024–2025) के लिए नलकूपों के मरम्मति का कार्य जो (PR No. 318983)*23-24 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है के क्रमांक–14 में उल्लेखित प्रखण्डों को विभाजित किया जाता है, जो निम्न है:–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | अनुमानित नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 14 | नौडीहा बाजार | 400 | 391340.00 | 8000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| | छत्तरपुर | 400 | 391340.00 | 8000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर।

PR 319475 (District) 23-24 (D)



## जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा

**मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत 20 से 22 तक सभी पंचायतों में लगेगा विशेष कैंप**

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत 50–60 वर्ष आयु वर्ग की सभी महिला, अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के पुरुषों को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ देने के उदेश्य से 20–22 फरवरी तक गढ़वा जिले के सभी प्रखण्डों के सभी पंचायतों/वार्डो में विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से प्रति माह एक हजार (1000) रूपये पेंशन दी जायगी। योजना का लाभ लेने के लिए अनुसूचित जाति–जनजाति के लाभुकों को आवेदन के साथ निम्न कागजात जमा करना होगा।

1. आयु प्रमाण पत्र संबंधी दस्तावेज की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।
2. आधार कार्ड की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अथवा आधार नहीं होने पर इस आशय का स्वघोषणा पत्र।
3. 18 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक की मतदाता पहचान पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।
4. बैंक खाता का पासबुक की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।
5. अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अनुसूचित जाति (SC) वर्ग के 50 से 59 वर्ष के आवेदक (पुरूष) का जाति प्रमाण पत्र।
6. महिला आवेदक को जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य नहीं होगा।
7. पात्रता संबंधी स्वघोषणा पत्र।

जॉचोपरांत योग्य लाभुकों को पेंशन योजना का लाभ दिया जायेगा।

PR 319419 Women, Child Development & Social Security (23-24)_D

सहायक निदेशक,
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा



## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

**आम सूचना**

राष्ट्रीय लोक अदालत
दिनांकः–09 मार्च, 2024 (शनिवार)
स्थान–व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा।

**निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निदेशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में दिनांक 09.03.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगा:–

(1) सुलह योग्य आपराधिक वाद (2) N.I. Act. u/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस) (3) मोटर–दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद (4) पारिवारिक/वैवाहिक वाद (5) श्रम विवाद (6) भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद (7) सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद (8) बैंक रिकवरी से संबंधित वाद (9) राजस्व वाद (10) मनरेगा (11) बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद (12) बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद (13) सेवा से संबंधित वाद (14) वन विभाग से संबंधित वाद (15) उत्पाद से संबंधित वाद (16) सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद (17) नीलाम वाद (18) दाखिल खारिज मामले (19) अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11:00 बजे से 04:30 बजे तक लोहरदगा व्यवहार न्यायालय (कचहरी) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय में आकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा (मोबाइल नंबर 9431318932 या पीएनटी नं० 06526–299950) से संपर्क कर सकते हैं।

| हरीश बिन जमा | डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण | राजेन्द्र बहादुर पाल |
|---|---|---|
| आरक्षी अधीक्षक–सह–सदस्य | उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष | प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष |
| जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा | जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा | जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा |

जनहित में जारी
द्वारा:–जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

PR 319400 (Lohardaga) 23-24 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

पत्रांक.......... दिनांक..............

**प्रेष विज्ञप्ति**

**PR No.-319354**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या–04RII/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ, दिनांक 16.02.2024 के द्वारा आमंत्रित निविदा में टेण्डर कॉल नं0 प्रथम के स्थान पर टेण्डर कॉल नं0 द्वितीय पढ़ा जाए शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 319477 (Rural Development)23-24*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

पत्रांक.......... दिनांक.........

**प्रेस विज्ञप्ति**

**PR No.-319355**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या–09RI/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ, दिनांक 16.02.2024 के द्वारा आमंत्रित निविदा में कार्य समाप्ति की तिथि 09 माह के स्थान पर 15 माह पढ़ा जाए एवं टेण्डर कॉल नं0 प्रथम के स्थान पर टेण्डर कॉल नं0 द्वितीय पढ़ा जाए शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 319476 Rural Development(23-24).D



## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय,(रोजगार कार्यालय) गढ़वा

**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2023**

**सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वावधान में दिनांक–20.02.2024 (दिन–मंगलवार ) को पूर्वाहन–11.00 बजे से अपराहन् 3.00 बजे तक जिला नियोजनालय,गढ़वा परिसर में एक दिवसीय "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2023" आयोजित किया जा रहा है।

भर्ती कैम्प में निम्न नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| S. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Salary | Location | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | FREEDOM EMPLOYABILITY ACADEMY | TEACHER (FACILITATOR) | 10 | GRADUATION | - | Fresher | 18-45year | 12,000/-, Fuel/house rent+medical insurance | Daltenganj, Hariharganj, chhatarpur | 2 months of trining at Luckow (Travel, Accommodation and Food Will be Provided )+ Stipend of 250/ day |

भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट –www.rojgar.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जा कर लें। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

नोट :– निजी नियोक्ता कृपया, झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।

PR.NO.319405 Labour Employment and Traning(23-24):D

जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा।



## कार्यालयः– जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा।

समाहरणालय परिसर, विकास भवन–बी0, प्रथम तल्ला।

**आवश्यक सूचना**

प्रारंभिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 1993 विभागीय पत्रांक–770 (विधि) दिनांक– 05.10.2023 एवं विभागीय पत्रांक–866 (विधि) दिनांक–14/11/2023 के आदेश के आलोक में गढ़वा जिले में कार्यरत शिक्षकों को प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची (दिसम्बर 2022 की स्थिति में) का अंतिम प्रकाशन कार्यालयी पत्रांक–90 दिनांक–31/01/2024 के द्वारा किया गया है।

मास्टर वरीयता सूची के आधार पर औपबंधिक वरीयता सूची संख्या 02 (ग्रेड–4 में प्रोन्नति देने हेतु) के अवलोकनार्थ हेतु जिला के वेबसाईट– www.garhwa.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। यदि किसी शिक्षक को कोई आपत्ति है तो, साक्ष्य सहित दिनांक– 27/02/2024 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में संबंधित प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से अपना दावा प्रस्तुत करेंगे। प्रस्तुत दावे एवं आपत्ति के आलोक में औपबंधिक वरीयता सूची में संशोधन संभव है। वरीयता सूची संख्या 02 में अंकित सभी शिक्षकों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक– 27/02/2024 तक अपने–अपने शैक्षणिक योग्यता "स्नातक" का अंक पत्र उचित माध्यम से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि तक दावा प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में दावा/आपत्ति अमान्य कर दी जायेगी। इसके लिए संबंधित शिक्षक स्वयं जिम्मेवार होंगे।

दावा/आपत्ति निम्न प्रपत्र में प्रस्तुत करें।

**औपबंधिक वरीयता सूची संख्या–2 हेतुः–**

| आपत्तिकर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाषित सूची में कम सं0 | जिस कॉलम में त्रुटि है उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण | सुधार का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

जिला शिक्षा अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 319533 Human Resource Developement(23-24)D

## एक नजर

### अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर किया जब्त

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कोयल नदी जोगना बालू घाट से अवैध बालू लाद कर जोगना सेन्हा पथ से परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर सेन्हा चौक की ओर जा रहा था। गुप्त सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने ट्रैक्टर को रोक कर कागजात की मांग की। ट्रैक्टर चालक द्वारा किसी तरह का कागजात नहीं दिखाए जाने पर ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। वहीं अंचलाधिकारी ने कहा कि जिला खनन पदाधिकारी को विभागीय करवाई हेतु पत्र लिखा गया है। कहा कि किसी प्रकार से अवैध बालू परिवहन का कार्य करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कर नियम संगत कार्रवाई की जायेगी।

### भंडरा प्रखंड मुख्यालय में मोबाइल टावर से बैटरी की हुई चोरी

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय समीप पेट्रोल पंप के पीछे लगे एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावर से बीती रात दो बैटरी चोरी हो गईं। कंपनी के कर्मचारी ज्ञानेंद्र कुमार ने बैटरी चोरी होने की सूचना दी थी। ज्ञात हो कि पूर्व में भी उक्त टावर से बैटरी की चोरी हुई थी। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार का कहना है कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

### छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाई गई

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में वीर शिवाजी की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। प्रभारी प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार मिश्रा ने शिवाजी की वीर गाथा प्रस्तुत की। आचार्य नंदकिशोर साहू ने कहा वीर शिवाजी साहस, शौर्य एवं वीरता के प्रतीक थे।

#### लोहरदगा से बाइक चोरी कर पहुंचा था बड़की चापी, पुलिस ने भीड़ से बचाकर लिया कब्जे में

# बाइक चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने युवक को धुना

**नवीन मेल संवाददाता। कुड़ू**
लोहरदगा से बाइक चोरी कर बढकी चापी पहुंचे बाइक चोर को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ा और जमकर धुनाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे ग्रामीणों के चंगुल से बचाकर थाना ले गयी।



जानकारी के अनुसार किसको थाना क्षेत्र के बकसी निवासी शंभु भगत, पिता सूरज भगत लोहरदगा पतरा टोली में बाइक हीरो पैशन एक्सप्रो खड़ा कर कुछ काम करने गया था। वापस आने पर बाइक गायब मिली। आसपास के लोगों से पूछने पर लोगों ने बताया कि दो युवक उक्त बाइक को लेकर कूडू की ओर गए हैं। इसके बाद शंभु भगत अपने कुछ लोगों के साथ कूडू और बढकी चापी रोड में गाड़ी का पता लगाने निकला। तभी बड़की चापी साप्ताहिक हाट में बाइक खड़ी मिली और उसके पास दो युवक थे। इन लोगों द्वारा चोर चोर चिल्लाने पर बाजार में उपस्थित भीड़ ने दौड़ा कर एक युवक को पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दी जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। भीड़ द्वारा युवक की पिटाई किये जाने की सूचना पर पहुंची पिकेट पुलिस ने भीड़ से बचाकर अपने कब्जे में लेकर थाना पहुंची है। युवक के पर्स से एक हीरो होंडा बाइक की एक आरसी और एक पैन कार्ड बरामद हुआ है जिसमे रांची जिले के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के जारी गांव निवासी अमीन अंसारी पिता इस्लाम अंसारी का पता अंकित है। हालांकि बुरी तरह पिटाई के बाद युवक कुछ बताने की हालत में नहीं है। इधर, पिकेट पुलिस घटना लोहरदगा में होने के कारण इसे लोहरदगा पुलिस को सौंपने की बात कर रही है।

# उपायुक्त ने की 17 पट्टा आवेदनों की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में वनाधिकार पट्टा संबंधित बैठक हुई। बैठक में अनुमंडल स्तरीय समिति से अग्रसारित 13 व्यक्तिगत और 4 सामुदायिक पट्टा हेतु प्राप्त आवेदन की समीक्षा गई। सामुदायिक वन पट्टा हेतु चार आवेदनों को जिला स्तरीय समिति से सर्वसम्मति से पारित किया गया। अनुमंडल स्तरीय समिति से पारित कुछ आवेदनों को पुनः जांच कर जिला स्तरीय समिति में प्रस्तुत किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में एसपी हारिस बिन जमां, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, एसडीओ अमित कुमार, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, सेन्हा की जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, कैरो के जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, किस्को के जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार आदि उपस्थित थे। वहीं उपायुक्त की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम संबंधी प्राप्त मामलों में मुआवजा हेतु बैठक हुई। इसमें कुल 16 मामलों पर चर्चा हुई व मुआवजा हेतु आवश्यक निर्णय लिये गये। वहीं उपायुक्त की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत प्राप्त अनुसूचित जनजाति वर्ग के 9, अनुसूचित जाति वर्ग के 2 और पिछड़ा वर्ग के 44 आवेदनों पर चर्चा हुई। इसमें देय राशि के अनुसार अनुमोदन प्रदान किया गया।

### बैंकों को लंबित आवेदन स्वीकृत करने का निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से संबंधित बैठक हुई। उपायुक्त ने बैंक प्रबंधकों को लंबित आवेदन स्वीकृत किये जाने के निर्देश दिये। जिला उद्योग महाप्रबंधक ने पीएमएफएमई योजना अंतर्गत जिला को लक्ष्य और उसके आलोक में निष्पादन की जानकारी दी गई। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला उद्योग महाप्रबंधक अनिल कुमार, आरसेटी निदेशक समेत विभिन्न बैंकों के प्रबंधक उपस्थित थे।

# तेली समाज को एसटी में शामिल करने की मांग

## समाज के महा जतरा में 21 गरीब बेटियों का विवाह

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला में रविवार को छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज का महाजातरा कार्यक्रम करौंदी में आयोजित किया गया। इसमें 10 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में 21 गरीब बेटियों का सामूहिक विवाह कराया गया। कार्यक्रम में एक बार फिर से समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की आवाज बुलंद की गई। कार्यक्रम में झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओडिशा आदि राज्यों से बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भागीदारी निभाई। प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि आज आज कोई भी पार्टी हो लगातार तेली समाज को ठगने का काम कर रही है। इसके कारण समाज की बात उन मंचों पर नहीं रखी जा रही है जहां से बदलाव की उम्मीद है। अरुण साहू ने कहा कि बीजेपी व कांग्रेस अगर हमारे समाज को टिकट नहीं देती है तो उसे हम वोट नहीं देंगे। सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और एकजुट होने का आह्वान किया गया। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर करने वाले विद्यार्थियों समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।




### दुर्घटना में घायल जवान की इलाज के दौरान हुई मौत



**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के भरदा चमरा टोली निवासी पुलिस जवान 46 वर्षीय बंधु उरांव रविवार रात खोरा के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के क्रम में सोमवार को उसकी मौत हो गई। जवान लातेहार जिला के चंदवा थाने में पदस्थापित था और रविवार को ही छुट्टी पर अपने घर भरदा चमराटोली आया हुआ था। हवाई अड्डा के समीप जमीन खरीद कर अपना घर बनवा रहा था, जिसे देखकर रविवार को बाइक से अपने घर वापस लौट रहा था। तभी रात्रि करीब 9 बजे खोरा के समीप एक अज्ञात वाहन उसे पीछे से टक्कर मार कर फरार हो गया। सोमवार को उसके शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया।

### भंडरा में 917 परीक्षार्थियों ने दी मैट्रिक परीक्षा

**देश**, 'संदेशखाली' से सकते में है। दुख है कि संविधान की सबसे ज्यादा दुहाई देनेवाली ममता बनर्जी के राज में यह हालत हैं कि एक नहीं आज कई ''संदेशखाली'' पैदा हो गये हैं, जहां महिलाओं की इज्जत तार-तार हो रही है। हिंसा का तांडव कहीं भी हो सकता है और तुष्टीकरण की राजनीति के चलते बहुसंख्यक हिन्दू समाज कभी भी मौत के घाट उतार दिया जाता है। लव जिहाद, लैंड जिहाद और विदेशी घुसपैठ तो जैसे यहां रोजमर्रा की बात हो चुकी है। फिर भी देखो, कितनी बेशर्मी है! हद है, ममता दीदी उलटा सभी कमियों के लिए भाजपा और संघ परिवार को जिम्मेदार ठहरा रही हैं और बिना किसी ठोस साक्ष्य के वह सब बोल रही हैं जो उनके नैरेटिव में फिट बैठता है। आज यहां ''संदेशखाली'' नहीं जल रहा है । बल्कि इस राज्य के 23 जिलों में से 16 जिले कहीं न कहीं कम-अधिक हिंसा के शिकार हैं। वह तो अच्छा हुआ, पांच जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय की टीम राशन घोटाले में जांच करने टीएमसी नेता शाहजहां शेख के ''संदेशखाली'' वाले आवास पर छापेमारी करने पहुंच गई, तभी यह हो सका कि जो सच वर्षों से डर के कारण बाहर नहीं आ पा रहा था, उसे दुनिया के सामने आने का मौका मिला। लम्बे समय से यहां की महिलाओं को दबाकर रखने की जो सोच थी, उससे मुक्ति मिली है। ''संदेशखाली'' में महिलाओं की स्थिति कितनी दयनीय है, वह उनके बयानों में झलकता है, जिसमें वे खुलकर कह रही हैं ''किसी महिला का पति तो है, लेकिन उस पति का अपनी पत्नी पर अधिकार नहीं है। कुछ पुरुषों को अपनी पत्नियों को हमेशा के लिए छोड़ना पड़ गया है, क्योंकि टीएमसी के गुंडे उन्हें अपने साथ रख रहे हैं।'' महिलाएं अपने ऊपर हुए अत्याचार को चीख-चीख कर बयां कर रही हैं। बता रही हैं, कैसे शाहजहां शेख और उसके समर्थकों ने उनका यौन उत्पीड़न किया है। शाहजहां शेख के गुर्गे रात में आकर जबरन उठाकर ले जाते थे और सुबह छोड़ दिया करते थे। तृणमूल कांग्रेस के लोग गांव में घर-घर जाकर सर्वे करते हैं।

> **''संदेशखाली'' में महिलाओं की स्थिति कितनी दयनीय है, वह उनके बयानों में झलकता है, जिसमें वे खुलकर कह रही हैं ''किसी महिला का पति तो है, लेकिन उस पति का अपनी पत्नी पर अधिकार नहीं है।**

बोधि वृक्ष

# लातेहार जिले का मां उग्रतारा मंदिर

लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड में स्थित प्रसिद्ध मां उग्रतारा नगर भगवती का मंदिर का इतिहास 400 वर्ष से भी अधिक पुराना है। यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि जो भी व्यक्ति यहां सच्चे मन से आकर माता से आशीर्वाद मांगता है, उसकी मनोकामना पूरी होती है। प्रकृति की गोद में बसे इस मंदिर की मान्यताएं भी अलग हैं। यह देश का शायद पहला ऐसा मंदिर है जहां 16 दिनों तक दुर्गा



400 से भी साल पूराना है इतिहास

अहिल्याबाई होल्कर भी पूजा कर चुकी हैं। इस मंदिर की खासियत यह है कि यहां 16 दिन दुर्गा पूजा होती है।

पूजा होती है। दरअसल, टोरी राजा द्वारा 16वीं शताब्दी से पूर्व ही इस मंदिर का निर्माण कराया गया था। तब से लेकर अब तक यहां की परंपरा है कि जिउतिया त्योहार के दूसरे दिन से यहां माता का कलश स्थापना कर मां अष्टादशभुजी की पूजा आरंभ कर दी जाती है। 16 दिनों तक चलने वाले इस पूजा विधान में 3 दिन विशेष बलि दी जाती है। 16 दिन की पूजा के दौरान प्रतिदिन यहां विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इस संबंध में मंदिर के पुजारी विनय कुमार मिश्र ने बताया कि यहां 16 दिनों की पूजा का 400 वर्ष पुराना इतिहास है। माता के मंदिर की स्थापना काल से ही यहां 16 दिनों तक पूजा की जाती है।

**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# भारत की आत्मा को पहचानने की जरुरत


गिरीश्व मिश्र

*'भारत'* और उसके सत्व या गुण-धर्म रूप 'भारतीयता' के स्वभाव को समझने की चेष्टा यथा तथ्य वर्णन के साथ ही वांछित या आदर्श स्थिति का निरूपण भी हो जाती है। भारतीयता एक मनोदशा भी है। उसे समझने के लिए हमें भारतीय मानस को समझना होगा। यह सिर्फ ज्ञान का ही नहीं बल्कि भावना का भी प्रश्न है और इसमें जड़ों की भी तलाश सम्मिलित है। आज इस उपक्रम के लिए कई विचार-दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनमें पाश्चात्य ज्ञान-जन्य दृष्टि निश्चित रूप से प्रबल है जिसने औपनिवेशिक अवधि में एक आईने का निर्माण किया जो राजनैतिक-आर्थिक वर्चस्व के साथ लगभग सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत हो गया यद्यपि उसके पूर्वाग्रह दूषित करने वाले रहे हैं। उसकी बनाई छवि या आत्मबोध ने एक इबारत गढ़ी जो औपनिवेशिक शिक्षा द्वारा आत्मसात कराई गई। इस क्रम में अंग्रेजी राज का 'अन्य' भारतीय जनों द्वारा 'आत्म' के रूप में अंगीकार किया गया । वेश-भूषा, राज-काज और बात-व्यवहार में अंग्रेजियत आभिजात्य और श्रेष्ठ होने का असंदिग्ध पर्याय और देसी (भारतीय!) दोयम दर्जे का बना दिया गया। अंग्रेजों ने भारत को इंडिया बना दिया और हमने भी संविधान में वैसे ही दर्ज किया-इंडिया दैट इज भारत! भारत और भारतीयता-विमर्श की चुनौती तब सचमुच और कठिन हो जाती है जब हम इस वैचारिक परियोजना को देश और काल के ठोस यथार्थ के धरातल पर आयोजित करते हैं और भारत की अपनी देशज दृष्टि से आगे बढ़ते हैं । यह भारत-दृष्टि एक देशज दृष्टि है - एक अतिक्रामी दृष्टि है जो 'मैं' और 'तुम' की कोटियों से ऊपर उठ कर समग्र सृष्टि को समेटने वाली है। साकल्य, जीवन की पूर्णता, कर्म की भावना, समष्टि की उन्नति और भू सांस्कृतिक राष्ट्रीयता बोध से समन्वित इस व्यापक विचार-परियोजना की कई सीमाएं हैं। किसी प्रत्ययविशेष का दिक्कालातीत (या कहें शाश्वत!) निरूपण अमूर्त जगत में जिस निर्बंध विचरण की अपेक्षा करता है जिसे अनिर्वचनीयता असहज नहीं करती है। यह एक अतिरिक्त सीमा हो जाती है।

> **वेश-भूषा, राज-काज और बात-व्यवहार में अंग्रेजियत आभिजात्य और श्रेष्ठ होने का असंदिग्ध पर्याय और देसी (भारतीय!) दोयम दर्जे का बना दिया गया। अंग्रेजों ने भारत को इंडिया बना दिया।**

## टेक वर्ल्ड

# जीमेल के छिपे हुए फीचर्स से अपने काम को करें आसान

यह दृष्टिकोण सोरा को प्रतिस्पर्धियों से अलग करता है, जो लंबे, अधिक गतिशील वीडियो का निर्माण करता है जो पारंपरिक फिल्म निर्माण तकनीकों को टक्कर देता है।

**लॉन्चिंग में है समय :** वर्तमान में सोरा को आम जनता के लिए उपलब्ध नहीं करवाया गया है। सोरा आम यूजर्स के लिए उपलब्ध नहीं है। अब तक ये जानकरी सामने नहीं आई है कि इसे कब तक आमजनता के लिए उपलब्ध करवाया जायेगा। वर्तमान में सोरा रेड टीम के लिए उपलब्ध है। ये टीम मूल रूप से एआई सिस्टम के खामियों को खोजती और फीडबैक देती है। ये टूल बेहद खास है जिसके जरिए टेक्स्ट के जरिए ही सभी कैरेक्टर वाले वीडियो का निर्माण हो सकता है। इसमें कई स्पेशल इफेक्ट और मल्टीपल शॉट्स भी उपलब्ध है। इस टूल की मदद से फोटो को एनिमेशन में बदला जा सकता है। इसकी जानकारी कंपनी ने अपने ब्लॉग में उपलब्ध कराई है। **(समाप्त)**



**साइलेंट मोड में होने पर भी कॉल का इंतजार नहीं, यहाँ है सोल्यूशन**

बहुत से स्मार्टफोन मॉडल्स पर, आपको एप्स के माध्यम से इस सेटिंग को स्थापित करने की सुविधा मिलती है। कुछ ऐप्स आपको अपने स्क्रीन टाइमआउट, बैटरी लेवल, या अन्य तत्वों के आधार पर कॉल्स को साइलेंट मोड में आने से रोक सकते हैं।

आधुनिक जीवन में स्मार्टफोन का महत्व बढ़ता जा रहा है। फोन ने हमारे संचार के तरीके को पूरी तरह से परिवर्तित कर दिया है। **(क्रमशः)**

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

## एक नजर

### 'एन मन एन मक्कल' पदयात्रा के अंतिम दिन शामिल होंगे पीएम




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'एन मन एन मक्कल' (मेरी भूमि, मेरे लोग) पदयात्रा के अंतिम दिन इसमें भाग लेंगे। भारतीय जनता पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने सोमवार को चेन्नई में पत्रकारों से बातचीत में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 27 और 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए तमिलनाडु में रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 27 फरवरी को 'एन मन एन मक्कल' पदयात्रा के अंतिम दिन पल्लदम में शामिल होंगे।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 22 फरवरी को छत्तीसगढ़ आएंगे



**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 22 फरवरी को छत्तीसगढ़ आएंगे। वे बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोंडागांव में पार्टी द्वारा गठित कलस्टर क्षेत्र में शामिल तीन लोकसभा क्षेत्रों के वरिष्ठ पदाधिकारियों, प्रभारी और सहप्रभारी के साथ बैठक कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए प्रदेश की 11 लोकसभा सीटों को चार कलस्टर में विभाजित किया है। बस्तर, महासमुंद और कांकेर एक कलस्टर में शामिल हैं। भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कोंडागांव की बैठक में अमित शाह इन तीनों लोकसभा क्षेत्रों के पार्टी पदाधिकारियों से चर्चा कर लोकसभा चुनाव के लिए महत्वपूर्ण निर्देश देंगे।

### प्रियंका को अस्पताल से मिली छुट्टी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें शरीर में पानी की कमी और पेट में संक्रमण की शिकायत के बाद यहां लाया गया। हालांकि, इलाज के बाद सोमवार को उन्हें छुट्टी दे दी गई।

### कर्नाटक: नाबालिग को परेशान करने के आरोपी को 3 साल की जेल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक नाबालिग छात्रा का यौन उत्पीड़न के आरोप में एक युवक को तीन साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने निचली अदालत के उस फैसले को भी रद्द कर दिया है, जिसमें आरोपी को बरी कर दिया गया था। न्यायमूर्ति श्रीनिवास हरीशकुमार की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अभियोजन पक्ष की आपराधिक अपील याचिका पर विचार करने के बाद हाल ही में आदेश पारित किया। यह घटना 26 अक्टूबर 2014 को चिक्कमगलुरु जिले के बलुरु थाना क्षेत्र में हुई थी। जब आरोपी ने अपराध किया तब वह 18 साल का था और वर्तमान में 28 साल का है। अदालत ने अपराधी परिवीक्षा अधिनियम के तहत उसे लाभ देने और उसे रिहा करने की याचिका भी खारिज कर दी।

# सफेद चादर में लिपटी मनाली, शिमला को अब भी बर्फबारी का इंतजार



**एजेंसी। शिमला/मनाली**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी में सोमवार को बर्फबारी नहीं हुई, लेकिन एक अन्य पर्यटन स्थल मनाली को मध्यम बर्फबारी की सौगात मिली। यहां मौसम कार्यालय ने बताया कि मनाली में आज न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाम के एक अधिकारी ने बताया, मनाली और उसके आसपास की पहाड़ियों पर सोमवार तड़के हल्की से मध्यम बर्फबारी हुई। उन्होंने कहा कि शिमला से लगभग 250 किलोमीटर दूर सुरम्य कल्पा में भी 1.6 सेमी बर्फबारी हुई। लाहौल-स्पीति जिले के कुकुमसेरी में 50.6 सेमी बर्फबारी हुई, जो राज्य में सबसे अधिक है।

न्यूनतम तापमान शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। केलांग में 21 सेमी बर्फबारी हुई। लाहौल और स्पीति, चंबा, मंडी, कुल्लू, किन्नौर और शिमला जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में सोमवार सुबह से बर्फबारी हो रही है। अधिकारी ने कहा, "19 से 20 फरवरी तक भारी से बहुत भारी बारिश और बर्फबारी के साथ आंधी, ओलावृष्टि और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने की संभावना है।" जैसे ही बर्फबारी शुरू हुई पर्यटक बर्फीले परिदृश्य का आनंद लेने के लिए मनाली और आसपास की पहाड़ियों पर उतरने लगे। कल्पा, सांगला, धर्मशाला और पालमपुर जैसे अन्य लोकप्रिय पर्यटक रिसॉर्ट्स के आसपास की चोटियों को भी ताजा बर्फ की चादर मिल गई है। धर्मशाला, सोलन, नाहन, चंबा और मंडी शहरों सहित राज्य के निचले इलाकों में हल्की बारिश के साथ ठंड है।

## भूस्खलन से श्रीनगर और जम्मू राजमार्ग अवरुद्ध, यातायात रुका



**श्रीनगर।** लगातार बारिश के कारण सोमवार को श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग के बनिहाल इलाके में भूस्खलन के बाद सड़क को यातायात के लिए बंद कर दिया गया। राजमार्ग सुबह यातायात के लिए खुला था, लेकिन राजमार्ग के बनिहाल क्षेत्र में चामलवास में भूस्खलन के बाद इसे बंद कर दिया गया। यातायात विभाग के अधिकारियों ने कहा, यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे श्रीनगर या जम्मू में नियंत्रण कक्ष से संपर्क किए बिना यात्रा न करें। पिछले 24 घंटे के दौरान हुई भारी बर्फबारी के कारण सोमवार को जम्मू-कश्मीर में घाटी से बाहर जाने वाले सभी राजमार्ग बंद हो गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग के अलावा, मुगल रोड, बांदीपोरा-गुरेज रोड, सिंथन-किश्तवाड़ रोड और केरन/करना सीमावर्ती कस्बों की ओर जाने वाली सड़कें भी बंद हैं। जहां कश्मीर में बारिश हुई, वहीं जोजिला दर्रा, बालटाल, सोनमर्ग, पहलगाम, दूधपथरी, गुरेज आदि ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटे के दौरान भारी बर्फबारी हुई।

## दिल्ली में तापमान 14.1 डिग्री, कई स्टेशनों पर एक्यूआई 'खराब'



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, भारतीय मौसम विभाग ने कहा कि यह औसत से तीन डिग्री ऊपर है। पिछले हफ्ते तक तापमान 7 डिग्री के आसपास था और न्यूनतम तापमान 7-8 डिग्री के आसपास था। सोमवार को भारतीय मौसम विभाग ने पूवार्नुमान जताया कि अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है, जबकि अधिकतम तापमान 14 डिग्री है। मौसम विभाग ने कहा,"आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। वहीं रात में हल्की बारिश, बूंदाबांदी और तेज हवा की भी संभावनाएं हैं। सुबह 9 बजे वायु गुणवत्ता विभिन्न शहरों में 'खराब' और 'मध्यम' महसूस की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार इलाके में सुबह 9 बजे पीएम2.5 का स्तर 'खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया, जो 248 था और पीएम10 194 पर पहुंच गया। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे (टी3) पर पीएम2.5 का स्तर 161 दर्ज किया गया, जिसे 'खराब' माना जाता है और पीएम10 का स्तर 148 दर्ज किया गया।

# आज लोग कहने लगे हैं कि सुरक्षित प्रदेश का मतलब उप्र : सीएम योगी



**एजेंसी। लखनऊ**

ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि जब भारत अमृत काल में प्रवेश कर चुका है तो हम इस कालखंड के साक्षी और सहभागी बन सके हैं। भारत के अमृतकाल के सारथी के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यशस्वी मार्गदर्शन और नेतृत्व प्रदान हो रहा है। प्रधान नरेन्द्र मोदी के मिशन को हम लक्ष्य तक पहुंचाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुझे याद है कि वर्ष 2018 के इन्वेस्टर समिट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि उप्र में बहुत कुछ है लेकिन बदले हुए समय में वैल्यू एडिशन की बहुत आवश्यकता है। वर्क कल्चर से ही नहीं बल्कि हर क्षेत्र में अपको वैल्यू एडिशन की जरूरत है। आज छह वर्ष बाद मुझे यह कहने में खुशी हो रही है कि प्रधानमंत्री मोदी के उन शब्दों को यूपी ने आत्मसात किया है। परिणाम स्वरूप आज ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का चौथा संस्करण आयोजित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आचार्य चाणक्य ने कहा था कि भूमि, जनसंख्या और पूंजी पर ध्यान देने की जरूरत होती है। आज उत्तर प्रदेश में यह तीनों तत्व प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। इस सेरेमनी के माध्यम से होने वाले निवेश के माध्यम 34 लाख युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। आज यूपी दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है।

उप्र की उपलब्धियां गिनाते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा एयरपोर्ट है। एक्स्प्रेसवे बन रहे हैं। हम उम्मीद करते हैं कि जब आप प्रयागराज में महाकुम्भ में आएं तो गंगा एक्सप्रेसवे बनकर तैयार होगा। इज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी का अपना स्थान है। आज यूपी में न बिल पावर की कमी है और मैन पावर की कमी है। आज हर निवेशक आना चाहता है। आज लोग कहने लगे हैं कि सुरक्षित प्रदेश का मतलब उत्तर प्रदेश। देश पांच ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने की अग्रसर है। मोदी जी की गारंटी है। यूपी समेत देश को पूरा भरोसा है। यूपी राम, कृष्ण, बाबा विश्वनाथ की भूमि है। सन्तों की भूमि है। यूपी उद्योग की भी भूमि है। यूपी भारत का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। मोदी मिशन को लक्ष्य तक पहुचाएंगे।

### पीएम मोदी के तीसरे-चौथे कार्यकाल में शिखर को छुएगा भारत : राजनाथ सिंह



देश के रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपने संसदीय क्षेत्र में स्वागत किया। इस मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा कि 'प्रधानमंत्री जी आपके नेतृत्व में सम्पूर्ण भारत तेजी आगे बढ़ रहा है। सबसे अलग नजरिया होता है। जहां लोग समस्या देखते हैं, वहां पीएम समाधान देखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी सबसे दैदीप्यमान नक्षत्र के रूप में दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में पीएम ने मजबूत नींव रखी है। भारत की जनता को भरोसा है कि आपके तीसरे व चौथे नेतृत्व में भारत शिखर को छुएगा। राजनैतिक और उद्योगपति मिलकर भारत को बहुत आगे ले जाएंगे। गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए भी आपने बड़ा कार्य किया।' रक्षा मंत्री ने कहा कि बीते सात वर्षों में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में अच्छे प्रयास से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हो रही है। मैं आश्वस्त हूँ कि हमारा यूपी विकास के नए आयाम गढ़ेगा।

## कलकत्ता हाईकोर्ट का संदेशखाली पर जनहित याचिका की फास्ट ट्रैक सुनवाई से इनकार



**एजेंसी। कोलकाता**

कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में केंद्रीय सशस्त्र बल की तैनाती की मांग करने वाली एक जनहित याचिका की फास्ट ट्रैक सुनवाई की याचिका खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि मामले की सुनवाई नियमित शिड्यूल के आधार पर की जाएगी। खंडपीठ ने याचिकाकर्ता संजुकाता सामंता से भी सवाल किया, जो खुद कलकत्ता उच्च न्यायालय की वकील हैं, कि यदि याचिकाकर्ता एक सामाजिक कार्यकर्ता नहीं है और व्यक्तिगत रूप से संदेशखाली का दौरा नहीं किया है, तो फास्ट-ट्रैक सुनवाई के लिए कहने का क्या कारण है। खंडपीठ ने यह भी कहा कि चूंकि संदेशखाली से संबंधित एक अन्य मामला पहले से ही कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल-न्यायाधीश पीठ में लंबित है, जिसकी सुनवाई सोमवार को ही होनी है, इसलिए वहां के घटनाक्रम पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है।

### शाहजहां शेख को बचा रही है ममता सरकार : भाजपा



**नई दिल्ली।** भाजपा ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार बलात्कार के आरोपित शाहजहां शेख को बचा रही है। पश्चिम बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ममता बनर्जी की पार्टी के लोग सिर्फ 30 फीसदी वोट पाने के लिए खोज-खोज कर हिन्दू महिलाओं को उठाते थे और उनके सम्मान के साथ खिलवाड़ करते थे। संदेशखाली में जो हुआ, वह किसी से छिपा नहीं है। भाजपा के प्रतिनिधियों को वहां जाने से रोका जा रहा है। चटर्जी ने आरोप लगाया है कि संदेशखाली में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले शेख को ममता सरकार अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी दिखाती है कि वह किस तरह से अपराधियों के साथ खड़ी हैं। चटर्जी ने कहा कि पीड़ित महिलाओं की एफआईआर तक नहीं लिखी जा रही है। उन्हें धमकियां मिल रही हैं। शेख और उनके लोग महिलाओं पर अत्याचार कर रहे थे और रात को फोन कर उन्हें बुलाते थे। महिलाओं के मना करने पर उन्हें उनके बच्चों और पति को मारने की धमकी दी जाती थी। कोलकाता से 35 किमी दूर संदेशखाली में शेख शाहजहां और उसके माफिया दोस्त माफियाराज चलाते हैं। वहां के लोग बहुत समय से उनके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की कुछ हिन्दू महिलाओं ने टीएमसी नेता शाहजहां शेख पर बलात्कार व जमीन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया था। उसके बाद विपक्षी दलों ने महिलाओं के समर्थन में आवाज उठाई और शेख को गिरफ्तार करने की मांग की है।

## रतलाम में तांत्रिक ने एक परिवार की 3 महिलाओं से किया दुष्कर्म



**एजेंसी। रतलाम**

मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में एक तांत्रिक ने जमीन से गड़ा धन निकालने का लालच देकर एक परिवार की तीन महिलाओं को अपनी हवस का शिकार बनाया। आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आलोट नगर के एक परिवार के सदस्य की तांत्रिक से मुलाकात हुई। इस तांत्रिक ने जमीन में गड़ा धन निकालने का लालच दिया। तांत्रिक के जाल में वह व्यक्ति फंस गया और उसे अपने घर ले गया। इस तांत्रिक ने घर के लोगों के गले में ताबीज बांधने को दिया। उसके बाद घर में किसी पुरुष के न रहने की शर्त रखी। पुलिस को दिए गए पीड़ित पक्ष के बयान के अनुसार, तांत्रिक ने परिवार के दो सदस्यों पिता और पुत्र के मेहंदीपुर जाने के बाद महिला और उसकी पुत्री व रिश्ते की बहन को बारी-बारी से पानी के साथ नशीली वस्तु दी, फिर उनके साथ दुष्कर्म किया। राजस्थान का निवासी तांत्रिक बलवीर सिंह अब पुलिस की गिरफ्त में है।

### लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान कांग्रेस को तगड़ा झटका

## महेंद्रजीत ने थामा बीजेपी का दामन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के एक और वरिष्ठ नेता ने पार्टी को बॉय-बॉय बोलकर बीजेपी का दामन थाम लिया है। दरअसल, राजस्थान के बागीदौरा से कांग्रेस विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय कांग्रेस से इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल हो गए। सोमवार को वो राजधानी जयपुर स्थित बीजेपी मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्हें प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल किया गया। इस बीच बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौर ने उनका स्वागत किया। बीजेपी में शामिल होने से पहले महेंद्रजीत को मीडियाकर्मियों ने घेर लिया। उनसे सवाल किया गया कि आखिर वो ऐसा कदम क्यों उठाने जा रहे हैं? हालांकि, उन्होंने इस सवाल का सीधा जवाब तो नहीं दिया, मगर इतना जरूर कहा, आज देश में विकास की बात हो रही है। हर कोई विकास पर खुलकर बात कर रहा है। लिहाजा आज की तारीख में डबल इंजन की सरकार की जरूरत है। उनके इस बयान से साफ जाहिर होता है कि वो अब केंद्र के साथ सभी राज्यों में भी बीजेपी की सरकार का नेतृत्व होने की बात पर जोर दे रहे हैं।

### चंडीगढ़ के तीन आप पार्षद बीजेपी में शामिल

आम आदमी पार्टी को चंडीगढ़ में बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। चंडीगढ़ के तीन आप पार्षदों ने रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने आम आदमी पार्टी के इन पार्षदों के भाजपा में शामिल होने की तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, पीएम के नेतृत्व में जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर चंडीगढ़ से आम आदमी पार्टी की पार्षद पूनम देवी, नेहा और गुरचरण काला जी आज दिल्ली में भाजपा में शामिल हुए। तावड़े ने आगे कहा, आप ने उनके साथ धोखा किया है, लेकिन भाजपा उन्हें बिना किसी झूठे वादे के उनकी क्षमता के अनुसार न्याय देगी। भाजपा परिवार में आप सभी का स्वागत है।

## बिहार विस में अपराध के आंकड़े पर भाजपा विधायक ने मांगा जवाब



सीपीआई-एमएल विधायकों ने सोमवार को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पटना में विरोध प्रदर्शन किया

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा में बजट सत्र के चौथे दिन सोमवार को चर्चा के दौरान भाजपा विधायक संजय सरावगी ने कहा कि क्या यह बात सही है कि दिसम्बर, 2023 में राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो से जारी आंकड़ों के अनुसार देश में 2021 के अनुपात में 2022 में कुल दर्ज हत्याओं के अपराध घटे हैं जबकि बिहार में दर्ज हत्याओं के अपराध बढ़ें हैं, जो देश में दूसरे नम्बर पर है। इसके जवाब में गृह विभाग के प्रभारी मंत्री विजेंद्र यादव ने कहा कि चाहे जो भी महीना हो और किसी तरह की घटना हो कार्रवाई निरंतर चल रही है और चलती रहेगी। इस मामले में भी कार्रवाई की जाएगी। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सदन में जानकारी दी कि बिहार में 326 अवैध कंपनियों पर मामले दर्ज हैं और इनके खिलाफ कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा के बजट सत्र का आज चौथा दिन है। नंद किशोर यादव के स्पीकर बनने के बाद आज पहली बार उनकी अध्यक्षता में सदन की कार्यवाही शुरू हुई।

### लोकसभा चुनाव के लिए सपा ने घोषित किए 11 उम्मीदवार

# मुख्तार के भाई अफजाल को भी मिला टिकट



**एजेंसी। लखनऊ**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की 11 और सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं। पार्टी ने माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी को गाजीपुर से उम्मीदवार बनाया है। सपा ने सोमवार को लोकसभा उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की। इसके मुताबिक मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक, आंवला से नीरज मौर्य, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप, हरदोई से ऊषा वर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। मिश्रिख लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने रामपाल राजवंशी, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, प्रतापगढ़ से एसपी सिंह पटेल को टिकट दिया है। पार्टी ने बहराइच से रमेश गौतम, चंदौली से वीरेंद्र सिंह और गोंडा से श्रेया वर्मा पर दांव लगाया है। इसके अलावा अखिलेश यादव ने गाजीपुर लोकसभा सीट से माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी को टिकट दिया है। इससे पहले 30 जनवरी को सपा की पहली लिस्ट सामने आई थी, जिसमें 16 उम्मीदवारों के नाम थे। सपा ने अब तक यूपी की 80 लोकसभा सीट पर 27 उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं।

### राज ठाकरे ने भाजपा के शहर अध्यक्ष से की मुलाकात, गठबंधन की अटकलें तेज



**मुंबई।** गठबंधन की ताजा अटकलों को हवा देते हुए मुंबई भाजपा के अध्यक्ष आशीष शेलार ने सोमवार सुबह महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे से उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों के बीच बंद कमरे में एक घंटे से अधिक मुलाकात हुई। इस दौरान वहाँ कोई और नहीं था, जिससे शिवसेना-भाजपा-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के साथ मनसे के संभावित चुनावी समझौते की चर्चा तेज हो गई है। हालांकि दोनों पक्षों ने अभी तक बैठक पर आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। मनसे के मुख्य प्रवक्ता संदीप देशपांडे ने कहा कि राज ठाकरे और आशीष शेलार अच्छे दोस्त हैं और वे नियमित रूप से मिलते रहते हैं। इसलिए इसमें ज्यादा कुछ नहीं समझा जाना चाहिए, हालाँकि किसी भी राजनीतिक संबंध की संभावना को सिरे से खारिज नहीं किया जा रहा है। राजनीतिक हलकों में यह चर्चा जोरों पर है कि शेलार ने लोकसभा चुनाव कथित तौर पर मनसे प्रमुख को 'भाजपा आलाकमान का एक संदेश' दिया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**वृष :** घर के सदस्य मदद करेंगे व साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा।

**मिथुन :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**कर्क :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**सिंह :** पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे।

**कन्या :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

**वृश्चिक :** व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**धनु :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख।

**मकर :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**कुंभ :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**मीन :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

# एंडरसन की लगातार 3 गेंद पर तीन छक्के जड़ने में मजा आया : जायसवाल



**राजकोट (एजेंसी)।** तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर भारत की 434 रन की जीत में नाबाद 214 रन बनाने वाले बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि उन्होंने अपनी रोमांचक पारी के दौरान अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के खिलाफ लगातार तीन छक्के मारने का आनंद लिया। तीसरे दिन चोटिल होने के कारण 104 रन पर रिटायर्ड हर्ट होने के बाद जायसवाल ने भारत की दूसरी पारी 430/4 के कुल स्कोर पर घोषित होने पर 236 गेंदों में 214 रन बनाए। यह उनका लगातार दूसरे मैच में दोहरा शतक था। पिछले साल जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू मैच में 171 रन बनाने वाले जायसवाल ने 14 चौके और 12 छक्के लगाए और एक टेस्ट पारी में सर्वाधिक छक्कों के विश्व रिकॉर्ड में वसीम अकरम की बराबरी की। मैच खत्म होने के बाद जायसवाल ने ब्रॉडकास्टर्स जियो सिनेमा से कहा, ₹मुझे लगता है कि मैं वास्तव में अच्छी फॉर्म में था। मुझे लगा कि अगर वह वहां गेंदबाजी करेंगे, तो मुझे अपने शॉट्स खेलने होंगे। वह एक विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा था और मैंने वास्तव में इसका आनंद लिया।" सात टेस्ट मैचों में जायसवाल ने अब 71.75 की औसत से 861 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक शामिल हैं। जो सभी 150 से अधिक स्कोर में बदल गए हैं। जायसवाल एक सीरीज में 20 से ज्यादा छक्के लगाने वाले पहले टेस्ट खिलाड़ी भी हैं। उनकी नाबाद 214 रन की पारी ने उन्हें सर डोनाल्ड ब्रैडमैन और विनोद कांबली के बाद इस प्रारूप में दो दोहरे शतक दर्ज करने वाला दुनिया का तीसरा सबसे युवा टेस्ट बल्लेबाज बना दिया। कांबली और विराट कोहली के बाद जायसवाल टेस्ट में लगातार दोहरे शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज भी बन गए।

## यशस्वी के पास क्लास है, सरफराज को लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा : मदन लाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर और 1983 विश्व कप विजेता मदन लाल ने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में मैच जिताऊ प्रदर्शन के बाद यशस्वी जायसवाल और सरफराज खान की प्रशंसा की। यशस्वी ने अपने टेस्ट करियर का दूसरा नाबाद दोहरा शतक बनाया, जबकि सरफराज ने अपने पहले मैच में पहली और दूसरी पारी में अर्द्धशतक जड़ा। मदन लाल ने आईएएनएस से विशेष बातचीत में कहा, 'यह युवा पीढ़ी काफी अच्छी है। उनके पास प्रथम श्रेणी और आईपीएल खेलने का काफी अनुभव है। वे गेंद को हिट करने से नहीं डरते हैं। अगर आप उनकी बल्लेबाजी शैली को देखें तो वे बहुत अधिक सकारात्मक हैं। जिस तरह वे शॉट्स खेलते हैं, उससे पता चलता है कि उनमें बहुत आत्मविश्वास है और यह तभी आ सकता है जब आप बहुत अधिक क्रिकेट खेलें। यही कारण है कि वे चैंपियन हैं। अगली पीढ़ी भारत के लिए तैयार हो रही है।' उन्होंने आगे कहा, 'लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद यशस्वी के पास क्लास है और सरफराज को उसी तरह से प्रदर्शन करते रहने की जरूरत है, क्योंकि उनका सफर अभी शुरू हुआ है।' यह पूछे जाने पर कि क्या केएल राहुल, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के वापस आने पर चयनकर्ताओं के लिए टीम का प्रबंधन करना मुश्किल होगा? पूर्व ऑलराउंडर ने कहा, 'मुझे लगता है, यह एक अच्छा संकेत है, जैसे आप केएल, विराट और श्रेयस के बारे में बात करते हैं। उन्होंने बहुत बेहतर प्रदर्शन किया है और ये इन नए खिलाड़ियों की शुरूआत है। 'स्थापित खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में जसप्रीत बुमराह को दिया जा सकता है आराम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजकोट टेस्ट में जीत हासिल करने के बाद टीम इंडिया ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। लेकिन, जो खबर अब सामने आ रही है वो भारतीय क्रिकेट फैंस को झटका दे सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से रांची में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के लिए आराम दिया जा सकता है। मौजूदा सीरीज में 13.64 की शानदार औसत से 17 विकेट लेकर बुमराह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने अब तक तीन मैचों में 80.5 ओवर फेंके हैं। भारतीय टीम मंगलवार को राजकोट से रवाना होगी, हालांकि बुमराह के टीम के साथ यात्रा करने की संभावना नहीं है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह को आराम देने का फैसला भारतीय टीम के वर्कलोड प्रबंधन का हिस्सा है। पांचवें टेस्ट में उनकी भागीदारी चौथे टेस्ट के नतीजे पर निर्भर हो सकती है। फिलहाल इस बात का कोई संकेत नहीं है कि टीम प्रबंधन तेज गेंदबाज के रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को चुनेगा या नहीं।

## स्टोक्स ने की डीआरएस से अंपायर्स कॉल हटाने की मांग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 432 रन की हार में जैक क्रॉली के आउट होने के बाद डीआरएस में 'अंपायर कॉल' को खत्म करने की अपील की। बेन स्टोक्स को जैक क्रॉली का एलबीडब्ल्यू आउट होना हैरान करने वाला लगा, क्योंकि डीआरएस से पता चला कि गेंद स्टंप्स पर नहीं लग रही थी। फिर भी मैदानी फैसला बरकरार रहा और डीआरएस ने इस फैसले को 'अंपायर कॉल' की तरफ भेज दिया। स्टोक्स के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम को मैच के बाद मैच रेफरी से बात करते हुए जैक क्रॉली के आउट पर स्पष्टीकरण मांगते हुए देखा गया। ईएसपीएन ने स्टोक्स के हवाले से कहा, 'जब रिप्ले हुआ तो हम जैक के डीआरएस के बारे में कुछ स्पष्टता चाहते थे। रीप्ले में गेंद स्पष्ट रूप से स्टंप को मिस कर रही थी। इसलिए जब इसे अंपायर का कॉल दिया गया और गेंद वास्तव में स्टंप से नहीं टकराई, तो हम थोड़ा हैरान थे। इसलिए हम हॉक-आई के लोगों से कुछ स्पष्टता चाहते थे। स्टोक्स ने कहा, 'इस पर उन्होंने जवाब दिया कि गेंद स्टंप को लग रही थी लेकिन प्रोजेक्शन गलत था। मुझे नहीं पता कि इसका क्या मतलब है, लेकिन कुछ गड़बड़ी जरूर हुई।' 'यहां जो कुछ हुआ है, उस पर मैं किसी को दोष नहीं दे रहा हूं, जैसा कि मैंने पिछले सप्ताह भी नहीं किया था। यह सिर्फ जानने की कोशिश है कि... क्या चल रहा है?' हालांकि, स्टोक्स ने इंग्लैंड की हार के लिए ऐसी कॉलों को जिम्मेदार ठहराने से इनकार कर दिया, लेकिन डीआरएस के लिए 'अंपायर कॉल' नियम को खत्म करने की मांग की।

## न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच चैपल-हैडली ट्रॉफी अब वनडे, टी20 दोनों फॉर्मेट में खेली जाएगी



**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** चैपल-हेडली ट्रॉफी, जो पहले ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के विजेता को दी जाती थी, अब 50 ओवर और टी20 दोनों प्रारूपों में खेली जाएगी, जिसकी शुरूआत तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के साथ बुधवार से वेलिंग्टन में हो रही है। चैपल-हेडली ट्रॉफी का नाम ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट इयान भाइयों ग्रेग-ट्रेवर चैपल और न्यूजीलैंड क्रिकेट राजवंश वाल्टर हेडली और बेटों बैरी, डेले और सर रिचर्ड के सम्मान में रखा गया है।

2004-05 में पुरुषों के वनडे क्रिकेट में ट्रांस-तस्मान वर्चस्व के प्रतीक के रूप में लॉन्च की गई। ट्रॉफी अब अपने प्रदर्शन और प्रोफाइल को बढ़ाने के लिए 50-ओवर और टी20 दोनों प्रारूपों में खेली जाएगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तावित इस बदलाव का चैपल और हेडली दोनों परिवारों ने समर्थन किया है। सितंबर 2022 में केर्न्स में न्यूजीलैंड को एकदिवसीय श्रृंखला में 3-0 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के पास वर्तमान में चैपल-हेडली ट्रॉफी है, जो उसने सातवीं बार जीता है। न्यूजीलैंड ने चार मौकों पर ट्रॉफी जीती है। तीन मैचों की टी20 सीरीज का शुरूआती मैच बुधवार को स्काई स्टेडियम, वेलिंगटन में खेला जाएगा। इससे पहले शुक्रवार रात और रविवार को ऑकलैंड के ईडन पार्क में लगातार मुकाबले होंगे।

## फेयरवेल मैच में कीवी फैंस से सपोर्ट की उम्मीद नहीं : वार्नर



**वेलिंगटन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वार्नर को न्यूजीलैंड की सरजमीं पर अपने आखिरी दौरे में वेलिंगटन और ऑकलैंड में दर्शकों से गर्मजोशी से स्वागत की उम्मीद नहीं है। इस गर्मी में टेस्ट और वनडे क्रिकेट से दूर रहने वाले 37 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने पहले ही पुष्टि कर दी है कि पूर्णकालिक घरेलू फ्रेंचाइजी खिलाड़ी बनने से पहले इस साल का टी20 विश्व कप उनका आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। वार्नर ने सोमवार को मीडिया को संबोधित करते हुए न्यूजीलैंड में अपने पिछले मुकाबलों के आधार पर यह टिप्पण की क्योंकि पहले कीवी फैंस उन्हे ट्रोल कर चुके हैं और उन्हें लगता है कि इस बार भी कुछ ऐसा ही होने की संभावना है। हालांकि, उन्हें भरोसा है कि इससे सीरीज में उनके प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट फैंस की बात करते हुए वार्नर ने कहा, 'वे पर्सनल हो गए हैं, लेकिन ...यह उनका चरित्र है। मैं बस अपना काम करता हूं लेकिन यह प्रत्येक व्यक्ति पर है। अगर उन्हें लगता है कि उन्हें ऐसा करना है, तो ऐसा ही होगा यदि आप आकर लोगों को गाली देकर अपने पैसे वसूलना चाहते हैं, तो इससे बढ़िया आप अपने घर में ही रहें।' 'हम यहां क्रिकेट खेलने आए हैं जिसे हम पसंद करते हैं।' अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने आगे स्वीकार किया कि भविष्य में ऑस्ट्रेलिया के लिए और अधिक दौरे होने चाहिए। उन्होंने कहा, 'यह हमेशा से कड़वी सच्चाई है कि हम पड़ोसी हैं। खेल में हम एक-दूसरे को हराना पसंद करते हैं।' न्यूजीलैंड के खिलाफ 29 फरवरी से शुरू होने वाले दो टेस्ट मैचों से पहले होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला, अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले छोटे प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया की आखिरी सीरीज है।

## डब्ल्यूटीटी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए साथियान और मनिका को आर्थिक मदद देगी सरकार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने सोमवार को डब्ल्यूटीटी फीडर स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता के लिए टेबल टेनिस खिलाड़ियों साथियान ज्ञानसेकरन और मनिका बत्रा के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। साथियान डब्ल्यूटीटी फीडर और डब्ल्यूटीटी फीडर 2 इवेंट में भाग लेने के लिए बेरूत, लेबनान जाएंगे और मनिका अपने कोच के साथ डब्ल्यूटीटी सिंगापुर स्मैश में भाग लेने के लिए सिंगापुर जाएंगी और उसके बाद बेरूत, लेबनान में 2 डब्ल्यूटीटी फीडर टूर्नामेंट में भाग लेंगी। एमओसी ने शटलर किरण जॉर्ज और अनुपमा उपाध्याय, ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल टीमों और राइफल निशानेबाज रुद्राक्ष पाटिल के लिए भी प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। जहां किरण और अनुपमा उपाध्याय बीडब्ल्यूएफ ऑरलियन्स मास्टर्स में भाग लेंगी। वहीं ट्रीसा और गायत्री की टीम अपने कोच और फिजियो के साथ बीडब्ल्यूएफ जर्मन ओपन में खेलने के लिए जर्मनी जाएगी। इस बीच, रुद्राक्ष इंटरनेशनल सैसन स्टार्ट फॉर शूटर्स (आईएसएएस 2024) स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने के लिए डॉर्टमुंड, जर्मनी जाएंगे।

## पीकेएल 10 : आशु मलिक की रेडिंग ने दबंग दिल्ली को बेंगलुरु बुल्स पर जीत दिलाई

**पंचकूला (एजेंसी)।** यहां के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में रविवार को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 10 के मैच में दबंग दिल्ली ने बेंगलुरू बुल्स को 46-38 से हरा दिया। शानदार रेडिंग प्रदर्शन में आशु मलिक ने 17 अंक दर्ज किए, जिससे वह पीकेएल सीजन 10 में सफल रेड के चार्ट में शीर्ष पर पहुंच गए और सीजन के लिए रेड पॉइंट में अर्जुन देशवाल से केवल नौ अंक पीछे रह गए। शुरूआत से ही दबंग दिल्ली ने तेजी से बढ़त बना ली और खेल के पहले पांच मिनट में ही बुल्स को मुश्किल में डाल दिया। पहला ऑल-आउट पहले पांच मिनट के भीतर आया और उन्होंने 12-3 की बढ़त ले ली। वहां से बुल्स एकजुट हुए और बढ़त के करीब पहुंचने के लिए कुछ अंक भी जुटाए। बहुत ही अनुशासित प्रदर्शन में उनकी रक्षा ने कार्य को पूरा किया और आधे के माध्यम से अविश्वसनीय 14 टैकल अंक दर्ज किए, जो उनके रेडरों की तुलना में अधिक था। हाफ के अंतिम पांच मिनटों में वे ही थे, जिनके पास गति थी और जल्द ही दबंग हाथापाई करने लगे। मैट पर उनकी संख्या कम हो गई। विकास कंडोला पर योगेश के सुपर टैकल ने ब्रेक को रोक दिया, क्योंकि वे 28-16 से आगे थे। इसके बावजूद बुल्स को फिर से शुरू होने के कुछ सेकंड के भीतर अपना पहला ऑल-आउट करने में देर नहीं लगी और अंतर को 28-19 तक कम कर दिया। दबंग ने लगभग तुरंत ही पलटवार किया और आशु मलिक की सुपर रेड ने पोन पार्थिबन सुब्रमण्यम, सौरभा नंदल और रोहित कुमार को आउट कर उन्हें गेम पर वापस नियंत्रण में ला दिया।

## फैज फजल ने पेशेवर क्रिकेट से लिया संन्यास



**नागपुर (एजेंसी)।** विदर्भ के दो बार के रणजी ट्रॉफी विजेता कप्तान और सलामी बल्लेबाज फैज फजल ने घोषणा की है कि वह प्रतिष्ठित प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट में हरियाणा के खिलाफ अपनी टीम के मैच के बाद पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। फजल की कप्तानी में विदर्भ ने 2017-18 में पहली बार रणजी ट्रॉफी जीती थी। उस सीजन वह अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। खास बात यह है कि उन्होंने इस जीत को अगले सीजन फिर दोहराया और अपनी टीम को चैंपियन बनाया। फजल ने 2016 में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत के तीसरे वनडे मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया। उन्होंने नाबाद 55 रन बनाए और मेहमान टीम ने 10 विकेट से जीत दर्ज की। लेकिन इसके बाद उन्हें मौका नहीं मिला। फैज फजल ने कहा, 'कल यानी मंगलवार को एक युग का अंत होगा जब मैं आखिरी बार नागपुर के मैदान पर कदम रखूंगा, जहां प्रथम श्रेणी क्रिकेट में मेरी अविश्वसनीय यात्रा 21 साल पहले शुरू हुई थी। यह एक बेहद खास यात्रा रही है, जो यादगार यादों से भरी हुई है। 'भारतीय क्रिकेट टीम और विदर्भ दोनों का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। उन क्रिकेट जर्सियों को पहनना मुझे हमेशा बहुत गर्व से भर देता है। मेरी प्रिय नंबर 24 जर्सी को विदाई दे रहा हूं, जिसकी मुझे बहुत याद आएगी। 'मेरे सभी साथियों, फिजियो और प्रशिक्षकों का हार्दिक धन्यवाद। साथ ही ग्राउंड्समैन, परिवार, दोस्तों और समर्थकों ने मेरी इस यात्रा में मेरा हमेशा साथ दिया।' फजल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'जैसे ही एक अध्याय खत्म होता है, दूसरा इंतजार कर रहा होता है और अपने पेशेवर क्रिकेट करियर को अलविदा कहना मुझे मिश्रित भावनाओं से भर देता है।

### 'भारत में औरतों के लिए काम करना बहुत कठिन, उनकी बातों की इज्जत नहीं'

# 4 साल से टीम इंडिया की कोच रही शॉपमैन का बड़ा बयान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम ने रविवार को प्रो लीग में अमेरिका को शूटआउट में मात दी। ओलंपिक के लिए क्वालिफाई न करने वाली टीम इंडिया पहले लेग में अंकतालिका में पांचवें स्थान पर हैं। इस मुकाबले के बाद बीते चार से टीम के साथ रही हेड कोच जेनेक शॉपमैन ने अपने दिल का हाल बयान किया। उन्होंने भारत में अपने अनुभव को लेकर बड़ा बयान दिया। उनके मुताबिक भारत में महिलाओं की बात की कोई इज्जत नहीं है और हॉकी इंडिया महिला और पुरुष टीम।

### भारत में औरतों का काम करना मुश्किल

उन्होंने आगे कहा, 'अगर मैं अपनी बात करूं तो मेरे लिए यह बहुत मुश्किल था। मैं नेदरलैंड्स की रहने वाली हूं, अमेरिका में काम कर चुकी हूं लेकिन भारत में एक औरत होते हुए काम करना बहुत मुश्किल है। मैं ऐसी जगह काम कर चुकी हूं जहां औरतों की अपनी सोच होती है और उसे अहमियत दी जाती है। भारत में यह बहुत मुश्किल है।'

### महिला-पुरुष टीम के बीच होता है भेदभाव

इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत में महिलाओं की बातों को, उनकी सोच को अहमियत नहीं दी जाती है। महिला और पुरुष टीम के बीच काफी भेदभाव होता है। शॉपमैन ने कहा, 'मैंने देखा कि पुरुष और महिला कोच के बीच भेदभाव होता है। मेरी टीम की लड़कियों ने काफी मेहनत से मुंह नहीं फेरा। बहुत मेहनत की। मैं उनके बारे में कुछ नहीं कहना चाहती। वह नई चीजें सीखना चाहती थीं।'

### खिलाड़ियों के लिए भारत में रहने को तैयार शॉपमैन

शॉपमैन ने आगे कहा कि उनके लिए भारत में काम को मैनेज करना मुश्किल था। उन्हें कभी गंभीरता से नहीं लिया गया। उनके मुताबिक हॉकी इंडिया के अधिकारियों का पूरा ध्यान पुरुष टीम पर था। शॉपमैन ने कहा कि वह आगे टीम इंडिया के साथ काम करेंगी या नहीं यह इस बात पर निर्भर करता है कि टीम की खिलाड़ी क्या चाहती हैं। अगर वह उनका चाहती हैं और हॉकी इंडिया उनका करार बढ़ाता है तो वह भारत में रुक जाएंगी।

### 2020 में टीम इंडिया से जुड़ीं शॉपमैन

शॉपमैन जनवरी 2020 में एनालिटकल कोच के तौर पर महिला टीम के साथ जुड़ी थीं। तब टीम के हेड कोच श्योर्ड मरीन्ये थे। टोक्यो ओलंपिक के बाद श्योर्ड मरीन्ये का कार्यकाल खत्म हुआ और शॉपमैन को टीम की जिम्मेदारी मिली। पूर्व ओलंपिक मेडलिस्ट ने कहा कि हेड कोच बनने के बाद भी उन्हें न तो समर्थन मिला न ही तवज्जो।

## खबरें व्यापार जगत की

### टाटा समूह कर्नाटक में 2,300 करोड़ रुपये का करेगा निवेश



**बेंगलुरू (एजेंसी)।** राज्य सरकार ने ऐलान किया कि टाटा समूह की कंपनियां एयर इंडिया और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड कर्नाटक परियोजना के अंतर्गत प्रदेश में 1,650 लोगों को रोजगार देने के मकसद से 2,300 करोड़ निवेश करने का ऐलान किया है। समझौता ज्ञापन के मुताबिक, एयर इंडिया बेंगलुरु हवाई अड्डे पर विमानों के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए एयर इंडिया एक केंद्र स्थापित करेगी। इस परियोजना में लगभग 1,300 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है जो 1,200 लोगों के लिए रोजगार पैदा करेगा। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स, जो यूरोपीय दिग्गज एयरबस के विमानों के लिए दरवाजे बनाती है। राज्य में विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास सुविधाएं स्थापित करेगी। कंपनी बेंगलुरु एयरपोर्ट के पास और कोलार में तीन परियोजनाओं में निवेश करेगी, जिसमें कुल 1,030 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इनमें यात्री से मालवाहक विमान रूपांतरण सुविधा (420 करोड़ रुपये), बंदूक निर्माण सुविधा (310 करोड़ रुपये) और कर्नाटक में एयरोस्पेस और रक्षा अनुसंधान और विकास (300 करोड़ रुपये) शामिल हैं। इन परियोजनाओं से 450 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और राज्य के बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री एमबी पाटिल यहां इस संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह में उपस्थित थे। मंजूरी और हस्तक्षेप के मामले में सरकार से सुव्यवस्थित समर्थन की आवश्यकता होती है, पाटिल ने परियोजनाओं की ग्राउंडिंग से संबंधित किसी भी चुनौती को हल करने में समर्थन का आश्वासन दिया। कर्नाटक उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव एस सेल्वाकुमार और एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी निपुण अग्रवाल और टीएएसएल के सीईओ सुकरन सिंह ने समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया।

### अब तक के उच्चतम स्तर पर निफ्टी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्मॉलकेस मैनेजर और वैल्यू स्टॉक्स के संस्थापक शैलेश सराफ का कहना है कि वित्तीय और ऊर्जा शेयरों के प्रदर्शन से निफ्टी 50 22,171 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और बैंकिंग शेयरों में हालिया गिरावट के बाद, निवेशक बाजार में जारी तेजी के दौरान इन शेयरों में मोलभाव कर रहे हैं, इससे संकेत मिलता है कि पीएसयू क्षेत्र तेजी से निवेशकों के लिए रुचिकर बना हुआ है। तकनीकी रूप से निफ्टी पीएसई इंडेक्स 13 फरवरी को 20 एसएमए स्तर से पलट गया था और वर्तमान में 9,564 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर के करीब कारोबार कर रहा है। इसके अतिरिक्त, स्मॉल-कैप और मिड-कैप सूचकांकों का प्राथमिक बेंचमार्क सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन जारी है। उन्होंने कहा, इसे बिजली और रेलवे शेयरों के इंट्राडे प्रदर्शन में देखा जा सकता है। निफ्टी एनर्जी इंडेक्स में भी इंट्राडे में 0.7 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई। 8.38 बिलियन आईएनआर (101 मिलियन डॉलर) मूल्य की बिजली परियोजना के अधिग्रहण के लिए आशय पत्र प्राप्त होने के बाद टाटा पावर कंपनी में 2 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड ने यह घोषणा करने के बाद 8 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी कि उसे 250 विशेष वैगनों की खरीद के लिए रक्षा मंत्रालय से ऑर्डर मिला है। उन्होंने कहा कि टीटागढ़ रेल सिस्टम्स का शेयर 8.5 फीसदी की तेजी के साथ 1037.55 रुपये पर पहुंच गया।

### इंडिया इंक में चल रहा मुनाफे का लोकतंत्रीकरण : रिपोर्ट




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक रिपोर्ट के मुताबिक एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि साल दर साल 16 फीसद की टैक्स वृद्धि के बाद निफ्टी का मुनाफा बीएसई 500 (26 फीसद सालाना) से काफी कम था, जो मुनाफे के लोकतंत्रीकरण की हमारी थीसिस को मजबूत करता है। छोटे और मिड कैप पर हमारे सकारात्मक दृष्टिकोण को मजबूत करता है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है 'एक समस्या दोनों सूचकांकों में राजस्व वृद्धि में अभिसरण है, यदि यह जारी रहता है, तो समय के साथ लाभ वृद्धि भी समान होने की संभावना है, मार्जिन अंतर कम हो रहा है। इससे एसएमआईडी की कहानी और भी नीचे से ऊपर हो जाएगी और व्यापक आउटपरफॉर्मेंस कम हो सकता है।' वित्तीय वर्ष 2024 की आय मजबूत थी और काफी हद तक अनुमान के अनुरूप थी। टॉपलाइन वृद्धि कमजोर और मार्जिन बनी हुई है। हालांकि, क्रमिक रूप से स्थिर है। पिछले साल कमजोर आधार से लाभान्वित हुआ। आम सहमति से निफ्टी आय अनुमान पूरे कमाई सत्र के दौरान लचीला और अपरिवर्तित रहा। उद्योगपति टॉपलाइन और मार्जिन पर आगे रहे, जबकि उपभोक्ता विवेकाधीन को परिचालन उत्तोलन से सहायता मिली। वित्तीय स्थिति में स्थिर वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, आधार प्रभाव और विकास दर कम हो रही है।

### इरेडा ने हरित ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए पीएनबी के साथ किया समझौता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने देश भर में नवीकरणीय ऊर्जा पहल को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विविध स्पेक्ट्रम के लिए पीएनबी एजेंसी के साथ मिलकर लोन देगा। इसमें इरेडा उधारकर्ताओं के लिए संयुक्त ऋण, ऋण सिंडिकेशन और अंडरराइटिंग; ट्रस्ट एंड रिटेंशन अकाउंट (टीआरए) का प्रबंधन; और ,एजेंसी के उधार पर मूल्य निर्धारण सहित मंजूरी की प्रतिस्पर्धी शर्तों की दिशा में काम करना शामिल है। सहयोग के माध्यम से इरेडा और पीएनबी किसी भी संगठन द्वारा जारी बांड में भी निवेश कर सकते हैं। इरेडा के अध्यक्ष प्रदीप कुमार दास ने कहा: 'यह रणनीतिक साझेदारी देश में नवीकरणीय ऊर्जा के विकास में तेजी लाने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य अपनी ताकत और संसाधनों को एक साथ मिलाकर नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की एक विविध श्रृंखला को मजबूत वित्तीय सहायता प्रदान करना, स्थिरता और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना है।' यह सहयोग बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और इंडियन ओवरसीज बैंक सहित अन्य प्रमुख वित्तीय संस्थानों के साथ आईआरईडीए की सफल साझेदारी को और भी मजबूत करता है।

# लोगों का जीवन बेहतर बनाने के लिए मिलकर कार्य करें: राज्यपाल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड राज्य अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति एवं प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के लिए जाना जाता है। इन संसाधनों से लोगों का जीवन बेहतर बन सके, इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। राज्यपाल सोमवार को रांची के आर्यभट्ट सभागार में दीदियों के स्नातक समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि हमारी दीदियों ने तीन वर्ष पूर्व इंड अल्ट्रा पॉवर्टी (ईयूपी) कार्यक्रम के तहत विविध आजीविका के माध्यम से एक सम्मानजनक जीवन जीने के लिए छात्रा के रूप में यात्रा शुरू की थी। तीन साल के पश्चात वे स्नातक के रूप में उभरी हैं और उनकी उपलब्धियां प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) सहित कई आदिवासी परिवारों को गरीबी से ऊपर उठाने के लिए वित्तीय समावेशन, आजीविका संवर्धन और सामाजिक सुरक्षा पर ध्यान केन्द्रित किया गया, जिससे दीदियों के जीवन में ठोस बदलाव आया है। राज्यपाल ने कहा कि इंड अल्ट्रा पॉवर्टी कार्यक्रम विकास के लिए किए गए विभिन्न पहलों में से एक है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आजीविका में विविधता लाने एवं वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने का प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा है। पशुपालन एवं कृषि कार्य का भी प्रशिक्षण प्राप्त होता है। इनसे उनकी आमदनी लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन योजना, उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना इत्यादि का भी लाभ उन्हें मिल रहा है। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एवं एकलव्य विद्यालय के माध्यम से शिक्षा का भी प्रसार हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने दीदियों एवं संस्था के सदस्यों को सम्मानित भी किया।

# इलेक्शन कमीशन तारीख बतायेगा चुनाव तो ईडी करायेगा : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। सुप्रियो ने कहा कि उन्हें 2024 में बिना चुनाव लड़े और चुनाव जीते ही विदेशों से आमंत्रण मिल रहे हैं यह बयान बहुत ही हास्यापद है।



प्रधानमंत्री लोकतंत्र का मखौल उड़ा रहे हैं। मोदी के इस दावे के पीछे की सच्चाई कुछ और ही ह। इलेक्शन कमीशन तो केवल चुनाव की तिथि घोषित करेगी, मगर चुनाव तो असल में इंफोर्समेंट डिपार्टमेंट कराएगा, जिसकी पटकथा पिछले दो सालों से लिखी जा रही है। झारखंड सहित कई राज्य इसके उदाहरण हैं, जो भाजपा कांग्रेस मुक्त भारत बनाने का नारा देते रही दरसअल वह कांग्रेस युक्त भाजपा बन कर रही गयी। उन्होंने कहा कि देश में 740 सांसद-विधायक ऐसे हैं जो कांग्रेस अन्य क्षेत्रीय दलों से गए। उन्होंने कहा कि मोदी जी को भले ही बिना चुनाव लड़े विदशों से आमंत्रण मिल रहा हो, मगर हमारे हेमंत जी को पूरे देश के आदिवासी, युवा, पिछड़े, अल्पसंख्यक बुला रहे हैं। बहुत जल्द हेमंत पूरे देश में जाएंगे। भट्टाचार्य ने कहा कि विगत दस साल के शासन में मोदी जी ने कई चीजों की परिभाषा बदल डाली। 2014 में मोदी जी ने कहा कि हमारे आने के बाद देश में बहुत कुछ नया होगा। देश बदल जाएगा। 2019 में कहा था कि क्या खाना, क्या नहीं खाना है। क्या पहनना है, क्या नहीं पहनना है। क्या पढ़ना है, क्या नहीं पढ़ना है। विपक्ष मतलब भ्रष्टाचारी और जो भाजपा में है सदाचारी, जो शासन के हां में हां मिलाए वह राष्ट्रवादी, जो शासन का विरोध करे वह देशद्रोही, जो भाजपा के साथ चल जाए और उप मुख्यमंत्री, मंत्री और जो उनके साथ न जाए उसकी जगह जेल।

### झारखंड को लेकर सीट शेयरिंग पर बन गयी है सहमति

सुप्रियो भट्टाचार्य एक सवाल के जवाब में कहा कि झारखंड को लेकर लोकसभा चुनाव के सीट शेयरिंग पर सहमति बन चुकी है, जो फॉमूर्ला रखा गया था, उस पर सहमति बन गयी है। जल्द सीट और संभावित प्रत्याशियों का एलान कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बस बिहार और उड़ीसा में थोड़ा पेंच फंसा है, जिसे जल्द ही सुलझा लिया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### आईआईटी-आईएसएम की प्रोफेसर आरती कुमारी ने बढ़ाया संस्थान का मान



**धनबाद।** आईआईटी-आईएसएम के ईंधन, खनिज और धातुकर्म इंजीनियरिंग विभाग की सहायक प्रोफेसर आरती कुमारी ने संस्थान का गौरव बढ़ाया है। उन्हें संस्थान द्वारा धातुकर्म और सामग्री इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए 2023-24 के आईईआई यंग इंजीनियर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है। आरती ने अनुसंधान रूचि के माध्यम से धातुकर्म, अलौह धातु निष्कर्षण और विभिन्न धातुकर्म प्रक्रियाओं का अध्ययन किया है, जो प्राथमिक-माध्यमिक संसाधनों से धातु निष्कर्षण को सम्बोधित करता है। उन्होंने खर्च किए गए एनडीएफईबी चुंबक के हाइड्रोमेटालर्जिकल प्रसंस्करण में अपने अनुसंधान के लिए पीएचडी डिग्री प्राप्त की है। साथ ही पिछले साल केंद्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के एडब्ल्यूएसएआर पुरस्कार प्राप्त किया है और 2019 से 2022 तक सीएसआईआर-नेशनल मेटालर्जिकल लेबोरेटरी, जमशेदपुर में वरिष्ठ वैज्ञानिक के रूप में भी काम किया है।

### तीसरा मोर्चा ने राजभवन के समीप दिया धरना



**रांची।** झारखण्ड तीसरा मोर्चा ने अपनी मांगों के समर्थन में राजभवन के समीप एकदिवसीय महा धरना दिया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए वहां धरना का नेतृत्व मोर्चे के लालचंद महतो ने किया। ज्ञात होगी तीसरे मोर्चे में संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी, आम आवाम विकास मोर्चा, बहुजन सदन मोर्चा, ए आई एम आई एम (ओवैसी), राष्ट्रीय जय हिंद पार्टी, झारखंड नवनिर्माण दल, भारतीय आजाद सेना, बहुजन क्रांति मोर्चा, झारखंड यूथ एसोसिएशन के अलावा भी कई दल शामिल है।

### आजसू पार्टी में शामिल होना गर्व की बात : जितेंद्र सिंह

**रांची।** आजसू नेता जितेंद्र सिंह ने सोमवार को मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए आभार जताते हुए कहा कि राज्य की जनता की सेवा, उनके हित तथा अधिकार के लिए पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में कार्य करना है। आजसू ने झारखंड आंदोलन को लक्ष्य तक पहुंचाया। आंदोलन से उपजी पार्टी है आजसू। आंदोलनकारियों की पार्टी आजसू में शामिल होना मेरे लिए गर्व की बात है। सिंह ने कहा कि रविवार को अरगोड़ा मैदान में आयोजित मिलन समारोह में सुदेश जी की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुआ। यह मेरे जीवन के सबसे अनमोल पलों में से एक है। मिलन समारोह में मुझ पर भरोसा दिखाकर मेरे साथ पार्टी में शामिल हुए हजारों लोगों का शुक्रिया। इस कार्यक्रम के दौरान राज्य की कला, संस्कृति की अद्भुत पेशकश करने वाले सभी प्रतिभावान कलाकारों का भी बहुत बहुत धन्यवाद।

### शिवाजी के चरित्र को अपनाएं युवा : सुदेश महतो



**रांची।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर सोमवार को बूटी मोड़ स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही कहा कि शिवाजी महाराज स्वाभिमान, साहस, वीरता और शौर्य की प्रतिमूर्ति हैं। उनके कुशल नेतृत्व को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। महतो ने कहा कि भले ही अब वो समय न हो लेकिन जीवन हमें अपने अपने क्षेत्र में शिवाजी बनने का मौका अवश्य देती है। शिवाजी के चरित्र को युवाओं को अपने क्षेत्र में अपनाने की जरूरत है। उनका अपनी माटी और अपने लोगों के प्रति प्रेम तथा उनके प्रति समर्पण हमारे लिए प्रेरणा एवं ऊर्जा का स्रोत है। इस मौके पर पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, उमाकांत रजक, रोशनलाल चौधरी, बंटी यादव, सुनील यादव, अभिषेक शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### मदरसा शिक्षकों की मांग जायज, मुख्यमंत्री करेंगे निदान : शमशेर आलम




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मदरसा शिक्षक महासंघ झारखंड रांची द्वारा अधिकार सम्मेलन का आयोजन अंजुमन प्लाजा सभागार में आयोजित किया गया। झारखंड राज्य के अंतर्गत प्रास्वीकृत 46 मदरसा एवं 38 संस्कृत विद्यालय में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकतर कर्मी को वेतनमान में अनुदान दिया जाए। उक्त बातें महासंघ झारखंड के अध्यक्ष मौलाना मुस्तफा कासमी ने कहीं। उन्होंने कहा की संयुक्त बिहार के समय में संचालित मदरसा एवं संस्कृत विद्यालय की प्रास्वीकृत झारखंड सरकार से लंबे संघर्ष के बाद उनके कैबिनेट की बैठक में 2011 के फैसले के आलोक में बिहार राज्य संस्कृत विद्यालय प्रास्वीकृत नियमावली 1976 में मदरसा प्रास्वकृत नियम वाली 1980 के प्रावधानों के अनुसार झारखंड सरकार ने 46 मदरसा और सांस्कृत के 38 संस्कृ विद्यालयों को स्वीकृति दी थी। मदरसा एवं संस्कृत विद्यालय को प्रति वर्ष एक लाख 80 हजार से तीन लाख 60 हजार अनुदान मिलता है। शिक्षकतर कर्मियों को प्रतिमाह 2 हजार से 3 हजार का ही अनुदान मिलता है। हमारी मांग है कि मदरसा शिक्षक और शिक्षकत्तर कर्मियों को पूरा वेतन मान दिया जाए। अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। आगे कहा की बिहार के तर्ज पर नियमावली 1980 के अनुसार प्रास्वीकृत के बाद अनुदान वेतन मद में देना है।

### झारखंड हाई कोर्ट में साहिबगंज चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामले की हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग (बाल तस्करी) से जुड़े मामले के आरोपित कुलदेव साह की क्रिमिनल अपील पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इस केस के आईओ (अनुसंधानकर्ता) कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। अदालत ने उनसे 31 दिसंबर, 2023 के बाद से बच्चों को बरामद करने के मामले में हुई कार्रवाई के संबंध में पूछा। इसपर उन्होंने अदालत को बताया कि गुमशुदा दोनों बच्चों का अब तक पता नहीं चला है, उनकी बरामदगी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। आईओ ने कोर्ट को बताया कि साहिबगंज एसपी के निर्देश पर दिल्ली और यूपी के अलग-अलग इलाकों से 24 बच्चों को बरामद किया है। इन सभी बच्चों को साहिबगंज लाकर वापस उनके घर भेज दिया गया है। इसके बाद अदालत ने केस के आईओ को दोनों गुमशुदा बच्चों के मामले में ट्रायल जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया है, ताकि ट्रायल कोर्ट जल्द फैसला सुना सके। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। उल्लेखनीय है कि साहिबगंज के रहने वाले एम हेमब्रम ने कुलदेव साह और वीरेन साह के खिलाफ साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवाई है।

### आय से अधिक संपत्ति का मामला

# शिबू सोरेन ने दिल्ली हाईकोर्ट के डबल बेंच में की अपील



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन ने आय से अधिक संपत्ति में लोकपाल की जांच से जुड़े मामले में दिल्ली हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ डबल बेंच में अपील की है। इस पर 20 फरवरी को सुनवाई होगी। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने 22 जनवरी को सोरेन की वह याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन्होंने भारत के लोकपाल की ओर से उनके खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही को चुनौती दी थी। सोरेन ने आय से अधिक संपत्ति को लेकर उन पर लगाए गए आरोपों को दुर्भावनापूर्ण बताया था, लेकिन एकल पीठ ने उनकी दलीलों को खारिज कर दिया था। गौरतलब है कि झारखंड के गोड्डा क्षेत्र के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से शिबू सोरेन और उनके परिजनों के नाम पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत लोकपाल के समक्ष 5 अगस्त 2020 को दायर की गयी थी। इसमें कहा गया था कि सोरेन और उनके परिजनों ने झारखंड के सरकारी खजाने का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार से अर्जित राशि से अनेक संपत्तियां बनायी हैं। इनमें कई बेनामी आवासीय और कमर्शियल परिसंपत्तियां भी हैं। इस शिकायत पर सुनवाई करते हुए लोकपाल की फुल बेंच ने 15 सितंबर, 2020 को सीबीआई को लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 की धारा 20 (1) (ए) के तहत मामले में पीई (प्रीलिमिनरी इन्क्वायरी) दर्ज कर छह महीने में रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया था।




# राज्य की शैक्षणिक कुव्यवस्था के खिलाफ अभाविप ने दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा राजभवन के समक्ष राज्य में व्याप्त शैक्षणिक कुव्यवस्था के विरुद्ध एक दिवसीय छात्र हुंकार धरना का आयोजन किया गया। इस छात्र हुंकार धरना में 24 जिला से प्रदेश भर से हजारों की संख्या में छात्र छात्राएं सम्मिलित होकर अपने हक और अधिकार के लिए, राज्य में व्याप्त शैक्षणिक दूराव्यवस्था के विरुद्ध हुंकार भरा। ज्ञात हो झारखंड में लगभग एक वर्ष से 5 विश्वविद्यालयों में स्थाई कुलपति नहीं है, साथ ही विश्वविद्यालय के अधिकांश प्रशासनिक पद रिक्त है, इसके साथ ही राज्य के अधिकांश महाविद्यालयों में शिक्षकेत्तर कर्मचारियों व प्रयोगशाला, पुस्तकालय, पेयजल, शौचालय जैसे बुनियादी सुविधाओं से भी जूझ रहा है। अभाविप लगातार विश्वविद्यालय स्तर पर पिछले एक वर्ष से कुलपति नियुक्ति, परिसर में व्याप्त नकारात्मक शैक्षणिक माहौल व विश्वविद्यालय के बुनियादी ढांचों को ठीक करने हेतु छात्र लगातार सड़को पर संघर्षरत रहा है। अगर देखा जाए तो विगत 5 वर्षों से (2019 के बाद) झारखंड के किसी भी विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराया गया है। विश्वविद्यालय में निर्वाचित छात्र प्रतिनिधि नहीं होने के कारण छात्रों ने छोटी छोटी समस्याओं के निराकरण के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है।

# विकास योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा कराना लक्ष्य : रामेश्वर



### प्रोजेक्ट भवन स्थित कार्यालय में रामेश्वर उरांव नें संभाल कार्यभार

### मंत्री ने वित्त, खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की

### इस वित्तीय वर्ष की बजअ की राशि समय पर खर्च करें अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना विकास एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने सोमवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित कार्यालय में कामकाज संभाल लिया। इसके बाद उन्होंने वित्त, खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार की विकास योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा कराना उनका लक्ष्य है। इस वित्तीय वर्ष की बजट की राशि समय पर खर्च की जाये। इसके लिए जल्द ही सारे विभागों के साथ वे बैठक भी करेंगे। सभी को राशन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता सूची में शामिल है। वित्त मंत्री ने आगामी बजट सत्र की तैयारी की भी समीक्षा की। राज्य के नवनियुक्त मंत्री बसंत सोरेन को हेमंत सोरेन की सरकार में मंत्री रहे चम्पाई सोरेन को आवंटित कक्ष दिया जायेगा। बसंत सोरेन राज्य के भवन निर्माण मंत्री, पथ निर्माण मंत्री व जलसंसाधन विभाग के भी मंत्री हैं।

## एक नजर

### सीआईडी ने दो साइबर अपराधियों को ओडिशा से किया गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के साइबर क्राइम थाना ने दो साइबर अपराधियों को ओडिसा के बालासोर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में सुरेन्द्र दास और राज किशोर नंदा शामिल है। इनके पास से दो मोबाईल, चार सिम कार्ड, एक आधार कार्ड और दो एटीएम कार्ड बरामद किया गया है। डीएसपी नेहा बाला ने सोमवार को बताया कि साइबर क्राइम थाना 14 जनवरी 2023 को प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। मामले में पीड़ित को टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क किया गया, जिसमें एक लिंक पर लॉग इन कर मूवीज रेटिंग करने का पार्ट टाईम जॉब ऑफर किया गया। इसके पश्चात उन्हें विभिन्न टेलीग्राम प्रोफाईल में जोड़कर मूवीज रेटिंग करने का दबाव बनाया जाने लगा। टेलीग्राम प्रोफाईल के माध्यम से दिए गए टास्क को पूरा करने पर शुरू में उनके पेटीएम खाते में कुछ रुपये क्रेडिट हुए।

### झामुमो ने पांचवें दिन भी उपवास कर जताया विरोध

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो ) की ओर से रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष पांचवें दिन सोमवार को गुमला जिलाध्यक्ष सह गुमला विधायक भूषण तिर्की की अध्यक्षता में उपवास कार्यक्रम हुआ। मौके पर गुमला विधायक भूषण तिर्की ने कहा जिस प्रकार राज्य में हमारे हेमंत सोरेन विकास कार्य कर रहे थे। इससे पहले किसी नेता ने झारखंडी हितों को देखते हुए इस तरह के विकास कार्यों को रफ्तार नहीं दी थी। इसी कारण केंद्र की मोदी सरकार ने झूठे केस में उन्हें फंसा कर राज्य के विकास को बाधित किया है। हम मजबूती से उनके समर्थन में डटे रहेंगे। गांव-गांव पंचायत स्तर पर भी न्याय यात्रा के माध्यम से सभी कार्यकर्ता उनके समर्थन मे निकल रहें हैं। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि पूरे राज्य में हेमंत सोरेन पर हो रहे अन्याय के खिलाफ पंचायत स्तर पर न्याय यात्रा निकाले जा रहे हैं।

## चंपाई सरकार पर संकट के बादल

# रुठे विधायक मानेंगे या लगेगा राष्ट्रपति शासन?



**राजनीतिक संवाददाता। रांची**

महागठबंधन सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद झामुमो के वरिष्ठ नेता और सोरेन परिवार के सबसे भरोसेमंद चंपाई सोरेन की ताजपोशी हुई, वे राज्य के नए मुख्यमंत्री बने,लेकिन उनकी सरकार के भविष्य पर खतरा भी अभी से ही मंडराने लगा है, चंपाई सरकार शेष कार्यकाल पूरा कर पायेगी या नहीं, इसको लेकर सियासी चचाओं का बाजार गर्म है।

दरअसल, चंपाई सोरेन के सीएम पद के शपथ लेने के 15 दिन बाद जब मंत्रियों के शपथ लेने की बारी आई तो कांग्रेस में कलह शुरू हो गया, कांग्रेस के 12 विधायक मंत्री नहीं बनाये जाने से नाराज होकर अलग बैठक करने लगे, शपथ समारोह में शामिल नहीं होने का फैसला भी कर लिया, लेकिन पार्टी के आलाकमान की ओर से आश्वासन मिलने के बाद सभी नाराज विधायक शपथ ग्रहण समारोह में तो गए, लेकिन उनकी नाराजगी बनी रही, इसके बाद नाराज 8 विधायक दिल्ली पहुंच गए,जिनमें महगामा विधायक दीपिका पाण्डेय सिंह, बेरमो विधायक अनूप सिंह, जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी, बरही विधायक उमा शंकर अकेला, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद,जगरनाथपुर विधायक सोनाराम सिंकू, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, खिजरी विधायक राजेश कच्छप और नमन विक्सन कोंगाडी दिल्ली में डेरा जमाये हैं, वहीं शिल्पा नेहा तिर्की, और पूर्णिमा नीरज सिंह सहित दो अन्य विधायक निजी कारणों के कारण दिल्ली तो नहीं गए लेकिन नाराज विधायकों के साथ हैं। दिल्ली के एक रिसोर्ट में डेरा जमाये नाराज विधायकों से झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी समेत कई बड़े नेताओं ने बात की हैं, लेकिन सभी विधायक अपनी मांग पर अड़े है, और मांग पूरी नहीं होने तक दिल्ली में ही डेरा जमाये रहने की चेतावनी भी दी हैं। नाराज कांग्रेस विधायक की नाराजगी अपने ही पार्टी के उन चारों मंत्रियों को लेकर है, जिन्हें दुबारा मंत्री बनाया गया है, इनका कहना है कि चारों मंत्रियों की जगह नए चेहरे को शामिल किया जाये, अब अलाकमान असमंजस में है कि चारों मंत्रियों को हटा कर नए चेहरे को शामिल करना आसान नहीं है, इससे और भी अनावश्यक विवाद बढेगा, इसलिए अलाकमान बीच का रास्ता निकालने में जुटा है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक चार की जगह दो नए चेहरे को किसी तरह मंत्रिमंडल में जगह देने पर विचार कर रही है, जिसमें एक मंत्रिमंडल में खाली 12 वें पद को भरा जाय और दूसरा कांग्रेस विधायक दल के नेता के पद पर बैठे मंत्री आलमगीर आलम को एक पद देकर रुठे विधायकों को किसी तरह मनाया जाय।

## पृष्ठ एक के शेष

**सभी वर्ग-समुदाय के धार्मिक...**

नेतृत्व में ही हमारी सरकार शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी वर्ग समुदाय के धार्मिक स्थलों का सुंदरीकरण कार्य करते हुए संरक्षित करने का काम कर रही है। आज राजकीय इटखोरी महोत्सव के अवसर पर विभिन्न वर्ग-समुदायों के धर्मगुरु भी यहां उपस्थित हैं। आज बहुत उमंग और खुशी का दिन है। हम सभी लोग आज माता रानी की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना करते हैं। किसी भी वर्ग-समुदाय के लोगों को उनके धार्मिक आस्था पर कोई ठेस न पहुंचे इस हेतु हमारी सरकार कृतसंकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इटखोरी देश और दुनिया में एक बड़ा धार्मिक स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। आने वाले समय में इटखोरी एक जाना पहचाना धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित हो यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। साथ ही कहा कि वर्ष 2027 तक हमारी सरकार राज्य के 20 लाख आवासविहीन परिवार को पक्का मकान देगी। जो लोग आज मिट्टी के कच्चे घरों पर या झुग्गी-झोपड़ियों पर रहने को विवश हैं उन्हें प्राथमिकता के तौर पर हम पक्का मकान देने का कार्य प्रारंभ कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आधुनिक युग में देश और दुनिया जब इतनी रफ्तार से विकास कर रहा है तब हम झारखंड को किसी भी हाल में पीछे नहीं रहने देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच को आगे बढ़ते हुए राज्य को हर क्षेत्र में प्रगति की ओर ले जाना है। साथ ही कहा कि झारखंड के आदिवासी, दलित, मजदूर, किसान, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चे-बच्चियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ हमारी सरकार दे रही है। अब हमारे बच्चों की पढ़ाई पैसों के कारण नहीं रुकेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने इन सभी वर्गों के बच्चों-बच्चों के लिए शिक्षा का जो दीया जलाने का कार्य कर दिखाया है, उसे कभी बुझने नहीं दिया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री सत्यनानंद भोक्ता, मंत्री बादल, विधायक किशुन कुमार दास, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, बौद्ध धर्म गुरु स्वामी रविंद्र कीर्ति, धर्म गुरु नांगजेय दोरजे, भद्रकीली मंदिर के प्रधान पुजारी नागेश्वर तिवारी, दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन आदि उपस्थित थे।

**राज्य का कोई भी व्यक्ति...**

में कोई भी व्यक्ति टूटे-फूटे और जर्जर घर में रहने को मजबूर नहीं होगा। सभी का अपना पक्का मकान होगा।

**पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों को आगे बढ़ा रहे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में हमारी सरकार को पांच वर्षों के लिए जनादेश मिला था। हेमन्त सोरेन ने मुख्यमंत्री का दायित्व संभाला। पिछले 4 वर्षों से वे अपने कुशल नेतृत्व में राज्य के विकास को नई दिशा देने का काम कर रहे थे। उन्होंने जनता के हित में जो नीतियां और योजनाएं बनाई, उसे ही हम आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि हेमन्त सोरेन की सोच और विजन के अनुरूप झारखंड को एक नई दिशा दे सकें।

**हम जो कहते हैं उसे पूरा करते हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सिर्फ आश्वासन नहीं देती है। हम जो कहते हैं उसे निश्चित तौर पर पूरा करते हैं। पिछले 4 वर्षों में सरकार की ओर से जो भी योजनाएं बनी हैं वह जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। आदिवासी-मूलवासी, दलित, पिछड़ा, गरीब, जरूरतमंद, किसान, मजदूर, विद्यार्थी, महिला, हर किसी के लिए योजनाएं हैं। आप इन योजनाओं से जुड़े और अपने को सशक्त बनाएं। किसानों को सशक्त बनने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचाने का काम तीव्र गति से चल रहा है। हमारा प्रयास है कि हर खेत में सिंचाई की सुविधा हो ताकि किसान सालों भर खेती कर सकें। उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में भी सरकार प्रयासरत है। राज्य के सभी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली- पानी -सड़क जैसी आधारभूत संरचनाएं मजबूत की जा रही हैं। युवाओं को रोजगार मिले, इसके लिए बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही हैं। निजी क्षेत्र की संस्थानों में 75 प्रतिशत नौकरी स्थानीय को देने का भी कानून सरकार ने बनाया है।

**अवैध कोयला पकड़ने गई थी...**

इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। वेस्ट बोकारो क्षेत्र में नक्सलियों का मनोबल कितना बढ़ा है कि वे लोग ईंट भट्ठा मालिकों से भी लेवी वसूल रहे हैं। इस मामले में थाने में सूचना भी दर्ज है।

**पथराव करने वाले तस्करों पर हुई प्राथमिकी, एसपी थानेदार को करेंगे शो कॉज :** इस पूरे प्रकरण पर हजारीबाग डीआईजी सुनील भास्कर ने कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की पूरी टीम को कोयला तस्करों के द्वारा घेर लिया गया था। उन लोगों की जान बाल बाल बच्ची है। इस मामले में वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी की भूमिका भी संदिग्ध है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम पर पथराव करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। रामगढ़ एसपी ने यह कहा है कि थानेदार बलवंत दुबे को शो कॉज नोटिस किया जाएगा। इस पूरे मामले की जांच शुरू हो गई है। अगर इस जांच में पुलिस विभाग के किसी पदाधिकारी की भूमिका भी सामने आती है,तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

**तिलैया सैनिक स्कूल में फर्जी...**

छात्रों के अभिभावकों, ग्राम पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, वार्ड पार्षद की मिलीभगत से फर्जी तरीके से डोमिसाइल और बर्थ सर्टिफिकेट बनाए गए हैं। राज्य से बाहर के छात्रों का भी झारखंड का डोमिसाइल सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया। कई छात्रों का नामांकन गलत प्रमाण पत्र के आधार पर झारखंड कोटे से कर लिया गया। कई छात्रों ने पूर्व के स्कूलों के नाम पर फर्जी स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट जमा कराए। सीबीआई ने ऐसे सारे मामलों के दोषी लोगों पर अविलंब कार्रवाई की अनुशंसा भी अपनी रिपोर्ट में की है। फर्जी सर्टिफिकेट बनवाकर सैनिक स्कूल में नामांकन कराने वालों की लिस्ट भी सीबीआई ने सौंपी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ऐसे छात्रों के कारण योग्य बच्चे नामांकन से वंचित हो जा रहे हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### अब केजरीवाल को जारी किया जा सकता है सातवां समन

**नई दिल्ली।** नई आबकारी नीति मामेल में प्रवर्तन निदेशालय दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अब सांतवा समन जारी कर सकती है। यह फैसला ऐसे वक्त में लिया जा रहा है, जब सोमवार को भी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने ईडी के समन को नजरअंदाज कर दिया। वहीं, आप सूत्रों ने कहा कि ईडी के समक्ष पेश होने का क्षेत्राधिकार कोर्ट के पास आता है। बता दें कि ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ स्थानीय अदालत में आईपीसी की धारा 174 के तहत समन को तीन बार नजरअंदाज किए जाने के बाद शिकायत दर्ज कराई। वहीं, ईडी सूत्रों के मुताबिक, "कोर्ट ने इस शिकायत को स्वीकार कर लिया है, जो केजरीवाल के कथित अपराध को प्रथमदृष्टया स्वीकार करने का संकेत देता है, इससे उन पर मुकदमा चलाया जा सके। अदालत का ध्यान समन की वैधता पर नहीं है, लेकिन केजरीवाल तीन बार समन को नजरअंदाज कर चुके हैं।"

### हमास नेता याह्या सिनवार की हर कीमत पर होगी गिरफ्तारी

**तेल अवीव।** इजराइली सैनिकों को हमास नेता याह्या सिनवार की तलाश है। वह पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल में हमास द्वारा मचाए गए आतंक का मास्टरमाइंड है, जिसकी तलाश में अब इजराइल सैनिक कमर कस चुके हैं। गौरतलब है कि इस नरसंहार की जद में आकर 1200 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 250 लोगों को बंधक बनाया गया था। इजराइली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि उन्हें सिनवा से इनपुट मिला है कि वह अपने परिवार के साथ हमास के सुरंग नेटवर्क में भाग रहा है और इजराइल के बंधकों से घिरा हुआ है। इजराइली सेना के हमले को रोकने के लिए सिनवार ने बंधकों को अपने चारों ओर घेर रखा है।

### मोरक्को की नौसेना ने अटलांटिक तट से 141 प्रवासियों को बचाया

**रबात।** मोरक्को की नौसेना ने अटलांटिक तट के पास एक नाव से 141 प्रवासियों को बचाया। मीडिया ने रॉयल मोरक्कन सशस्त्र बलों के एक बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। तीन महिलाओं और दो नाबालिगों सहित सभी प्रवासी उप-सहारा अफ्रीकी देशों से थे। रविवार को जारी बयान के अनुसार, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण 15 घंटे तक चले ऑपरेशन में उन्हें बचाया गया।

### डीडी न्यूज के नए न्यूज प्रोडक्शन रूम का किया उद्घाटन

**गुवाहाटी।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सोमवार को गुवाहाटी में दूरदर्शन केंद्र के न्यूज प्रोडक्शन रूम का उद्घाटन किया। नए न्यूजरूम में अत्याधुनिक मल्टीमीडिया प्रोडक्शन की सुविधाएं हैं, जो क्षेत्र में डीडी न्यूज असम के न्यूज प्रोडक्शन की गुणवत्ता को बढ़ाएगी और भविष्य में समाचार बुलेटिन चलाने का समय बढ़ाने में भी मददगार होंगी। इस मौके पर मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि न्यूज प्रोडक्शन कक्ष में बढ़ी हुई सुविधाएं चैनल को क्षेत्र के लोगों को वास्तविक समय में गुणवत्तापूर्ण समाचार पहुंचाने में सक्षम बनाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार एक्ट ईस्ट नीति के प्रति सदैव उत्सुक है।

---

प्रधानमंत्री ने संभल में किया कल्कि धाम का शिलान्यास, बोले

# ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जिम्मा सौंपा है

### हमें इनोवेशन और आईटी सेक्टर में संभावना के तौर पर देखा जा रहा

**एजेंसी। संभल**

श्री कल्कि धाम के शिलान्यास के लिए संभल पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अब पराभव से विजय की ओर प्रस्थान करने वाला राष्ट्र बन गया है। हम पर सैकड़ों वर्षों से आक्रमण हुए। कोई और देश होता तो नष्ट हो गया होता। हम फिर भी डटे हैं। सदियों के बलिदान अब फलीभूत हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे प्रमोद कृष्णम यहां मंदिर बना रहे हैं, वैसे ही ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जिम्मा सौंपा है। उसको भव्यता दे रहा हूं। भारत पहली बार उस मुकाम पर है कि अब वह अनुसरण नहीं दुनिया भर में उदाहरण पेश कर रहा है। हम इनोवेशन और आईटी सेक्टर में संभावना के तौर पर देखे जा रहे हैं। हम दुनिया में पांचवी अर्थव्यवस्था हैं। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले देश हैं। वंदे भारत, नमो भारत ट्रेनों का संचालन किया गया है। जल्द ही बुलेट ट्रेन चलने जा रही है। अब देश का हर व्यक्ति गौरव गौरवान्वित महसूस करता है। अब हमारी शक्ति अनंत और संभावनाएं अपार हैं।

### कालचक्र बदल गया है, नए युग की शुरूआत हो चुकी है



मोदी ने कहा कि श्री कल्कि धाम मंदिर परिसर 5 एकड़ में बनकर तैयार होगा। इसका निर्माण कार्य पूरा होने में 5 साल लगेंगे। इस मंदिर का निर्माण भी बंसी पहाड़पुर के गुलाबी पत्थरों से होगा। सोमनाथ मंदिर और अयोध्या का राम मंदिर भी बंसी पहाड़पुर के पत्थरों से ही बना है। मंदिर के शिखर की ऊंचाई 108 फीट होगी। इसमें स्टील या लोहे का इस्तेमाल नहीं होगा। श्री कल्कि धाम मंदिर में 10 गर्भगृह होंगे, जिनमें भगवान विष्णु के 10 अवतारों के विग्रह स्थापित किए जाएंगे। पीएम ने कहा कि कालचक्र बदल चुका है अब नए युग की शुरूआत हो चुकी है।

### मोदी बोले, मां के लिए प्रमोद कृष्णम ने खपा दिया अपना पूरा जीवन

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों प्रमोद कृष्णम जब निमंत्रण देने आए थे। उसके आधार पर कह रहा हूं, आज जितना आनंद उन्हें हो रहा है, उससे ज्यादा सुख उनकी मां की आत्मा को मिल रहा होगा। मां के वचन के लिए बेटा कैसे जीवन खपा सकते हैं। ये प्रमोद जी ने बता दिया है। मेरे पास देने के लिए कुछ नहीं है, मैं सिर्फ भावना व्यक्त कर सकता हूं।

### अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर के साक्षी बने अब कल्कि धाम में

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रामलला के विराजमान होने का अलौलिक अनुभव है। अभी भी क्षण भावुक कर जाता है। इसी बीच देश से सैकड़ों किमी दूर अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर के वे साक्षी बने हैं। कल्पना से परे काम भी हकीकत बन रहे हैं। काशी का कायाकल्प और इसी दौर में महाकाल के महालोक की महिमा हम सबने देखी है। आज एक ओर तीर्थों का विकास हो रहा है, तो शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो रहा है। मंदिर बन रहे हैं, तो कॉलेज भी बन रहे हैं विदेशी निवेश भी आ रहा है। ये परिवर्तन प्रमाण है, समय का चक्र घूम चुका है।

### कल्कि धाम देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक

प्रधानमंत्री ने कहा कि कल्कि धाम में आज कई संत, धर्मगुरु और अन्य जाने-माने लोग शामिल हुए हैं। वहीं, उज्जैन के बाबा महाकाल मंदिर से जुड़े महात्मा वैदिक मंत्र के बीच पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया है। उन्होंने कहा कि यहां 10 गर्भगृह होंगे, भगवान के दसों रूपों को रखा जाएगा। यहां ईश्वरीय अवतार को अलग-अलग तरह से प्रस्तुत किया जाएगा। ये ईश्वर की कृपा है कि भगवान ने मुझे इस काम का माध्यम बनाया है। उत्तर प्रदेश के संभल में कल्कि धाम देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। इसका निर्माण कल्कि धाम निर्माण ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जगतगुरु अवधेशानंद गिरि, कैलाशानंद गिरी समेत देशभर से आए कई संत महात्मा उपस्थित थे।

---

# पीएम मोदी नहीं, उनके पास बैठे 90 लोग चलाते हैं देश : राहुल

**एजेंसी। प्रतापगढ़**

कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को प्रतापगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बजट के बारे में कुछ नहीं जानते हैं, वह सिर्फ भाषण देते हैं। उनके पास बैठे 90 लोग हिन्दुस्तान की सरकार को चलाते हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ नगर में पहुंचे हैं। लालगंज के सांगीपुर में कांग्रेस सांसद गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह जब पैदा हुए तो वह जनरल कैटेगरी में थे। वर्ष 2000 में उनकी कास्ट को ओबीसी में डाल दिया गया था। यह जो बात आपको बता रहा हूं, वह आपको हिन्दुस्तान के टेलीवीजन पर नहीं दिखेगा। उन्होंने कहा कि सामान्य जाति के कितने गरीब, आदिवासी, दलित और ओबीसी के पास कितना धन है, यह नहीं पता। यह तब पता चलेगा जब इकोनॉमी आर्थिक सर्वे होगा। सच्चाई तब सामने आएगी कि पिछड़ों के पास कितना धन है, अमीर जनरल कास्ट और अरबपतियों के पास कितना धन है, जिस दिन ऊपर लिख दिया जाएगा, उस दिन सारे के सारे बब्बर शेर जाग जाएंगे।

इस दौरान राहुल गांधी ने कई युवाओं और मीडियाकर्मियों से उनके नाम पूछे। राहुल ने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में अदाणी का चेहरा दिखा, ऐश्वर्या और अमिताभ को देखा। किसी किसान, मजदूर को देखा। देश की राष्ट्रपति आदिवासी हैं, उनका आपने राम मंदिर में चेहरा देखा, क्यूं नहीं देखा। मीडिया वाले कुछ भी कर लें, इस तूफान को अब नहीं रोका जा सकता। युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज नहीं तो कल, 73 फीसदी जग जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि देश में 50 फीसदी ओबीसी और 15 फीसदी दलित रहते हैं। वहीं आदिवासियो की संख्या 8 फीसद है। मोदी सरकार इन सभी लोगों को शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि मेरा काम 73 फीसदी को सोने की चिड़िया में से धन दिलवाने का है, आपको आपका अधिकार दिलाकर रहूंगा।

इससे पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का प्रतापगढ़ की सीमा में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उनकी यात्रा जिला मुख्यालय से होकर लीलापुर, सगरा, लालगंज से होकर घुईसरनाथ और सांगीपुर होकर निकली।



### पीएम मोदी बजट के बारे में कुछ नहीं जानते

कांगेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बजट के बारे में कुछ नहीं जानते। 90 लोग हिन्दुस्तान की सरकार को चलाते हैं। नरेन्द्र मोदी के पास बैठे यही लोग डिसाइड करते हैं कि बजट का पैसा कहां जाना है। आपके प्रधानमंत्री को इसके बारे में समझ नहीं है, वह सिर्फ भाषण करना जानते हैं। अदाणी और अंबानी ने उन्हें वहां बैठाया है। जनरल कास्ट के गरीब व्यक्ति को भी उसका अधिकार नहीं दिया।

---

## ईरान के सर्वोच्च नेता ने देशवासियों से चुनावों में मतदान का किया आग्रह



**एजेंसी। तेहरान**

ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने 1 मार्च को होने वाले संसद और निकाय के चुनाव में भारी मतदान का आह्वान किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, खामेनेई ने तेहरान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत पूर्वी अजरबैजान के लोगों के साथ एक बैठक में यह अपील की। उनकी वेबसाइट ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव इस्लामिक गणराज्य का मुख्य स्तंभ और देश के सुधार का मार्ग हैं। उन्होंने कहा, हर किसी को चुनाव में भाग लेना चाहिए। जो लोग समस्याओं का समाधान चाहते हैं, उन्हें चुनाव को सही तरीके के रूप में इस्तेमाल करना चाहिए। ईरान में 1 मार्च को 12वीं संसदीय और विशेषज्ञों की छठी सभा के चुनाव होंगे। 290 सीटों वाली संसद के पास कानून पारित करने और सरकार की देखरेख करने की शक्ति है, जबकि 88 सदस्यीय विशेषज्ञों की सभा को सर्वोच्च नेता नियुक्त करने का अधिकार है। ईरान की संवैधानिक परिषद के प्रवक्ता हादी ताहान नाज़िफ ने बताया है कि संसद के लिए 14,912 उम्मीदवार चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इसी प्रकार 144 उम्मीदवार विशेषज्ञों की सभा के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जो आठ साल के कार्यकाल के लिए चुनी जाती है।

### लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने थल सेना उप प्रमुख का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को थल सेनाध्यक्ष उप प्रमुख का पदभार संभाल लिया है। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और साउथ ब्लॉक लॉन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। थल सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल बेहद चुनौतीपूर्ण परिचालन माहौल में 2022-2024 तक उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के पद पर कार्यरत थे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार सैनिक स्कूल, रीवा (मध्य प्रदेश) के पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को 1984 में 18 जम्मू और कश्मीर राइफल्स में नियुक्त किया गया था। उन्होंने बाद में इस इकाई की कमान संभाली। जनरल ऑफिसर को उत्तरी और पश्चिमी दोनों थिएटरों को संभालने का अनुभव है।

## माओवादी के साथ गठबंधन रखने या तोड़ने को लेकर कांग्रेस में विवाद

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल के सत्तारूढ़ गठबन्धन में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस की आज से महासमिति की बैठक हो रही है। इस बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव को लेकर पार्टी अध्यक्ष और महामंत्री के बीच गठबन्धन को ही निरन्तरता देने या गठबन्धन तोड़ने को लेकर विवाद हो गया है। सत्ता गठबन्धन में सबसे बड़े साझेदार रहे नेपाली कांग्रेस पार्टी की आज से महासमिति की बैठक होने जा रही है। यह पार्टी की सबसे बड़ी और अहम बैठक होती है। इसी बैठक से पार्टी आगामी कार्यदिशा तय करने वाली है। लेकिन बैठक शुरू होने से पहले ही पार्टी अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा और महामंत्री गगन थापा के बीच गठबन्धन को लेकर विवाद शुरू हो गया है। माओवादी नेतृत्व में रहे गठबन्धन सरकार का औचित्य समाप्त होने की बात कहते हुए पार्टी का एक बड़ा समूह गठबन्धन तोड़ने के पक्ष में है जबकि दूसरा समूह इसी गठबन्धन को निरन्तरता देने के पक्ष में है।




महासमिति की बैठक से पहले केन्द्रीय समिति की बैठक मैं राजनीतिक प्रस्ताव पेश करते हुए महामंत्री गगन थापा ने कहा कि माओवादी के साथ गठबन्धन के कारण पार्टी की विचारधारा दिन प्रतिदिन कमजोर होते जाने और पार्टी की छवि खराब होने के साथ साथ आम कार्यकर्ता में निराशा है। उनका तर्क है कि वामपंथी दल के साथ गठबन्धन के कारण पार्टी की जनता पर ना सिर्फ पकड़ ढीली होती जा रही है बल्कि दिन प्रतिदिन हमारी लोकप्रियता में भी ह्रास हो रहा है। गगन थापा ने कहा कि 275 सीटों वाली प्रतिनिधि सभा में लगभग सौ सीट वाली हमारी पार्टी को सिर्फ 38 सीट वाले माओवादी के पीछे पीछे चलने को मजबूर किया गया है, यह सबसे दुखद पक्ष है।

### पंजाब में विरोध प्रदर्शन के दौरान एक और किसान की मौत

**चंडीगढ़।** पटियाला में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के घर के सामने प्रदर्शन कर रहे किसानों में से एक की सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। किसान की पहचान नरिंदरपाल सिंह (43) के रूप में हुई, जो पटियाला जिले का रहने वाला था। अपनी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर चल रहे किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान यह तीसरी ऐसी मौत है। पहली मौत शंभू सीमा पर, जबकि दूसरी खनौरी सीमा पर हुई, ये दोनों स्?थान पंजाब-हरियाणा सीमा पर स्थित हैं। 17 फरवरी को नरिंदरपाल सिंह अपने साथियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचा था। रविवार की रात उसकी तबीयत खराब हुई तो उसने साथी किसानों से उसे वापस गांव ले जाने को कहा था।

---

# वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम सिंगापुर एयर शो के लिए पूरी तरह तैयार

### एयर शो 20 फरवरी से शुरू होगा, दुनियाभर की प्रदर्शन टीमें होंगी शामिल

### डिस्प्ले टीम ने सिंगापुर के चांगी एयरबेस पर पहला अभ्यास प्रदर्शन किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने 12 फरवरी को सिंगापुर पहुंचने के बाद रविवार को पहला अभ्यास प्रदर्शन किया। यह टीम सिंगापुर गणराज्य वायु सेना (आरएसएएफ) के चांगी एयरबेस से काम कर रही है। सिंगापुर एयर शो 20 फरवरी से शुरू होगा, जिसमें दुनियाभर की प्रदर्शन टीमें शामिल होंगी। एयर शो में प्रमुख हेलीकॉप्टर उत्पादक कंपनियां एवं ऑपरेटर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे।



विंग कमांडर आशीष मोघे ने सोमवार को बताया कि सारंग टीम इस वर्ष सिंगापुर एयर शो में दर्शकों के लिए चार हेलीकॉप्टरों का प्रदर्शन कर रही है। इस डिस्प्ले को एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव की दक्षता और बहु उपयोगिता के साथ-साथ इन्हें उड़ाने वाले भारतीय वायुसेना पायलटों के उच्च स्तर के कौशल को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन किया गया है। स्वदेश निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर और इसके उन्नत संस्करण भारत की सभी सैन्य सेवाओं में संचालित किए जाते हैं। इस प्लेटफॉर्म का सफल इंडक्शन और परिचालन उपयोग रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की शानदार सफलता की गाथाओं में से एक है।

हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (ध्रुव) का निर्माण किया है, जिसे सारंग टीम संचालित करती है। हालांकि, सारंग टीम का पहला अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन 2004 में चांगी प्रदर्शनी केंद्र एशियाई एयरोस्पेस एयर शो के लिए सिंगापुर में हुआ था लेकिन यह हेलीकॉप्टर पहली बार सिंगापुर एयरशो में शामिल हो रहा है। भारतीय वायु सेना की विश्व प्रसिद्ध सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम 20 फरवरी से सिंगापुर में होने वाले एयर शो में एयरोबेटिक्स युद्धाभ्यास का प्रदर्शन करेगी। इसके लिए भारत के 71 वायु योद्धाओं की एक टीम सिंगापुर के पया लेबर एयरबेस पर पहुंच चुकी है।

भारतीय वायुसेना के हेवी लिफ्ट परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम को सिंगापुर ले जाया गया है। वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम का गठन 2003 में किया गया था। शुरूआत में तीन हेलीकॉप्टर फॉर्मेशन के रूप में गठित और विकसित हुई सारंग टीम अब एक रोमांचक पांच हेलीकॉप्टर प्रदर्शन का दावा करती है। अब तक यह टीम दुनिया भर में 385 से अधिक स्थानों पर 1200 से अधिक प्रदर्शन कर चुकी है। यह टीम चार संशोधित ध्रुव हेलीकॉप्टर उड़ाती है, जिन्हें उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) मार्क-1 के नाम से भी जाना जाता है। इसके अन्य वेरिएंट मार्क-2 और मार्क-3 हैं। इसका नवीनतम वेरिएंट एएलएच मार्क- सशस्त्र संस्करण है।

---

फिल्म जगत

### अक्षय-टाइगर ने अगली एक्शन फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का टाइटल ट्रैक रिलीज




बॉलीवुड के एक्शन सुपरस्टार्स अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अपनी आगामी एक्शन से भरपूर फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के रोमांचक टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है। दोनों अभिनेता मुख्य भूमिका में हैं। अपने हाई-ऑक्टेन प्रदर्शन के लिए प्रसिद्ध यह जोड़ी गाने को एक एनरजेटिक ऊर्जा से भर देती है। दुनियाभर के फैंस इसे पसंद कर रहे हैं। ग्रूवी बीट्स और रिदम के बीच यह ट्रैक फिल्म की रोमांचक कहानी है, जो डांस फ्लोर पर कुमार और श्रॉफ की केमिस्ट्री को प्रदर्शित करता है। दोनों ने पूरे उत्साह के साथ चार्टबस्टर को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया। पोस्ट का कैप्शन दिया है, तेरे पीछे तेरा यार खड़ा, बड़े मियां छोटे मियां टाइटल ट्रैक आउट। यह गाना विशाल मिश्रा ने कंपोज और मिश्रा और अनिरुद्ध रविचंदर ने आवाज दी है। गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं। वहीं, बॉस्को-सीजर ने इसे कोरियोग्राफ किया है, जो इसे नेक्स्ट डांस एंथम के रूप में पेश किया गया है। बॉलीवुड के यंगेस्ट एक्शन सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ के बेहतरीन मूव्स के साथ अक्षय कुमार की जोड़ी ब्लॉकबस्टर सिनेमेटिक स्पेक्टेकल देने के लिए तैयार है।